खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

शारदेय नवरात्र



पंचम दिवस मां स्कंदमाता

# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 19 अक्टूबर 2023 | वर्ष – 67 | अंक – 340 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ जैतून की टहनी का ...
■ राहुल गांधी का आडानी... 04
■ इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के बीच ईरान...
■ 90 दिन तक बिना वीजा कर रह सकेंगे... 09
■ सरकार ने दबी फसलों का समर्थन मूल्य...
■ कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से सेंसेक्स... 11
■ रोहित दे दनादन कर भारत...
■ उलटफर का शिकार हुई... 10

ICC CRICKET WORLD CUP INDIA 2023

**आज के मैच**
भारत विरूद्ध बांग्लादेश
समय - 2.00 दोपहर

## सार संक्षेप

### पुरकायस्थ की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार न्यूज पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और इसके मानव संसाधन (एचआर) प्रमुख अमित चक्रवर्ती की अयाचिका पर वह गुरुवार को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति बी आर गवाई और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने यह कहते हुए सुनवाई 19 अक्टूबर के लिए स्थगित कर दी कि वह संबंधित फाइल का अवलोकन करना चाहती है। इससे पहले याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और देवदत्त कामत ने पीठ के समक्ष कहा कि मामले में नोटिस जारी किया जाना चाहिए।

### आईआईटी खड़गपुर में छात्र का शव लटका मिला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम मिदनापुर जिले के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-खड़गपुर के छात्र का शव बुधवार को हॉस्टल में रहस्यमय परिस्थितियों में बरामद किया गया है। मृतक की पहचान तेलंगाना निवासी के. किरण चंद्रा (21) के रूप में हुई है। वह इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग का छात्र था। तेलंगाना में चंद्रा के माता-पिता को घटना की जानकारी दे दी गई है। मौत का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है।

# सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में सुझाए 13 अधिवक्ताओं के नाम

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने विभिन्न हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के रूप में 13 अधिवक्ताओं के नामों की सिफारिश की है। बता दें, कॉलेजियम में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना भी शामिल हैं।

**एमपी हाईकोर्ट के लिए अमित सेठ सहित इनका नाम**–कॉलेजियम ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए अधिवक्ता विनय सराफ, विवेक जैन, आशीष श्रोती और अमित सेठ के नामों की भी सिफारिश की है।

**गुवाहाटी हाईकोर्ट के लिए ये नाम**–कॉलेजियम ने अधिवक्ता एन उन्नी कृष्णन नायर और कौशिक गोस्वामी को गुवाहाटी हाईकोर्ट का न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की है। याचिका में कहा गया है, इस साल 29 मई को गुवाहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने अपने दो वरिष्ठ सहयोगियों की सलाह से उपरोक्त अधिवक्ताओं को हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की थी। हमने असम, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम और नागालैंड राज्यों के संवैधानिक अधिकारियों से प्राप्त विचारों पर विधिवत ध्यान दिया है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किए गए प्रस्ताव में कहा गया है, हमने हाईकोर्ट में पदोन्नति के लिए उपरोक्त व्यक्तियों की फिटनेस और उपयुक्तता का पता लगाने के लिए गुवाहाटी हाईकोर्ट के मामलों से परिचित अपने सहयोगियों से परामर्श किया है।



**उत्तराखंड के लिए इनके नाम**–एक अन्य फैसले में कॉलेजियम ने उत्तराखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए अधिवक्ता सिद्धार्थ साह और आलोक माहरा के नामों की सिफारिश की है।

**इन हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के लिए ये नाम**–समिति ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए अधिवक्ता हरमीत सिंह ग्रेवाल, दीपिंदर सिंह नलवा, सुमित गोयल, सुदीप्ति शर्मा और कीर्ति सिंह के नामों की भी सिफारिश की है।

## सौम्या विश्वनाथन हत्याकांड

# दिल्ली की अदालत ने पांच को दोषी ठहराया

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को 2008 में टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में चार आरोपियों को मकोका प्रावधानों के तहत और एक को चोरी की संपत्ति प्राप्त करने में मदद करने के लिए दोषी ठहराया है।



साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार पांडे ने 13 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रखने के बाद फैसला सुनाया है। चार आरोपियों रवि कपूर, अमित शुक्ला, अजय कुमार और बलजीत मलिक को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) प्रावधानों के तहत और अजय सेठी को चोरी की संपत्ति प्राप्त करने के लिए दोषी ठहराया गया है। अब सजा के लिए 26 अक्टूबर की तारीख तय की गई है। 13 अक्टूबर को न्यायाधीश ने अतिरिक्त दलीलों या स्पष्टीकरण के लिए समय दिया था क्योंकि बचाव और अभियोजन दोनों ने इस महीने की शुरुआत में अपनी दलीलें पूरी कर ली थीं।

अदालत ने फैसला सुनाए जाने के समय सभी आरोपियों को अदालत में उपस्थित रहने का भी निर्देश दिया था। गौरतलब है कि 30 सितंबर 2008 को सौम्या विश्वनाथन देर रात अपनी कार से घर लौट रही थीं, उसी दौरान उनकी नेल्सन मंडेला मार्ग पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोपियों को हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था और वे मार्च 2009 से हिरासत में हैं।

# अडानी ने किया 32000 करोड़ रुपए का घोटाला : राहुल गांधी

## घोटाले का पैसा देश की जनता की जेब से बिजली की कीमतें बढ़ाकर वसूला गया

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उद्योगपति गौतम अडानी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि उन्होंने (श्री अडानी) कोयला घोटाला किया है, जिसके कारण बिजली की कीमतें बढ़ी हैं और बिजली दरें बढ़ाकर जनता के 32000 करोड़ रुपए डकारे गए हैं।



श्री गांधी ने बुधवार पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहले हम 20,000 करोड़ के घोटाले की बात कर रहे थे, लेकिन अब एक विदेशी अखबार ने रिपोर्ट छपी है कि 12,000 करोड़ रुपए का और घोटाला हुआ है और इस तरह से अडानी समूह ने पूरा 32,000 करोडट रुपए का घोटाला किया है।

**हिंदुस्तान की जनता की जेब से पैसे निकाले** –उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि घोटाले के दस्तावेज मौजूद हैं, लेकिन मोदी सरकार अपने प्रिय उद्योगपति के खिलाफ किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उनका कहना था कि अडानी के खिलाफ कार्रवाई इसलिए नहीं हो रही है, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उन्हें संरक्षण प्राप्त है। >>शेष पृष्ठ 2 पर

### भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में है: भाजपा

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल की चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार दुनिया का सबसे भ्रष्ट परिवार है। राहुल और सोनिया दोनों भ्रष्टाचार के मामले में जमानत पर बाहर हैं। इस पर राहुल बात नहीं करेंगे। नेशनल हेराल्ड घोटाले में रॉबर्ट वाड्रा के भ्रष्टाचार पर बात नहीं करेंगे, क्योंकि भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में है।

## संसद में पैसा लेकर सवाल पूछने का आरोप

# एथिक्स कमेटी 26 अक्टूबर को सुनवाई करेगी

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। इसे लेकर लोकसभा की एथिक्स कमेटी 26 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। इसके लिए कमेटी ने निशिकांत दुबे को बुलाया है। लोकसभा के डिप्टी सेक्रेटरी बाला गुरु ने बुधवार को दुबे को नोटिस जारी करते हुए ये जानकारी दी। निशिकांत सुनवाई में मौजूद रहेंगे या नहीं, इसे लेकर उन्हें 20 अक्टूबर तक जवाब देने को कहा गया है। ये सुनवाई संसद के कमेटी रूम में होगी। निशिकांत दुबे की शिकायत की सुनवाई करने वाली एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकार हैं। साथ ही इस कमेटी के मेंबर के तौर पर भाजपा की ओर से वीडी शर्मा, सुमेधानंद सरस्वती, अपराजिता सारंगी, डॉ. राजदीप रॉय, सुनिता दुग्गल और सुभाष भामरे हैं। वहीं, कांग्रेस की ओर से वी वैथीलिंगम, एन उत्तम कुमार रेड्डी, बालासौरी वल्लभनेनी और प्रणीत कुमार शामिल हैं। इसके अलावा शिवसेना के हेमंत गोडसे, जेडीयू के गिरिधारी यादव, सीपीआई (एम) के पीआर नटराजन और बसपा के दानिश अली शामिल हैं।

### महुआ पर आरोप लगाने वाले निशिकांत दुबे को बुलाया

# केंद्रीय कर्मियों का डीए 4 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** त्योहारी मौसम केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोत्तरी कर दी है। इससे अब केंद्रीय कर्मियों का कुल मंहगाई भत्ता 42 फीसदी से बढ़कर 46 फीसदी हो गया है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल के इस फैसले से केंद्र सरकार के 48 लाख कर्मचारियों के साथ ही 68 लाख पेंशन भोगियों को भी फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि बढ़ा हुआ मंहगाई भत्ता 1 जुलाई से देय होगा।इस फैसले से सरकार पर 12,857 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा।

**रेलवे कर्मियों को मिलेगा 78 दिनों का बोनस**–केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंहगाई भत्ते के साथ ही रेलवे कर्मियों के बोनस को भी मंजूरी दे है। इस साल रेलवे के गैर राजपत्रित 11 लाख 7 हजार 340 कर्मियों को उनके 78दिन के वेतन के बराबर बोनस दिया जाएगा। इस पर सरकार के ऊपर 1969 करोड़ रुपए का अधिभार पड़ेगा। बतादें कि उत्पादकता पर आधारित यह बोनस रेल कर्मियों को साल 2010–11 से ही दिया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ कांग्रेस की दूसरी सूची में 53 उम्मीदवारों के नाम

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में 53 नाम हैं। इससे पहले कांग्रेस ने 30 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किए थे। इस सीट में कई मौजूदा विधायकों को टिकट दिया गया है। भाजपा ने रायपुर उत्तर से मौजूदा विधायक विकास उपाध्यक्ष को उम्मीदवार बनाया है। इस सूची में कांग्रेस पार्टी ने रायपुर ग्रामीण >>शेष पृष्ठ 2 पर

### मिजोरम के लिए भाजपा ने 21 उम्मीदवार उतारे

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मिज़ोरम विधानसभा चुनाव के लिए आज 21 उम्मीदवारों की दो सूचियां जारी कीं। भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने इन सूचियों को जारी करते हुए कहा कि पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नामों को मंजूरी दी है। पहली सूची में 12 और दूसरी सूची में नौ उम्मीदवार हैं। इन 21 उम्मीदवारों में चार महिलाएं हैं। भाजपा ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए एक उम्मीदवार की तीसरी सूची जारी की। भाजपा ने पंडरिया विधानसभा सीट के लिए श्रीमती भावना बोहरा को उम्मीदवार बनाया है। मिज़ोरम में सात नवंबर को तथा छत्तीसगढ़ में 07 एवं 17 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**- केन्द्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोत्तरी कर दी है।

**चुहिया- हां प्रिये**-त्यौहारी और चुनावी मौसम में कभी जनता का भी फायदा हो जाता है।

## फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामला

# कोर्ट ने आजम खान सहित बेटे व पत्नी को सुनाई सात साल की सजा

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र के मामले में रामपुर की एक अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने बुधवार को आजम खान, अब्दुल्ला आजम और पत्नी तंजीन फात्मा को सात साल की सजा सुनाई है।

एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शोभित बंसल की कोर्ट ने दो जन्म प्रमाणपत्र के 2019 के मामले में आजम खान, तंजीन फातिमा और अब्दुल्ला आजम को दोषी ठहराया और अधिकतम सात साल की सजा सुनाई। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में गंज थाने में सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाणपत्र होने का मामला दर्ज कराया था, जिसमें सपा नेता आजम खान और उनकी पत्नी डॉ. तंजीन फात्मा को भी आरोपी बनाया गया था।

आरोप पत्र के मुताबिक, रामपुर नगर पालिका द्वारा जारी एक जन्म प्रमाणपत्र में, अब्दुल्ला आजम की जन्म तिथि एक जनवरी, 1993 बताई गई थी। दूसरे प्रमाणपत्र के अनुसार उनका जन्म 30 सितंबर, 1990 को लखनऊ में हुआ था। आरोप था कि अब्दुल्ला ने अपने दो जन्म प्रमाणपत्र बनवाए हैं, जिनमें एक रामपुर नगरपालिका परिषद से, जबकि दूसरा प्रमाणपत्र लखनऊ नगर निगम से बनवाया।

# टिकैत बन्धुओं ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

**मुजफ्फरनगर (एजेंसियां)।** भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) नेता राकेश टिकैत ने कहा है कि किसान 23 अक्टूबर को आंदोलन के लिए तैयार रहें। मुजफ्फरनगर के मुण्डभर गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए बीकेयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ किसान नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है। कलम व कैमरे पर बंदूक का पहरा है, इसलिए भारतीय मीडिया की बजाय विदेशी मीडिया में किसान आंदोलन को सही दिखवाया जा रहा है। बीकेयू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने विभागीय अधिकारियों पर किसानों के शोषण का आरोप लगाया है। किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो जाता तब तक धरना जारी रहेगा। राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार ने किसानों के खिलाफ वादाखिलाफी की है। सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली और गन्ने के लिए उच्च एसएपी सहित उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं। इन्हीं मांगों को लेकर किसान सरकार के खिलाफ अपना आंदोलन तेज करने के लिए मजबूर हुये हैं।

# गाजा अस्पताल में हुए हमले की चौतरफा आलोचना

- अस्पताल में सैकड़ों लोगों के मारे जाने से गुटेरेस दुखी
- अस्पताल में हुए हमले में 500 लोगों के मारे जाने की खबर

**संयुक्त राष्ट्र, (एजेंसियां)।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुधवार को कहा कि वह गाजा में एक अस्पताल में हुए हमले में सैकड़ों लोगों के मारे जाने की घटना के बाद से व्यथित हूं। वहीं, पाकिस्तान कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवरुल हक काकर ने मांग की है कि इस अपराध के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। इस हमले की चौतरफा आलोचना हो रही है।

गाजा में कल अस्पताल में हुए हमले में पांच सौ लोगों के मारे जाने की सूचना है। सात अक्टूबर को हमास के हमले के बाद से इजरायल की ओर से घनी आबादी में की जा रही बमबारी में यह सबसे अधिक भयावह नरसंहार वाला दिन है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्री माई अल्कैला ने इज़रायल पर अल-अहली अल-अरबी अस्पताल में 'नरसंहार' का आरोप लगाया।



इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया कि गाजा के 'बर्बर आतंकवादियों' ने अस्पताल पर हमला किया है, इजरायल की सेना का इससे कोई लेना देना नहीं है। तुर्की न्यूज के अनुसार नेतन्याहू के सहयोगी हनान्या नफ्ताली ने शुरू में एक सोशल मीडिया पोस्ट में अस्पताल में विस्फोट के लिए इजरायली वायु सेना को जिम्मेदार ठहराया गया था। बाद में हालाँकि उन्होंने इस पोस्ट को तुरंत हटा दिया और हमास को दोषी ठहराते हुए एक और पोस्ट किया। अन्य पत्रकारों ने भी इस ओर ध्यान दिलाया।







## चुनाव चर्चा — मध्य प्रदेश में हाथी की चाल पर तय होंगे चुनावी नतीजे

# उप्र की सीमा से लगे क्षेत्रों पर खासा असर डालती है बसपा

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की बड़ी भूमिका रहने वाली है। उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे विधानसभा क्षेत्र में बसपा चुनावी नतीजे पर खासा असर डालती है। राज्य के उस इलाके पर गौर करें जो उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़ा हुआ है मसलन ग्वालियर- चंबल, विंध्य और बुंदेलखंड, यह वो इलाके हैं जहां की लगभग तीन दर्जन सीटें उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़ी हुई हैं।

इन सीटों पर मुकाबला तो कांग्रेस और भाजपा के बीच होता है, मगर बहुजन समाज पार्टी को मिलने वाले वोट नतीजे को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। यही कारण है कि दोनों राजनीतिक दलों की बसपा पर नजर है और बसपा भी इन दोनों दलों के बागियों को अपने से जोड़ने की कोशिश में है। राज्य में हुए पिछले विधानसभा चुनाव पर गौर किया जाए तो यह बात साफ हो जाती है कि बहुजन समाज पार्टी का वोट बैंक जब बढ़ा है तो कांग्रेस को नुकसान हुआ है और भाजपा को फायदा और जब भी बसपा के वोट बैंक में गिरावट आई है तो उसका लाभ कांग्रेस को हुआ है।



### लगभग तीन दर्जन सीटें उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़ी हुई

बात 2008 के चुनाव की करें तो बसपा को 9 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। जिसके चलते भाजपा बढ़त में थी, वहीं 2013 के चुनाव में बसपा को 6 फीसदी से ज्यादा वोट मिले और भाजपा बढ़त में रही। वहीं 2018 में बसपा का प्रतिशत गिरकर 5 के करीब हुआ तो कांग्रेस को बढ़त मिली। यह इस बात के संकेत हैं कि बसपा का वोट बैंक बढ़ता या घटता, चुनावी नतीजे को प्रभावित करता है।

**राज्य में 35 सीटें आरक्षित**–राज्य में अनुसूचित जाति वर्ग का वोट बैंक साढ़े 15 फीसदी से ज्यादा है और इस वर्ग के लिए राज्य में 35 सीटें आरक्षित हैं। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में इन सीटों में से कांग्रेस को 18 पर और भाजपा को 17 पर जीत मिली थी। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो उनका कहना है कि राज्य के विधानसभा चुनाव में पूरे राज्य पर तो बीएसपी असर नहीं डालती है, मगर उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे क्षेत्र पर बसपा का असर रहता है। यही कारण है कि बसपा के वोट प्रतिशत के घटने और बढ़ने पर चुनावी नतीजे सीधे असर डालते हैं। इस बार बसपा ने गोंगपा से गठबंधन किया है जिसके चलते बसपा का वोट बैंक और भी बढ़ सकता है।

# देश-विदेश

## गोवा में पर्यटकों को बंधक बनान के आरोप में तीन गिरफ्तार

**पणजी।** गोवा पुलिस ने कथित तौर पर दो पर्यटकों को बंधक बनाने और यूपीआई से उनके पैसे लूटने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। कैलंगुट पुलिस ने बताया कि कर्नाटक के कोलार के 39 वर्षीय एस सतीशकुमार शेट्टी की शिकायत पर मामले की जांच की गई। बाद में इस संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। शिकायतकर्ता ने कहा है कि एक पर्यटक गाइड/दलाल उसे और उसके दोस्त को एक कमरे में ले गया और कैद कर लिया। पुलिस ने कहा कि बाद में आरोपी व्यक्तियों ने उनके साथ मारपीट की और जबरन यूपीआई लेनदेन के माध्यम से 30,000 रुपये हस्तांतरित करा लिए।

## चीन में बेल्ट एंड रोड अंतर्राष्ट्रीय सहयोग शिखर मंच आयोजित

**बीजिंग, (आईएएनएस)।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और उनकी पत्नी फंग लीयुआन ने 17 अक्टूबर की शाम को पेइचिंग स्थित जन वृहद भवन में तीसरे बेल्ट एंड रोड अंतर्राष्ट्रीय सहयोग शिखर मंच में उपस्थित मेहमानों के लिए स्वागत भोज आयोजित किया। इस मौके पर शी चिनफिंग ने चीन सरकार और चीनी लोगों की ओर से शिखर मंच में भाग लेने वाले अंतर्राष्ट्रीय मेहमानों का स्वागत किया।



शी चिनफिंग ने कहा कि बेल्ट एंड रोड के समान निर्माण की पहल पेश होने के बाद पिछले दस सालों में चीन और विभिन्न सहयोगियों ने शांतिपूर्ण सहयोग, खुलेपन, सहिष्णुता, आपसी सीख, आपसी लाभ और समान जीत वाले सिद्धांतों के अनुसार वैश्विक संपर्क में योगदान किया, अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए मंच तैयार किए और विश्व आर्थिक वृद्धि में नई उम्मीद जगी। हमने हजारों व्यवहारिक सहयोग परियोजनाएं लागू कीं और व्यापक उपलब्धियां हासिल कीं। यह विभिन्न देशों की सरकारों, कंपनियों और जनता की मेहनत से मिली उपलब्धि है। हम बेल्ट एंड रोड के समान निर्माण में शामिल सभी भागीदारों और निर्माताओं को अभिवादन करते हैं।

शी चिनफिंग ने कहा कि विकास बेल्ट एंड रोड के समान निर्माण का लक्ष्य है, समान जीत इसकी वकालत है और इससे आशा प्रदान की जाती है। निरंतर आत्म-सुधार और प्रयास करने से उपलब्धियां मिलेंगी। यह हमारी पीढ़ी के राजनयिकों की वर्तमान और भावी पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी है।

शी चिनफिंग ने कहा कि अब दुनिया शांत नहीं है। विश्व आर्थिक मंदी बढ़ रही है और विश्व विकास के सामने कई चुनौतियां मौजूद हैं। इसके बावजूद हमें पक्का विश्वास है कि शांति, विकास, सहयोग और समान जीत का ऐतिहासिक रुझान नहीं रुकेगा, बेहतर जीवन की लोगों की चाहत नहीं रुकेगी और समान विकास व समृद्धि करने की विभिन्न देशों की इच्छा नहीं रुकेगी। अगर हम सहयोग पर कायम रहें और विकास पर ध्यान दें, तो बेल्ट एंड रोड के उच्च गुणवत्ता वाले निर्माण में अवश्य ही प्रगति मिलेगी। हम समान प्रयास कर मानव जाति के लिए बेहतर भविष्य बनाएं।

## अमेरिका, रूस और चीन को संघर्ष में घसीटने की क्षमता रखता है इजरायल-हमास युद्ध



**लंदन, (आईएएनएस)।** एक सैन्य विशेषज्ञ ने बुधवार को चेतावनी दी कि इजरायल-हमास युद्ध के बीच गतिरोध अमेरिका, रूस और चीन को संघर्ष में घसीटने की क्षमता रखता है।

प्रो. जस्टिन ब्रोंक ने कहा कि अगर ईरान गाजा पर हमले के जवाब में इजरायल पर हमला करता है, तो मॉस्को और बीजिंग को हस्तक्षेप करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा और युद्ध बढ़ सकता है।

डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने बताया कि लेबनान में ईरान और उसके हिजबुल्लाह समर्थक एक संभावित दूसरा मोर्चा प्रदान करते हैं, साथ ही अमेरिका ने हिजबुल्लाह और ईरान को युद्ध से बाहर रहने की चेतावनी दी है। लंदन के रॉयल यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टीट्यूट (आरयूएसआई) के एक वरिष्ठ शोध प्रोफेसर ब्रोंक ने कहा कि रूस और चीन अब तक अपेक्षाकृत संयमित रहे हैं।

लेकिन, अगर ईरान इसमें शामिल होता है, तो रूस इसका समर्थन कर सकता है और अगर ईरान या उसके प्रतिनिधि आने वाले हफ्तों में इजरायल पर हमला करते हैं तो युद्ध में अमेरिका भी शामिल हो सकता है। इजरायल ने अब दक्षिणी गाजा के उन इलाकों पर बमबारी की है, जहां उसने फिलिस्तीनियों को संभावित आक्रमण से पहले जगह छोड़ने के लिए कहा था, जिसमें दर्जनों लोग मारे गए। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, लेबनान के साथ इजरायल की सीमा पर हिंसा के कारण बढ़ते क्षेत्रीय संघर्ष पर भी चिंताएं पैदा हो गई हैं, जिसे रोकने के लिए राजनयिक काम कर रहे हैं।

## ब्रिटिश सिख पुलिसकर्मी को 12 साल के बच्चे को थप्पड़ मारने के मामले में सुनाई गई सजा

**लंदन, (आईएएनएस)।** पिछले साल ब्रिटिश शहर बर्मिंघम में एक स्कूल के बाहर झगड़े के दौरान 12 वर्षीय लड़के को थप्पड़ मारने के मामले में 41 वर्षीय भारतीय मूल की पूर्व महिला पुलिसकर्मी को सजा सुनाई गई है। बर्मिंघम मेल अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस में कांस्टेबल शरणजीत कौर ने पिछले महीने इस्तीफा दे दिया था और इंडिपेंडेंट ऑफिस फॉर पुलिस कंडक्ट (आईओपीसी) की जांच के बाद उन पर आरोप लगाया गया था।

बर्मिंघम मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पाया कि कौर उस समय ऑफ-ड्यूटी थी, जब उन्होंने बर्मिंघम सड़क पर एक-दूसरे को धक्का दे रहे स्कूली लड़कों के बीच बीच-बचाव किया था। पिछले साल 13 अक्टूबर को हुई घटना का मोबाइल फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने आईओपीसी को एक कंडक्ट रेफरल भेजा।

क्लिप में, वह स्कूली बच्चों में से एक पर चिल्लाती हुई दिखाई दे रही है, और फिर उसके गाल पर थप्पड़ मारती है। जिस लड़के को थप्पड़ मारा गया था, उसके परिवार की ओर से भी शिकायत की गई है। आईओपीसी की जांच के अनुसार, हमले से लड़के के गाल पर कट लग गया। एक चश्मदीद के पूछने पर उसने खुद को एक पुलिस अधिकारी बताया। अदालत ने कौर को मारपीट के आरोप में 12 महीने का कम्युनिटी ऑर्डर दिया।

आईओपीसी के क्षेत्रीय निदेशक डेरिक कैंपबेल ने कहा,



%%पुलिस अधिकारी केवल तभी बल का प्रयोग कर सकते हैं जब आवश्यक, आनुपातिक और परिस्थितियों में उचित हो। अधिकारी के पास लड़के पर हमला करने का कोई उद्देश्य या कोई अन्य औचित्य नहीं था, जिससे उसके लिए कोई वास्तविक खतरा नहीं था।द मेल में कैंपबेल के हवाले से कहा गया, %%पीड़िता की उम्र और संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से गंभीर कारक थे और फिर कौर के कार्यों में पुलिसिंग में जनता के विश्वास को कम करने की क्षमता थी। उसे पूरी तरह से जवाबदेह ठहराया गया है

## गाजा के अस्पताल पर हमले के बाद जॉर्डन में बाइडेन का शिखर सम्मेलन रद्द



**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** व्हाइट हाउस ने पुष्टि की है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की मध्य पूर्व यात्रा का जॉर्डन हिस्सा रद्द कर दिया गया है। द टाइम्स ऑफ इज़राइल की रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें बुधवार को जॉर्डन, मिस्र और फिलिस्तीनी प्राधिकरण के नेताओं के साथ अम्मान में एक शिखर सम्मेलन में शामिल होना था, लेकिन जॉर्डन ने घोषणा की कि वह गाजा सिटी अस्पताल पर बमबारी के बाद बैठक को रद्द कर रहा है। मंगलवार को हुये इस हमले में सैकड़ों लोग मारे गए हैं।

इज़राइल ने कहा है कि विस्फोट के लिए फ़िलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के एक रॉकेट का मिसफायर ज़िम्मेदार था, लेकिन अरब दुनिया के अधिकांश लोगों ने इज़राइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) को दोषी ठहराया था। टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने एक बयान में कहा कि अम्मान शिखर सम्मेलन को रद्द करने का निर्णय जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला के साथ बाइडेन के परामर्श के बाद और अस्पताल विस्फोट के बाद फिलिस्तीनी प्राधिकरण के अध्यक्ष महमूद अब्बास द्वारा घोषित शोक के दिनों के आलोक में किया गया था।


व्हाइट हाउस के अधिकारी ने कहा कि बाइडेन ने किंग अब्दुल्ला को गाजा के अस्पताल पर हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के लिए अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की, और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने किसी विशेष पक्ष को इसके लिए दोषी नहीं ठहराया। इस बीच अमेरिका यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि हमला किसने किया था। व्हाइट हाउस के अधिकारी ने कहा, बाइडेन जल्द ही इन नेताओं के साथ व्यक्तिगत रूप से परामर्श करने के लिए उत्सुक हैं और आने वाले दिनों में उनमें से प्रत्येक के साथ नियमित रूप से और सीधे तौर पर जुड़े रहने पर सहमत हुए हैं।

## सिंगापुर हाईकोर्ट ने मंदिर के आभूषण गिरवी रखने वाले भारतीय पुजारी की अपील खारिज की

**सिंगापुर, (आईएएनएस)।** सिंगापुर के सबसे पुराने हिंदू मंदिर में सोने के आभूषणों को गिरवी रखने के आरोप में एक भारतीय पुजारी की सजा कम करने की अपील सिंगापुर हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है।

द स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, साउथ ब्रिज रोड में श्री मरिअम्मन मंदिर के पूर्व मुख्य पुजारी कंडासामी सेनापति (39) को देवताओं के सोने के आभूषणों को गिरवी रखने के आरोप में इस साल मई में एक जिला न्यायाधीश ने छह साल की जेल की सजा सुनाई थी। कंडासामी को दिसंबर 2013 में हिंदू बंदोबस्ती बोर्ड (एचईबी) द्वारा नियुक्त किया गया था और जुलाई 2018 में उन्हें मंदिर में मुख्य पुजारी के रूप में पदोन्नत किया गया था। 2014 में उन्हें मंदिर के पवित्र गर्भगृह में तिजोरी की चाबियां और कोड नंबर सौंपा गया था, जिसमें लगभग 255 सोने के आभूषण थे, जिनका मूल्य लगभग 1.1 मिलियन सिंगापुर डॉलर है। कंडासामी के वकील, दिवानन नारकुनन ने मंगलवार को उच्च न्यायालय के समक्ष तर्क दिया कि दी गई सजा स्पष्ट रूप से अधिक है।

दीवानन ने कहा कि जिला न्यायाधीश ने आरोपों में बताई गई गलत राशि पर ध्यान केंद्रित करके गलती की है, बिना इस बात पर विचार किए कि कंडासामी द्वारा प्राप्त धन वास्तव में कुल गिरवी आय का एक अंश मात्र था। द स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार वकील ने कहा कि कंडासामी नकदी के लिए आभूषण का एक टुकड़ा गिरवी रखता था और फिर दूसरे दिन आभूषण के दूसरे टुकड़े का उपयोग करके आभूषण के पहले टुकड़े को छुड़ाता था।



वकील ने तर्क दिया कि हालांकि कंडासामी को कुल 2.3 मिलियन सिंगापुर डॉलर प्राप्त हुए, लेकिन उन्हें लाभ के रूप में केवल 141,054.90 सिंगापुर डॉलर प्राप्त हुए क्योंकि अधिकांश गिरवी आय का उपयोग आभूषणों को छुड़ाने और गिरवी की दुकानों पर बकाया ब्याज का भुगतान करने के लिए किया गया था। न्यायमूर्ति विंसेंट हूंग ने असहमति जताते हुए बताया कि जब कंडासामी ने आभूषणों के टुकड़े गिरवी रखे, तो उन्हें आरोपों के अनुसार आय प्राप्त हुई। यह राशि दुरुपयोग की गई वस्तुओं के मूल्य को दर्शाती है।

हूंग ने कहा, अपीलकर्ता ने बाद में गिरवी आय का उपयोग करने का फैसला कैसे किया, यह सीबीटी के प्रत्येक आरोप में दुरुपयोग की गई राशि का निर्धारण करने के लिए अप्रासंगिक है।%%

कंडासामी ने 2016 से 2020 तक 172 मौकों पर आभूषणों के 66 टुकड़े गिरवी रखे और कुल 2,328,760 सिंगापुर डॉलर हासिल किए। उन्होंने पैसे का एक हिस्सा अपने निजी बैंक खाते में जमा किया और 141,054.90 सिंगापुर डॉलर भारत भेज दिए। ये अपराध जुलाई 2020 में एक नियमित ऑडिट के बाद सामने आया। 141,054.90 सिंगापुर डॉलर जो भारत भेजे गए थे, उसे छोड़कर उसके द्वारा गिरवी रखे गए सभी आभूषण मंदिर को वापस कर दिए गए हैं।

## किडनी बेचने को मजबूर एक परिवार के 5 सदस्य, विज्ञापन निकाला तो मचा हड़कम्प

**नांदेड़।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले का एक परिवार के 5 सदस्य अपनी किडनी बेचना चाहते हैं। इतना ही नहीं उन्होंने किडनी बेचने के लिए विज्ञापन तक निकाल दिया। विज्ञापन वायरल हुआ, पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों तक पहुंचा तो हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पीड़ित परिवार तक पहुंचे तो विज्ञापन निकालने का असली सच सामने आया। मामला महाराष्ट्र के नांदेड़ का है। विज्ञापन रूपी पोस्टर कलेक्टर ऑफिस के सामने लगे मिले।

नांदेड़ पुलिस के अनुसार, परिवार कर्ज से पीड़ित है।




साहूकार उसे परेशान कर रहा है। उन्होंने 2 लाख का कर्ज लिया था, लेकिन कर्ज से अधिक चुकाने के बावजूद साहूकार ब्याज के लिए महिला के पति के साथ मारपीट कर रहा था। कुछ साल पहले नांदेड़ जिले के मुदखेड़ तालुका की रहने वाली सत्यभामा चंचुलवाड के पति बालाजी चंचुलवाड को सांप ने काट लिया था। उसके इलाज के लिए सत्यभामा ने साहूकार अमोल चौदांते, भीमा चौदांते और राहुल चौदांते से ब्याज पर 2 लाख रुपए उधार लिए थे, जो चुका दिए गए थे।

कलेक्टर ऑफिस के बाहर पोस्टर लगाया

पुलिस के अनुसार, ब्याज के पैसों के लिए साहूकारों अब मारपीट कर रहा है। सत्यभामा के बेटे सिद्धांत और बेटी सृष्टि ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को 3 जुलाई 2021 को एक पत्र लिखा। इसमें साहूकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में इच्छामृत्यु की अनुमति देने को कहा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। साहूकार के डर के मारे परिवार पिछले ढाई साल से मुंबई में रहने लगा था। तंग आकर 2 दिन पहले नांदेड़ के कलेक्टर कार्यालय के बाहर परिवार ने 5 किडनियां बेचने का पोस्टर लगाया।


**In The Court Of XVI Additional District and Session Judge District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer:**
**अरूण प्रताप सिंह**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
**(MJC GW/0000007/2023)**
कुलभूषण झा...वादी
**Vs**
स्वाती झा...प्रतिवादी
**Process Id**-/ 2023
पेशी दि.:-29/11/2023
प्रेषिती-**(1) आम जनता पता- जबलपुर जिला-जबलपुर मध्यप्रदेश**

यह कि प्रार्थी कुलभूषण झा ने आपके विरूद्ध याचिका अंतर्गत धारा 25 गार्जियंस एण्ड वार्डस एक्ट 1890 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख 12 अक्टूबर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
**टिप्पणी**- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ याचिका अंतर्गत धारा 25 गार्जियंस एण्ड वार्डस एक्ट 1890
**कृपया ध्यान दें**- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
**(अरूण प्रताप सिंह)**
**जिला न्यायाधीश सोलहवें**
**जबलपुर (म.प्र.)**
र.नं. 1442



**In The Court of III Additional Principal judge, Family Court, District Court, Jabalpur**
presiding Officer:
**विजय सिंह कावछा**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**
**(RCS HM/0001294/2019)**
**श्रीमती अर्पणा ठाकुर.....वादी**
**Vs**
**अनिल एस. ठाकुर....प्रतिवादी**
**Process Id**-233/2023
**पेशी दि.:-24/11/2023**
प्रेषिती-
(1) श्री अनिल एस. ठाकुर पिता टीकाराम ठाकुर पता- म.नं. एफ 4 एकता चौक विजय नगर के पास जानकी नगर गार्डन के पास विजय नगर जिला जबलपुर (म.प्र.)

यह कि प्रार्थी श्रीमती अर्पणा ठाकुर ने आपके विरूद्ध धारा 13 (1) हिन्दु विवाह अधिनियम 1955 के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 29 सितम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी - प्रकाशन नोटिस
**कृपया ध्यान दें**- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
**(विजय सिंह कावछा)**
**तृतीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय जबलपुर (म.प्र.)**
र.नं. 1441



**(रेशमा खातून)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सिहोरा जिला जबलपुर (म.प्र.)**
प्रो. नं 177/23
आर. सी. एस. ए.95 / 2023
पेशी - 25/11/2023
लक्ष्मीबाई
वि.
आम जनता
प्रति,
आम जनता जिला- जबलपुर (म.प्र.)

यह कि आम जनता के विरूद्ध इस न्यायालय में वादी द्वारा एक सिविल सूट स्वत्व घोषणा का दावा पेश किया गया है जिसकी इस न्यायालय में पेशी तारीख 23/11/2023 नियत है।

अत: आप प्रतिवादी आम जनता को सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 23/11/2023 को 11.00 बजे इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से (स्वयं) उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें। यदि आप अपने पक्ष में कोई लिखित तथ्य दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहे तो वह भी उपरोक्त दिनाक 23/11/2023 को प्रस्तुत कर सकते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई और इसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जायेगा।

आज दिनांक 14/10/ 2023 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

न्यायालय की मुद्रा दिनांक 14/10/2023
**(रेशमा खातून)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सिहोरा जिला जबलपुर (म.प्र.)**



**आम सूचना**

सर्वसाधारण व्यक्ति, फर्म, संस्था, बैंक चाहे वह शासकीय, अर्द्धशासकीय, सहकारी संस्था को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती रामरति कुशवाहा पति रामगोपाल कुशवाहा निवासी- न्यू कंचनपुर अधारताल जबलपुर द्वारा विक्रेता एस. कवितामूर्ति पिता स्व. श्री एस. मूर्ति निवासी- म.नं. 1702, व्यू कंचनपुर, अधारताल, निर्मलचंद जैन वार्ड, भड़पुरा जबलपुर से उनके स्वामित्व की संपत्ति ग्राम भड़पुरा, प.ह.नं. 2, नं.बं. 131, रा.नि.मं. जबलपुर, निर्मलचंद जैन वार्ड, तह. व जिला जबलपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 66/2, 124/1, 126/1, 127/1, 128/1, 124/2 का भाग नामांतरण पश्चात् नया खसरा नंबर 124/2 का प्लाट (प्राईवेट प्लाट नंबर 20 ) ऐरिया 30 फुट वाई 38 फुट = 1141 वर्गफुट प्लाट को क्रय करने का विक्रय अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार ने विक्रेता से निष्पादित किया है। यदि उपरोक्त संबंध में किसी को भी कोई आपत्ति / दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा लिखित रूप से मय दस्तावेजों के साथ आम सूचना प्रकाशित दिनांक से 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर संपूर्ण दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा 7 दिवस की अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगा, उपरोक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार उपरोक्त प्लाट के संबंध में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र निष्पादित करवायेंगे तत्पश्चात् किसी भी व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत किया गया हक व अधिकार या दावा प्रभावहीन एवं शून्य माना जावेगा।

जबलपुर, दिनांक-17/10/2023
**अरुण कुमार विश्वकर्मा**
**(अधिवक्ता)**
**म.प्र. हाईकोर्ट**
**कार्यालय / निवास- म.नं. 2210, टेमरभीटा, जबलपुर**
**मो.नं.- 9981230809, 7987874436**
र.नं. 1439



**न्यायालय -आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, श्रम न्यायालय कोर्ट क्रं. 67, जिला एवं सत्र न्यायालय जिला जबलपुर म.प्र.**
प्रकरण क्रं-204/weAct / 2023/ Fatal (Miss)
मूल प्रकरण कमांक 58/2019/फैटल
**सूचना-पत्र**

उपरोक्त प्रकरण क्रमांक 204 / wc Act / 2023 / fetal (miss) में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मृतक स्व. श्रीमती जमना बाई की मृत्यु नियोक्ता / 1 प्रोप्रा-धरमलोक इंडस्ट्री के नियोजन के दौरान घटित दुर्घटना के परिणाम स्वरूप दिनांक 09/01/2018 को हो गयी है। नियोक्ता/ बीमा कं. ने क्षतिधन राशि रु 5,72,375/- (पांच लाख बहत्तर हजार तीन सौ पचत्तर रूपये मात्र) न्यायालय में जमा कराये है। उपरोक्त जमा क्षतिधन राशि के वितरण हेतु आश्रितों की जाँच व साक्ष्य हेतु दिनांक 30.10.2023 नियत की गई है।

उपरोक्त प्रकरण में मृतक स्व. श्रीमती जमना बाई के जो भी व्यक्ति कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधि. 1923 की धारा 2 (डी) के अन्तर्गत आश्रितों की श्रेणी में आते हो वे दिनांक 30.10.2023 को 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर आश्रित होने सम्बन्धी प्रार्थना पत्र पेश करे साथ ही पहचान सम्बन्धी दस्तावेज परिचय पत्र आधार कार्ड, परिवार पत्र, बैंक की पास बुक ग्राम पंचायत या स्थानीय निकाय का प्रमाण पत्र पेश करे तथा आश्रितों के फोटो शासकीय अधिकारी व नोटरी से प्रमाणित करवा कर पेश करे नाबालिग बच्चे हो तो उनकी स्कूल की अंकसूची साथ लाये।

आज दिनांक 18/10 /2023 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा के अधीन जारी किया गया।
**(श्रीकृष्णा डागलिया)**
**आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय , जबलपुर म.प्र.**



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गोरखपुर जिला-जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/0909/अ-6/2021-22
जबलपुर, दिनांक-17/08/23
**आम इश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम लमती प.ह.नं. 17 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मोहिनी चर्चलानी पति मिशनचंद जाति चर्चलानी निवासी सिंधी कालोनी रूद्र बार्ड गोटेगांव नरसिंहपुर / हा.मु. जबलपुर के द्वारा ग्राम लमती बंदोबस्त नंबर 642 प.ह.नं. 17 में स्थित भूमि खसरा नंबर 30/1/30/23/30/24/30/225 रकवा क्रमशः ई-33 रकवा 775 वर्गफुट भूमि पर रजि. विक्रय पत्र 84.91 पर क्रमांक 2184 दिनांक 17/10/2013 के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक 23/10/23 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-17/08/2023
पेशी दिनांक-23/10/2023
**अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर**
र.नं. 1437


# प्रथम पृष्ठ का शेष

### अडानी ने किया.....

कांग्रेस नेता ने कहा कि जब अडानी के खिलाफ दस्तावेज हैं, तो श्री मोदी और उनके नेतृत्व वाली सरकार इस उद्योगपति के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करती, जबकि इसको लेकर कांग्रेस सांसद से सड़क तक सवाल उठा रही है और इस घोटाले के सबूत भी दे रही है। उनका कहना है कि अडानी ने हिंदुस्तान की जनता की पॉकेट से 12,000 करोड़ रुपए निकाले हैं और इस तरह से अडानी ने देश में 32,000 करोड रुपए का कोयला घोटाला किया है। उन्होंने कहा, इस घोटाले का पैसा देश की जनता की जेब से बिजली की कीमतें बढ़ाकर वसूला गया है। श्री गांधी ने कहा, कांग्रेस सरकार मध्य प्रदेश, कर्नाटक आदि राज्यों में बिजली में सब्सिडी देकर लोगों को राहत दे रही है लेकिन असली मुद्दा बिजली की कीमतें बढ़ने का है जो अडानी के कोयला घोटाले की वजह से बढ़ रहीं है।

**कोयला भारत आते ही दोगुना महंगा** -राहुल ने अडानी पर आरोप लगाते हुए एक न्यूज आर्टिकल भी दिखाया। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि अडानी इंडोनेशिया में कोयला खरीदते हैं और जब तक कोयला भारत आता है, तब तक इसकी कीमत दोगुनी हो जाती है।

### छत्तीसगढ़ कांग्रेस की.......

से पंकज शर्मा, रायपुर पश्चिम से विकास उपाध्याय, रायपुर दक्षिण से महंत रामसुंदर दास, भिलाई नगर से देवेंद्र यादव सहित कई नए नाम को भी इस विधानसभा चुनाव के मैदान में मौका दिया है। दूसरी लिस्ट के साथ ही कांग्रेस पार्टी ने अपने 83 विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है। 90 विधानसभा सीटों वाले छत्तीसगढ़ में पहले चरण की वोटिंग 7 नवंबर और दूसरे चरण की वोटिंग 17 नवंबर को होगी। नतीजे दिसंबर महीने की 3 तारीख को घोषित किए जाएंगे।

# देश-प्रदेश

उवाच

## बिहार ने कृषि क्षेत्र में अच्छी प्रगति की है : नीतीश

**पटना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार ने कृषि क्षेत्र में अच्छी प्रगति की है। राज्य में पहले कृषि रोड मैप के लॉन्च होने के बाद से कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि दूसरे कृषि रोड मैप की लॉन्चिंग में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी आए थे। तीसरे रोड मैप के शुभारंभ में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आए थे और अब आप आई हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। नीतीश कुमार ने कहा कि चौथे कृषि रोड मैप से पहले किसानों से भी राय ली गई थी। बिहार के किसानों ने फसलों के साथ साथ दूध, अंडा मछली के उत्पादन बढ़ाने का प्रयास किया।



अलीराजपुर, झाबुआ और शाजापुर की चुनावी सभाओं में बोले शिवराज

# झूठे वादे करेंगे प्रलोभन देंगे कांग्रेसी, इनके बहकावे में मत आना



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने बुधवार को अलीराजपुर, झाबुआ और शाजापुर जिले में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित कर कहा कि कांग्रेसी प्रलोभन देंगे, झूठे वादे करेंगे, लेकिन इनके बहकावे में मत आना। भरोसा करना है तो भाजपा, मोदी और मामा पर करो। कांग्रेस पार्टी केवल जनता की जिंदगी और प्रदेश को बर्बाद करती है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अलीराजपुर के मथवाड़ में नवरात्र के पावन पर्व पर रानी काजल माता के दर्शन किए और प्रदेशवासियों के सुख-शांति की कामना की। श्री चौहान ने कहा कि झाबुआ में नर्मदा का पानी आएगा, बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था की जाएगी और इलाज की बेहतर व्यवस्था भाजपा सरकार करेगी। भाजपा की सरकार ने सड़कें, पीने का पानी, आश्रमशाला, छात्रावास, बच्चों की फीस ये सबकुछ एक परिवार के नाते किया। उन्होंने कहा कि ग्रामसभा के प्रस्ताव के आधार पर सभी गरीबों को मकान के जमीन के पट्टे दे दिये जाएंगे। हर गांव को हर गलियों को पक्की सड़क से जोड़ा जाएगा। अगले चरण में खेतों में बोरिंग लेकर आएंगे। इस अवसर पर श्री चौहान ने उपस्थित जन समुदाय से भाजपा प्रत्याशियों को पूर्ण बहुमत से जिताने की अपील की है। वहीं अलीराजपुर में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन में श्री चौहान ने कहा कि हर बहन के खाते में लाड़ली बहना योजना के 1,250 रुपये आ रहे हैं, जिनके नाम रह गए हैं, चुनाव के बाद जोड़े जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने अलीराजपुर की जनसभा में कहा कि अलीराजपुर उद्योगो का क्षेत्र बनेगा। उन्होंने कहा कि चाहे सड़कों का जाल बिछाना हो, चाहे सिंचाई का पानी हो, चाहे बिजली के लिए 132 केवी का सब स्टेशन बनना हो, जनता की सेवा और विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### शाजापुर में किया रोड-शो, उमड़ा जनसैलाब

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शाजापुर में पार्टी प्रत्याशी अरूण भीमावत के समर्थन में रोड-शो किया। रोड-शो बस स्टैंड, नई सडक, आजाद चौक, छोटा चौक, सिंधी मार्केट, सोमवारिया बाजार होते हुए धोबी चौक पहुंचा, यहां श्री चौहान ने पार्टी नेताओं के साथ महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। रोड-शो के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा कर नागरिकों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से पार्टी प्रत्याशी अरूण भीमावत को जिताने की अपील की।

अब कमलनाथ ने दिया जनता को व्यक्तिगत वचन, किया वादा

# प्रदेश के भविष्य को एक नई दिशा की ओर लेकर जाएंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** युवाओं को रोजगार मिले, महिला सशक्तिकरण हो, स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हो, किसानों के साथ न्याय हो और हर वर्ग को समान अवसर मिले। इसी उद्देश्य को सामने रखकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और कमलनाथ ने व्यक्तिगत वचन दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वचन प्रदेश के भविष्य को एक नई दिशा की ओर लेकर जाएंगे।

उन्होंने इस संबंध में ट्वीट करते हुए कहा कि कांग्रेस के 'वचन' जितना जनता से किए गए वचन हैं, उससे भी ज़्यादा हर एक कांग्रेसी के ख़ुद से किए गए वादे हैं। आज़ादी को हर हाल में पाने के वचन से लेकर, आज़ादी पाने के बाद आज तक देश की तरक्की के लिए उठाए गए हर क़दम के पीछे कांग्रेस की यही आत्म-संकल्प की शक्ति काम करती रही है और आगे भी करेगी। कांग्रेस के सच्चे वचन, भाजपा को ही नहीं बल्कि भाजपा के झूठे जुमलों को भी पराजित कर देंगे। ये मेरा 'व्यक्तिगत वचन' है कि ये वचन मप्र के भविष्य के लिए निर्णायक कदम साबित होंगे। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही कांग्रेस ने अपना वचन पत्र जारी किया है। 225 बिन्दु के वचन पत्र में 1290 वचन हैं। कमलनाथ ने इस संबंध में कहा कि कांग्रेस जो कहती है उसे पूरा करती है। उन्होंने कहा कि ये वचन जितने जनता से किए गए हैं, उससे भी ज्यादा खुद से इन्हें पूरा करने का वादा है।

मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में ग्रहण की सदस्यता

# कांग्रेस नेता सिद्धार्थ तिवारी और फुन्दर चौधरी भाजपा में शामिल



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष बुधवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी के पौत्र व कांग्रेस के नेता स्वर्गीय सुंदर लाल तिवारी के पुत्र सिद्धार्थ तिवारी एवं कांग्रेस के गुनौर विधानसभा के पूर्व विधायक फुन्दर चौधरी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री श्री चौहान और प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने सिद्धार्थ तिवारी और फुन्दर चौधरी को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के युवा नेता सिद्धार्थ तिवारी जिनके पीछे एक राजनीतिक विरासत है, वें एक उर्जावान युवा हैं। उनके साथ ही अनुभव की भट्टी में तपे बुंदेलखंड के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक फुन्दर चौधरी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। भाजपा के काम को आगे बढ़ाने में सिद्धार्थ तिवारी और फुन्दर चौधरी की निश्चित तौर पर महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र के युवा नेता सिद्धार्थ तिवारी और कांग्रेस सरकार में अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रहे, बुंदेलखंड के बड़े दलित चेहरा फुंदर चौधरी का भारतीय जनता पार्टी परिवार में शामिल होने पर स्वागत करता हूँ।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कांफ्रेंस में जिला निर्वाचन और रिटर्निंग अधिकारियों से कहा-

# मादक पदार्थ, अवैध धन और जेवरात भी करें जप्त



- 21 अक्टूबर से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है
- नाकों-चौकियों पर सीसीटीवी से रखें निगरानी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा कि सीमावर्ती जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी विशेष ध्यान दें और अवैध धन सम्पत्ति, जेवरात, मादक पदार्थ की जब्ती की कार्रवाई करें। साथ में इस बात का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराएं। वह प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और समस्त विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव ड्यूटी में तैनात रिटर्निंग अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देशित कर रहे थे।

श्री राजन ने कहा कि 21 अक्टूबर से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है, कोई भी अभ्यर्थी ऑफलाइन रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर या सुविधा एप के माध्यम से ऑनलाइन नामांकन भी दाखिल कर सकता है। निक्षेप (जमानत) राशि का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से कर सकता है।

श्री राजन ने बताया कि नामांकन फॉर्म के साथ अभ्यर्थी को फॉर्म 2 बी नामांकन फार्म, फॉर्म 26, शपथ पत्र व बैंक खाते की जानकारी सहित अन्य सभी जरूरी दस्तावेज अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे। नामांकन भरने की अंतिम तिथि आगामी 30 अक्टूबर है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आदर्श चुनाव आचरण संहिता का सख्ती से पालन कराएं, अभियान चलाकर शस्त्र जमा कराएं और आपराधिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें।

श्री राजन ने कहा की सभी जिला निर्वाचन अधिकारी उनके जिले में चिन्हित नाकों और चौकियों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाकर निगरानी रखें। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर से प्रेक्षक जिलों में पहुंचेंगे, मतदान प्रतिशत बढ़ाने जागरूकता कार्यक्रमों में गति लाएं। बैठक में राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर डॉक्टर राजेश पाटीदार और डॉक्टर वाईपी सिंह ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों को नामांकन पत्र दाखिल करने की संपूर्ण प्रक्रिया और इस संबंध में रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओं सहित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए समस्त दिशा निर्देशों एवं विशेष प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कोल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, श्रीमती रुचिका चौहान, बसंत कुर्रे, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## चुनाव आयोग को 1,621 शिकायतें मिली

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक निर्वाचन कार्यालय तक 1,621 शिकायतें आई है, जिनका चुनाव आयोग ने निपटारा भी किया है।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी- विजिल ऐप तैयार किया गया है। इस ऐप के जरिए कोई भी नागरिक राजनीतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को उनके पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं का स्वयं के वाहन से परिवहन करने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों पर प्रचार सामग्री लगाने या दीवार पर विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायत कर सकता है। इसके लिए नागरिक को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल ऐप पर अपलोड करना होगा।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने साधा निशाना, बोले-

# कांग्रेस में सर्वे नहीं, नकुलनाथ ही सर्वेसर्वा



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा ने आज फिर कांग्रेस में टिकट वितरण को लेकर निशाना साधा है। इस बार भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के निशाने पर थे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के सांसद बेटे नकुलनाथ। श्री शर्मा ने पार्टी में गुटबाजी और परिवारवाद पर सवाल किए हैं। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा में जिस तरह से नकुलनाथ ने टिकट बांटे हैं, उससे सवाल यह उठता है कि आखिर कांग्रेस में किसकी चलती है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान श्री शर्मा ने यह बात कही। श्री शर्मा ने कहा कि इससे स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस में सर्वे नहीं, नकुलनाथ ही सर्वेसर्वा हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस में नेताओं के बच्चों को टिकट मिलना तो आम बात है, लेकिन पहली बार देखा गया कि जब किसी नेता के बेटे ने ही टिकट बांट दिए। श्री शर्मा ने कहा कि मंगलवार सुबह जब कमलनाथ कांग्रेस का 'वचन पत्र' जारी कर रहे थे, वहीं शाम को उनके बेटे ने उम्मीदवार ही घोषित कर दिए।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के अंदरूनी सर्वे को मजाक बताते हुए कहा कि पहले कांग्रेस पार्टी द्वारा कहा गया था कि सर्वे और जमीनी कार्यकर्ताओं के आंकलन के आधार पर ही टिकट दिए जाएंगे। लेकिन नकुलनाथ ने इन सब बातों को दरकिनार कर दिया।

# भाजपा नेता आज हाईटेक रथों को रवाना करेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के 230 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार के लिए 19 अक्टूबर को पार्टी के प्रदेश कार्यालय से हाईटेक रथों को जिलों के लिए रवाना होंगे। गुरूवार की सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद हाईटेक रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके अलावा सामूहिक एवं वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा संभागीय मुख्यालयों से वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर हाईटेक प्रचार रथों को रवाना किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी हाईटेक रथों से प्रदेश के 230 विधानसभा क्षेत्रों के गांव-कस्बों, गली-मोहल्लों में डबल इंजन की सरकार के विकास, गरीब कल्याण और जन हितैषी कार्यों को जनता को बताने के साथ आगामी पांच वर्षों में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी जनता को बताएगी। पार्टी प्रतिदिन लगभग हर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान 10 रथ सभाएं करेगी। प्रदेश भर में प्रतिदिन लगभग 2300 रथा सभाओं के जरिए भाजपा जनता को अपनी सरकार की उपलब्धियां बताएगी।

## सार-समाचार

### प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल केंद्रों का शुभारंभ करेंगे मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से महाराष्ट्र में 511 प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल विकास केंद्रों का शुभारंभ करेंगे। यह केंद्र महाराष्ट्र के 34 जिलों में स्थापित किए जा रहे हैं। ग्रामीण कौशल विकास केंद्र विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएंगे जिनसे ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रत्येक केंद्र कम से कम दो व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में लगभग 100 युवाओं को प्रशिक्षित करेगा। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद के तहत सूचीबद्ध उद्योग जगत के भागीदारों और एजेंसियों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। इन केंद्रों की स्थापना से अधिक सक्षम एवं कुशल जनशक्ति तैयार करने में मदद मिलेगी।

### आईआईटी खड़गपुर में छात्र का शव लटका मिला

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम मिदनापुर जिले के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-खड़गपुर के छात्र का शव बुधवार को हॉस्टल में रहस्यमय परिस्थितियों में बरामद किया गया है। मृतक की पहचान तेलंगाना निवासी के. किरण चंद्रा (21) के रूप में हुई है। वह इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग का छात्र था। तेलंगाना में चंद्रा के माता-पिता को घटना की जानकारी दे दी गई है। मौत का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है।

सरकार गिराए जाने के घटनाक्रम को अब भी नहीं भूले नेता

# सिंधिया और उनके समर्थकों की घेरने की कोशिश में कांग्रेस

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस की केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके समर्थक उम्मीदवारों को घेरने में सबसे ज्यादा दिलचस्पी है और यही कारण है कि पार्टी की ओर से ताकतवर उम्मीदवारों पर दांव लगाया जा रहा है। यह अलग बात है कि विधायक केपी सिंह को पिछोर की बजाय शिवपुरी से उम्मीदवार बनाकर पार्टी ही उलझन में फंस गई है।

राज्य में कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार गिराए जाने के घटनाक्रम को पार्टी के नेता अब भी नहीं भूल पाए हैं और यही कारण है कि सिंधिया को घेरने के लिए राज्य के नेता सबसे ज्यादा मशक्कत कर रहे हैं। भाजपा ने सात सांसदों सहित तमाम दिग्गजों को विधानसभा चुनाव में मैदान में उतार रखा है तो संभावना इस बात की भी जताई जा रही है कि सिंधिया को पार्टी शिवपुरी से उम्मीदवार बना सकती है, लिहाजा इस इलाके के कांग्रेस के सबसे प्रभावशाली नेता और पिछोर से विधायक केपी सिंह को पार्टी ने शिवपुरी से पहले ही उम्मीदवार घोषित कर दिया है ताकि सिंधिया के रास्ते को रोका जा सके। कांग्रेस ने सिंधिया को रोकने की रणनीति के तहत सिंह को उम्मीदवार बनाया तो सियासी हल्कों में हलचल मच गई और कहा तो यहां तक जा रहा है कि केपी सिंह खुद शिवपुरी से चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। इसी मामले को लेकर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के बीच भी दूरियां बढ़ने की खबर आ रही है। कमलनाथ का एक वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने कांग्रेस के दावेदार वीरेंद्र रघुवंशी के समर्थकों से दिग्विजय सिंह और उनके पुत्र जयवर्धन के कपड़े तक फाड़ने की बात कह दी।

कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी ने कहा-भाजपा के घोटालों के चलते युवकों में निराशा

# कांग्रेस सत्ता में आने पर 2 लाख युवाओं को नौकरियां देगी



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने व्यापाम पटवारी घोटाले सहित अन्य मामलों का जिक्र कर एक बार फिर भाजपा सरकार को घेरा है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने कहा कि इन घोटालों से लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद हो गया है, सत्ता में आने पर कांग्रेस हर वचन पूरा करेगी, नौकरियों में 2 लाख युवाओं की भर्ती करेगी। उन्होंने कहा है कि भर्ती में पारदर्शिता के लिए नए नियम बनाए जाएंगे, वहीं पूर्व में हुए भर्ती घोटालों की जांच कराई जाएगी।

उन्होंने युवाओं की स्थिति को बयां करते हुए कहा कि बच्चे के परिवारजन किन परिस्थितियों में बच्चों को शिक्षा दिलवाते हैं। स्कूल से लेकर कोचिंग तक की फीस माता-पिता परिवार के खर्चे में कटौती कर बच्चों को पढ़ा तो देते हैं, लेकिन जब नौकरियों में भर्ती का मौका आता है तो ये भर्तियां घोटालों की भेंट चढ़ जाती हैं। डॉ. रागिनी ने कहा कि यह सिलसिला वर्षों से लगातार चलता आ रहा है, जिसके कारण युवाओं में निराशा की भावना आने लगी है। जिसके चलते अनेक युवाओं के साथ उनके माता-पिता के सपने भी चकनाचूर हुए हैं। प्रदेश में भाजपा के घोटालों के चलते युवकों में निराशा है।

डॉ. रागिनी ने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने पर युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे, तकरीबन 2 लाख भर्तियां निकाली जाएंगी। भर्ती के लिए नए नियम बनाकर पूरी पारदर्शिता के साथ ईमानदारी से युवाओं की नौकरियों में भर्ती होगी।

शिवराज ने पॉवर ऑफ अटार्नी वाले बयान पर किया कटाक्ष, बोले-

# कमलनाथ ऐसा काम ही क्यों करते हैं कि गाली खानी पड़े



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को गाली खाने की पावर ऑफ अटार्नी दिए जाने संबंधित बयान पर कटाक्ष किया है। उन्होंने आज यहां कहा कि कमलनाथ ऐसा काम ही क्यों करते हैं कि उन्हें गाली खानी पड़े।

श्री चौहान ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस में गालियां खाने की पावर ऑफ अटॉर्नी भी दी गई है। इस बात का खुलासा स्वयं कमलनाथ ने किया है। वे ऐसा काम ही क्यों करते हैं कि गाली खाना पड़े। अगर गाली खाना पड़े तो खुद ना खाएं, दूसरे को पावर ऑफ एटॉर्नी दे दे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे ही सरकार चलाने की पावर ऑफ अटॉर्नी भी कमलनाथ ने दिग्विजय सिंह को ही दे रखी थी। पहले भी बंटाधार हुआ और आज भी बंटाधार ही हो रहा है। जब दिग्विजय सिंह ने सरकार चलाई उस समय जो मध्यप्रदेश की दुर्गति हुई वह जनता को पता है। उल्लेखनीय है कि कमलनाथ ने मंगलवार को पार्टी के वचन पत्र जारी करने के अवसर पर कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक मंच से कहा था कि उन्होंने बहुत पहले गाली खाने की पावर ऑफ अटार्नी दिग्विजय सिंह को दी थी, जो आज तक वैध है।

कमलनाथ ने ट्वीट कर कहा-

## आपको हमारी फिक्र करने की जरूरत नहीं



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने ट्वीट किया है। जिसमें उन्होंने कहा कि कांग्रेस में इतना लोकतंत्र है कि हम आपस में हंसी मजाक कर लेते हैं। आपको हमारी फिक्र करने की बहुत जरूरत नहीं है, लेकिन आपकी पार्टी में तो हाल यह है कि कोई आपका नामलेवा भी नहीं है। उन्होंने कहा कि आपने ऐसे कौन से कर्म किए हैं कि आपकी पार्टी को आपको मुख्यमंत्री के रूप में पेश करने में शर्म आ रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जरा सावधानी से काम लीजिए दिल्ली वाला इंजन आपके भोपाल के इंजन को पटरी से उतारने के लिए कमर कस चुका है। जैसे ही आपने स्मार्ट पार्क में बिना पटरी वाला मेट्रो का डिब्बा रखा है, भोपाल के इंजन का भी वही हाल होने वाला है। जो सफर के नहीं, नुमाइश के काम आएगा।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./स. अधि./सं.क्रं. 5/2023-24/255 दिनांक 16/10/2023

**भवन नामांतरण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जितेन्द्र, शैलेन्द्र, धर्मेन्द्र, नवीन पिता स्व. इन्द्रजीत चंद्र भूरा ने भवन क्रं. 557.1 वार्ड जवाहरगंज भूतल जीएफ-1120-380 प्रथम तल एफएफ-785 द्वितीय तल एसएफ-380 विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 557.1 पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी स्व. श्री इंद्रचंद्र भूरा पिता स्व. विश्वदास जी भूरा भवन क्र. 557.1 पिन नं. 41000705, 1000390639 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-05, नगर निगम, जबलपुर**

**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**Change of Name**

I, JC-389029N RANK SUB GOUTHAM GHOSH S/o LATE-ANANDA GHOSH UNIT- 2TTR 1STC, JABALPUR do hereby solemnly affirm and declare as under:- I state that I am presently serving in the Indian army. I state that the of my MOTHER is KATYAYANI GHOSH. I state that the true and correct Name of my MOTHER is KATYAYANI GHOSH as per her AADHAR CARD. I state that the Name of my Mother KAJU GHOSH has been mistakenly recorded as in my army service records. I state that the true and correct Name of my mother KATYAYANI GHOSH considered in future in all aspects.

**Incorrect Name- KAJU GHOSH**
**Correct Name- KATYAYANI GHOSH**


# उच्च न्यायालयों के 16 जजों के तबादले

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने बुधवार को विभिन्न उच्च न्यायालयों के 16 न्यायाधीशों के तबादले की घोषणा की।

न्यायमूर्ति एस पी केसरवानी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से कलकत्ता उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति राज मोहन सिंह को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति नरेंद्र को कर्नाटक उच्च न्यायालय से आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार न्यायमूर्ति सुधीर सिंह को पटना उच्च न्यायालय से पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति एम वी मुरलीधरन को मणिपुर उच्च न्यायालय से कलकत्ता उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति मधुरेश प्रसाद को पटना उच्च न्यायालय से कलकत्ता उच्च न्यायालय तबादला किया गया है।

न्यायमूर्ति अरविंद सिंह सांगवान को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति अवनीश झिंगन और न्यायमूर्ति अरुण मोंगा को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से राजस्थान उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है। न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार-4 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति नानी टागिया को गुहाटी उच्च न्यायालय से पटना उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति सी मानवेद्रनाथ रॉय को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय से गुजरात उच्च न्यायालय तबादला किया गया है।

न्यायमूर्ति मुन्नूरी लक्ष्मण को तेलंगाना उच्च न्यायालय से राजस्थान उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति जी अनुपमा चक्रवर्ती को तेलंगाना उच्च न्यायालय से पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है। अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति लपिता बनर्जी को कलकत्ता उच्च न्यायालय से पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय और अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति दुप्पला वेंकट रमन्ना को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय से मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किया सारंग के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने आज अशोका गार्डन में नरेला विधानसभा क्षेत्र के मुख्य चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। भाजपा प्रत्याशी विश्वास सारंग के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए श्री शर्मा ने कहा नरेला विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ पर कमल खिलेगा। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, महापौर श्रीमती मालती राय, जिला प्रभारी महेन्द्र यादव, विधानसभा संयोजक श्याम मोहन, अशोक वाणी, नितीन पाठक सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व क्षेत्र की जनता उपस्थित रहीं।

देशबन्धु

जबलपुर, गुरूवार 19 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## राहुल गांधी का अदानी पर नया हमला

यह आरोप लगाकर कि केन्द्र सरकार द्वारा देशवासियों को महंगी बिजली बेचने का उद्देश्य गौतम अदानी को फायदा पहुंचाना है, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मुश्किल में डाल दिया है। मोदी और अदानी के रिश्तों को लेकर राहुल पिछले लम्बे समय से अनेक खुलासे करते आ रहे हैं जिसके चलते मोदी समेत पूरी भारतीय जनता पार्टी की भरपूर किरकिरी हो चुकी है। यह मामला न केवल भारत में वरन विदेशों में भी गूंज रहा है। संसद के भीतर हो या बाहर, राहुल और उनकी पार्टी इस मुद्दे को लेकर मोदी की घेराबन्दी करती आ रही है। नये आरोप यानी मोदी-भाजपा की नयी मुसीबत।

बुधवार को राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रसिद्ध अखबार 'फाइनेंशियल टाइम्स' में छपी एक रिपोर्ट का हवाला देकर आरोप लगाया कि अदानी ने 32 हजार करोड़ रुपये का घोटाला किया है। उनका यह भी कहना था कि अदानी की वजह से ही देशवासियों को महंगी बिजली मिलती है। उनके मुताबिक अदानी इंडोनेशिया से कोयला खरीदते हैं और उसका भाव हिन्दुस्तान में दोगुना हो जाता है। अदानी कोयले की कीमत को गलत दिखाते हैं। कांग्रेस नेता का कहना है कि 'लोग जैसे ही बिजली का स्विच ऑन करते हैं, अदानी की जेब में पैसा जाता है। अदानी की रक्षा भारत के प्रधानमंत्री कर रहे हैं। दुनिया के बाकी देशों में जांच हो रही है लेकिन भारत में अदानी को कोरा चेक दिया गया है। अदानी जो चाहे कर सकते हैं।' राहुल का साफ कहना था कि 'लोग 32 हजार करोड़ रुपये का यह आंकड़ा याद रखें।' उन्होंने सवाल किया- 'पीएम अदानी की जांच क्यों नहीं कराते?'

उल्लेखनीय है कि राहुल पिछले वर्ष कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई बार मोदी व अदानी के बीच सांठ-गांठ का आरोप लगाते रहे। इतना ही नहीं, लोकसभा में भी उन्होंने इस मामले को दमदार तरीके से उठाया था। अदानी के हवाई जहाज में बैठकर प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण के लिये दिल्ली आ रहे मोदी की तस्वीर भी उन्होंने संसद में लहराई थी। इसके चलते खूब हंगामा हुआ था। उनके भाषणों के वे हिस्से विलोपित कर दिये गये थे, जिनमें राहुल ने मोदी-अदानी के रिश्तों तथा इस व्यवसायी के कथित घोटालों की पोल खोली थी। इस सबके चलते गुजरात की एक कोर्ट में 2019 के चुनाव प्रचार के दौरान दिये गये एक भाषण को आधार बनाकर राहुल के खिलाफ दाखिल अवमानना मामले की आनन-फानन में सुनवाई कर उन्हें दो साल की सज़ा दिला दी गई थी। उतनी ही तेज गति से उनकी लोकसभा की सदस्यता छीन ली गई थी। करीब चार माह सदन से बाहर रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी सजा पर लगाई गई रोक से सदस्यता बहाल हुई थी।

वैसे सदन के भीतर, सदस्यता के निलम्बन के दौरान, वापस आने के बाद और तत्पश्चात सदन के बाहर राहुल की अदानी को लेकर घेराबन्दी हमेशा जारी रही। मोदी शासनकाल में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर बने अदानी को लेकर हिन्डनबर्ग की रिपोर्ट ने मोदी व अदानी को संकट में तो डाला ही था, राहुल को और भी हमलावर बना दिया। उनके बयानों तथा अदानी पर उनके आरोपों की एक तरह से पुष्टि पहले हिन्डनबर्ग रिपोर्ट से हुई। पहले भी प्रतिष्ठित समाचारपत्र 'फाइनेंशियल टाइम्स' ने अदानी को लेकर बड़े खुलासे किये थे। उसी कड़ी के रूप में अब यह नयी रिपोर्ट आई है जिसके आधार पर राहुल ने ताजा हमला बोला है। निश्चित है कि इससे मोदी और केन्द्र सरकार पर नये सवालिया निशान उठेंगे।

फिर, मोदी पर राहुल का नया आक्रमण ऐसे वक्त पर हो रहा है जब पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिये अगले महीने चुनाव होने जा रहे हैं। भाजपा ये सभी चुनाव मोदी के चेहरे पर लड़ रही है जिनमें उन्हें एक सफल व साफ-सुथरी छवि का नेता के रूप में प्रोजेक्ट किया जा रहा है, वैसे ही जिस प्रकार से पिछले एक दशक से होता आया है। हालांकि उनकी यह छवि पहले ही काफी कुछ दरक चुकी है। साथ ही वे सभी मोर्चों पर पूर्णतः नाकाम प्रधानमंत्री भी साबित हो चुके हैं। फिर भी सरकार व संवैधानिक संस्थाओं पर अपनी मजबूत पकड़, संगठन पर एकाधिकार तथा पिछलग्गू मीडिया के बल पर वे अपनी छवि को कथित रूप से यशस्वी पीएम की बनाये रखने की कोशिश करते हैं। ऐसे वक्त में जब मोदी के नेतृत्व में भाजपा हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में चुनाव हार चुकी है और भाजपा पर भ्रष्टाचारियों के साथ मिलकर राज्य की सरकारें बनाने के आरोप हैं, राहुल के नये आरोपों से मोदी की परेशानियां बढ़ना तय है। पहले ही यह माना जा रहा है कि राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत की गुंजाइश शून्य है, जिसका असर अगले साल के मध्य में होने जा रहे लोकसभा चुनावों पर पड़ेगा। राहुल के इन आरोपों में अगर विपक्षी गठबन्धन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूज़िव एलाएंस) ने भी अपने सुर मिलाए तो इसकी गूंज निश्चित ही दूर तलक जाएगी। मोदी व भाजपा को होने वाला नुकसान केवल 5 राज्यों तक सीमित न रहकर सभी तरफ होगा। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक पहले ही कह चुके हैं कि 'अदानी का पैसा दरअसल मोदी का पैसा है और मोदी व भाजपा 2024 का चुनाव अदानी की वजह से हारेंगे।' क्या मलिक की बात सच साबित होने जा रही है? संकेत तो ऐसे ही दिखते हैं।

# जैतून की टहनी का इंतजार

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

ओ गाज़ा के शैतान बच्चो,
तुम, जो लगातार मेरी खिड़की के नीचे आकर चिल्लाते हो
और अपने शोर से मुझे परेशान करते हो
तुम, जो हर सुबह को भागदौड़ से बेतरतीब बना देते हो
तुम, जिन्होंने मेरे प्यारे गुलदान को तोड़ दिया
और तोड़ लिया मेरे बागीचे में लगे इकलौते फूल को
वापस आ जाओ, और चिल्लाओ जी भर के
तोड़ दो सारे गुलदानों को, चुरा लो सारे फूलों को
लेकिन वापस आ जाओ, बस वापस आ जाओ।

फिलिस्तीन कवि, खालिद जुमा
(अंग्रेजी से अनुवाद लेखिका द्वारा)

खालिद जुमा की ये कविता दुनिया के हर शांतिप्रिय इंसान के दिल की आवाज लगती है। बच्चों का शोर घरों से उठकर गलियों, मोहल्लों में होता रहे। किसी की बालकनी में गेंद चली जाए, किसी की खिड़की का शीशा क्रिकेट खेलने में टूट जाए। इन सबसे भले कुछ देर की परेशानी होती है, खीझ होती है, शैतान बच्चों पर गुस्सा आता है, उनके मां-बाप तक शिकायत पहुंच जाती है। लेकिन फिर भी ये शोर और शिकवे-शिकायतें, उस चुप्पी से लाख गुना बेहतर है, जो बमों और राकेटों के धमाकों के बाद चारों ओर पसर जाती है।

बच्चों को स्कूल भेजने की जद्दोजहद में लगे मां-बाप, बरामदों में बैठकर अखबार पढ़ते बुजुर्ग, कचरा फेंकने पर दो पड़ोसियों के बीच की बहस, सड़कों पर निकलते फेरी वाले, गाड़ियों का शोर, बगीचों में चहलकदमी करते लोग, ऐसे कई दृश्य हमारे रोजमर्रा के जीवन में इतने रचे-बसे हुए हैं कि हमें इनकी अहमियत का अहसास ही नहीं होता। तमाम तरह की उलझनों से भरे, मामूली से लगने वाले इस जीवन की क्या कीमत है, ये जंग के शिकार लोग ही बता सकते हैं। फिलिस्तीन के गाज़ा जैसे इलाके के लोग ऐसे ही सामान्य जीवन के लिए अब न जाने कब तक तरसते रहेंगे। इजरायल के फिलिस्तीन पर हमले को दो हफ्ते होने आए हैं, लेकिन युद्ध विराम का कहीं कोई संकेत नहीं मिल रहा। बल्कि अब तो इजरायल सीधे-सीधे नरसंहार पर उतर आया है। युद्ध शुरु होते ही इजरायल की ओर से गाजा क्षेत्र में बिजली, पानी जैसी सुविधाओं की आपूर्ति रोक दी गई। संयुक्त राष्ट्र संघ ने नसीहत दी कि ऐसा करना ठीक नहीं होगा। लेकिन मौजूदा वैश्विक मंच पर संरा की भूमिका भी घर के उस बूढ़े सदस्य की तरह हो गई है, जिसकी बात लिहाज कर सुनी तो जाती है, लेकिन मानी नहीं जाती। हमास के खात्मे का बीड़ा इजरायली राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने उसी तरह उठाया है, जैसे 11 सितंबर के हमले के बाद अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन को खत्म करने की कसम खा ली थी। लादेन को खत्म करने के फेर में पूरे अफगानिस्तान में तबाही मचा दी गई। 20 सालों बाद वही तालिबान फिर से अफगानिस्तान पर शासन कर रहा है, जिसे खत्म करने के लिए अमेरिका ने अपने हजारों सैनिकों को तैनात कर के एक लंबे युद्ध में अफगानिस्तान को झोंक दिया था। अमेरिका के हिसाब से लादेन पाकिस्तान में घर में घुसकर मार दिया गया। हालांकि उसके बाद लादेन की लाश का क्या हुआ, और आतंकवाद खत्म करने की कसम का क्या हुआ, इस बारे में कौन सवाल करे। सवाल अगर किए जाते तो आज इजरायल वही खेल नहीं खेल रहा होता।

> अस्पताल पर हमला करके इजरायल ने बता दिया है कि वह युद्ध बिना नियम-कायदे के लड़ने में यकीन करता है। हालांकि इसमें बहादुरी नहीं, कायरता दिखती है। बहादुरी तो तब होती, जब इजरायल आतंकवाद को समूल नष्ट करने की कोशिश करता। जो उत्पीड़न यहूदियों ने हिटलर के शासन में भुगता, जिस हिंसा का शिकार 7 अक्टूबर को त्योहार मनाते आम इजरायली लोग हुए, उस हिंसा से दुनिया को महफ़ूज़ रखना ही असली बहादुरी होती।

हमास को जड़ से उखाड़ने के नाम पर इजरायल रोजाना सैकड़ों फिलिस्तनियों को मार रहा है। साढ़े सात सौ से अधिक बच्चे इजरायल के हमले में मारे जा चुके हैं। इजरायल की ओर से चेतावनी दी जा रही है कि इतने घंटे में ये इलाका खाली करो। जैसे कीड़ों-मकोड़ों के सफाए के लिए कीटनाशक का छिड़काव किया जाता है और खुद के मुंह में पट्टी बांध ली जाती है कि उसका नुकसान खुद को न हो, उसी अंदाज में राकेट और बमों का छिड़काव फिलिस्तीन पर करके वहां जीते-जागते इंसानों को कीड़ों की तरह ही खत्म किया जा रहा है। दो-दो विश्वयुद्धों की क्रूरता, हिटलर का कत्लेआम, हिरोशिमा-नागासाकी पर अणु बम से बरसाया गया कहर, ये सब कुछ पिछले सौ सालों में ही दुनिया ने देखा है। सभ्यता का विकास हुआ होता, तो दुनिया इतनी तबाही देखकर युद्ध से तौबा कर लेती। लेकिन हम तो सभ्यता को ठेंगा दिखाते हुए फिर से आदिम युग में लौटने की तैयारी कर रहे हैं। फर्क यही है कि हमने नाखूनों को काटना सीख लिया है, तो प्रहार करने के तरीके बदल गए हैं। अब चालाक इंसान मारक हथियारों से वार करता है, जिसमें इंसान ही नहीं इंसानियत के चिथड़े भी उड़ाए जा सकें। बारुदी हथियारों के अलावा अब झूठी खबरों का हथियार भी इंसान के पास है, और इन दोनों का मेल इतना जबरदस्त होता है कि फिर विरोधी पक्ष का तड़प-तड़प कर मरना तय है।

मंगलवार की रात को ही खबर आई कि इजरायल की वायुसेना ने गाजा के अल अहली अस्पताल पर रॉकेट दागे। इस हमले में कम से कम 5 सौ लोग मारे गए हैं। लेकिन इजरायल ये दावा कर रहा है कि ये हमला उसने नहीं हमास ने किया है। इस हमले का वीडियो भी इजरायल की ओर से जारी किए गए हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर वैसी ही तस्वीर वाला एक और वीडियो सामने आया है, जो 2022 का बताया जा रहा है। यानी ये हो सकता है कि इजरायल जिसे हमास के अस्पताल पर हमले का वीडियो बता रहा है, वो पुराना वीडियो हो। हो सकता है इजरायल फेक न्यूज का सहारा लेकर अपनी करनी से बचने की कोशिश रहा है। क्योंकि इस समय दुनिया भर की अवाम फिलिस्तीन के हक में आवाज उठा रही है, खुद इजरायल के कई नागरिक अपनी सरकार से इस बात के लिए नाराज हैं कि वो फिलिस्तीन के आम लोगों को निशाना बना रही है। इजरायल की सरकार के साथ दुनिया के शक्तिशाली नेता तो खड़े दिख रहे हैं, लेकिन जनता की आवाज सरकारों की आवाज से अलग सुनाई दे रही है।

अस्पताल पर हमला करके इजरायल ने बता दिया है कि वह युद्ध बिना नियम-कायदे के लड़ने में यकीन करता है। हालांकि इसमें बहादुरी नहीं, कायरता दिखती है। बहादुरी तो तब होती, जब इजरायल आतंकवाद को समूल नष्ट करने की कोशिश करता। जो उत्पीड़न यहूदियों ने हिटलर के शासन में भुगता, जिस हिंसा का शिकार 7 अक्टूबर को त्योहार मनाते आम इजरायली लोग हुए, उस हिंसा से दुनिया को महफ़ूज़ रखना ही असली बहादुरी होती। मगर बेंजामिन नेतन्याहू की सरपरस्ती में इजरायल फिलिस्तीन को पूरी तरह नक्शे से मिटाने का एक खतरनाक खेल रहा है। धर्म, राष्ट्रवाद, बदला, नफरत सबका एक घातक कॉकटेल तैयार किया गया है, राहुल गांधी ऐसे ही कॉकटेल को कैरोसिन कहते हैं, जो एक बार छिड़क दिया जाए, तो फिर आग को भड़कने से कोई नहीं रोक सकता।

हमास के हमले के बाद इजरायल तुरंत युद्ध छेड़कर ये साबित कर चुका है कि उसकी दिलचस्पी शांति में कतई नहीं है। अगर होती तो हमास के खात्मे के तार्किक तरीके ढूंढे जाते, संयुक्त राष्ट्र संघ की विभिन्न एजेंसियों, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में जाने, आर्थिक प्रतिबंध लगाने जैसे कई और उपायों पर विचार किया जाता। मगर उससे तो समस्या के सुलझने का रास्ता तैयार होता और सत्ता की राजनीति को सुलझे तरीके रास नहीं आते हैं। चीजें उलझी रहें तो हर तरह से मुनाफा लिया जा सकता है। इजरायल यही कर रहा है और अब अमेरिका भी यही कर रहा है। हमेशा की तरह अमेरिका इस लड़ाई में कूद चुका है। जो बाइडेन ने साबित कर दिया है कि डोनाल्ड ट्रंप, बराक ओबामा जैसे अपने तमाम पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों की तरह वे भी अमेरिका की महानता के गुण गाते हुए पूरी दुनिया में लोकतंत्र की रक्षा का बीड़ा उठाएंगे और युद्धग्रस्त क्षेत्रों में दखलंदाजी करके एक पक्ष को अपना साथ देकर शांति का मसीहा बनेंगे। बराक ओबामा को तो शांति का नोबेल पुरस्कार मिल ही चुका है, अब शायद जो बाइडेन भी इजरायल का साथ देकर हमास को खत्म करने में मदद करके ऐसा ही कोई पुरस्कार अपने नाम करवा लें।

दुनिया का चौधरी बनने की अपनी फितरत से अमेरिका बाज नहीं आ रहा। इधर भारत शांतिदूत की भूमिका से पीछे हट ही चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले दिन ही इजरायल पर हमले की आलोचना करते हुए साथ देने की बात कह दी। पांच दिन बाद विदेश मंत्रालय ने फिलिस्तीन के समर्थन में बयान दिया। घर में घुसकर मारने की बात से आह्लादित होने वाले लोगों को मोदीजी का रवैया अच्छा ही लगा। मगर सोचने वाली बात ये है कि फिलिस्तीनियों ने भारत का कभी कुछ नहीं बिगाड़ा है, फिर भारत में बहुत से लोग फिलिस्तीन के विरोध में क्यों हैं। क्या नफरत हमें हमारे घर में घुसकर मारना शुरु कर चुकी है। क्या हमें अपने सामान्य जीवन से ऊब होने लगी है, जो युद्ध में हम अपना रोमांच तलाशने लगे हैं। सत्ताधीश अपने सियासी फायदे के लिए चाहे जो खेल खेलें, मोहरा आम नागरिक ही बनते हैं। इसलिए युद्ध के बादलों के बीच अब उस कपोत को आवाज देनी होगी, जो जैतून की टहनी मुंह में दबाकर लाए और दुनिया को उसके हरेपन से भर दे।

# एक कमजोर रस्सी पर लटका है कर्नाटक जनता दल (एस) और भाजपा का संबंध

■ सुशील कुट्टी

कर्नाटक में जनता दल (सेक्युलर) बीच में बंट गई है। यदि संगठन के बाह्य रूप में नहीं, तो कम से कम मनभेद से। पार्टी के बड़े नेता सी एम इब्राहिम इस झगड़े के केंद्र में हैं, जिसने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और उनके बेटे, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाले गौड़ा परिवार को गठबंधन चुनने के लिए मुश्किल स्थिति में डाल दिया है, और उनके लिए ही दुखद है कि 'सार्वभौमिक राजनीतिक अछूत', भारतीय जनता पार्टी के साथ, जो लोकतांत्रिक दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे अमीर राजनीतिक पार्टी भी है।

अब गौड़ा भी पार्टी में खतरनाक दरार के लिए जिम्मेदार हैं, जिसे कुछ लोग यह कहकर खुद को बेवकूफ बना रहे हैं कि यह विभाजन नहीं है, बल्कि केवल मतभेद है जो बनते-बनते विभाजन में तब्दील हो गया है। सबसे ख़राब स्थिति में, जेडी सेक्युलर एक जर्जर रस्सी से लटका हुआ है और अलार्म बजाने की कोई ज़रूरत नहीं है, भले ही राज्य पार्टी प्रमुख हर किसी को बता रहे हों कि यह मेरा रास्ता है या राजमार्ग।

> अब गौड़ा भी पार्टी में खतरनाक दरार के लिए जिम्मेदार हैं, जिसे कुछ लोग यह कहकर खुद को बेवकूफ बना रहे हैं कि यह विभाजन नहीं है, बल्कि केवल मतभेद है जो बनते-बनते विभाजन में तब्दील हो गया है। सबसे ख़राब स्थिति में, जेडी सेक्युलर एक जर्जर रस्सी से लटका हुआ है और अलार्म बजाने की कोई ज़रूरत नहीं है।

सी एम इब्राहिम कोई स्प्रिंग-चिकन नहीं हैं। न ही उनका जन्म कल हुआ था। वह जनता दल (सेक्युलर) का वर्तमान मुस्लिम चेहरा हैं। उनके कारण मुसलमानों के बहुत सारे वोट जद (एस) को मिलते हैं। अगर जनता दल (सेक्युलर) भाजपा के साथ बने रहने पर जोर देती है तो उसे उनके वोट से चूकना होगा जो पार्टी बर्दाश्त नहीं कर सकेगी। जब गुस्सा शांत होगा और इस विशेष नाटकीय घटनाक्रम पर धूल जम जायेगी, तो बेहतर समझ कायम होगी और पार्टी एकजुट रहेगी।

सही? नहीं गलत। गौड़ा कबीले की चुनौती को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह अवज्ञा है जो विभाजन से भी आगे जाती है। यह एक बेशर्म अधिग्रहण बोली है। पिता-पुत्र की जोड़ी एक कंप्यूटर चिप की तरह बदली जा सकती है। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के साथ गठबंधन करने का पार्टी का निर्णय एक तैयार बहाना है। सीएम इब्राहिम का कहना है कि उनका 'गुट' मूल है और गौड़ा का जद (एस) विभाजित है। किसी भी स्थिति में, भाजपा के साथ गठबंधन करने का मतलब है कि जनता दल अब 'धर्मनिरपेक्ष' नहीं रहेगा।

अगर किसी को अब भी आपत्ति है तो बता दें कि राज्य इकाई के अध्यक्ष के रूप में इब्राहिम को न केवल निर्णय लेने बल्कि उन्हें कर्नाटक में लागू करने का भी पूरा अधिकार था। इब्राहिम का फैसला है कि जद (एस) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में नहीं रहेगी और वह इस फैसले से एचडी देवेगौड़ा को अवगत कराने के लिए एक कोर कमेटी बनाने जा रहे हैं।

जनता दल (सेक्युलर) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष का विद्रोह हवा के साथ चलना तय है। अगर उनका फैसला जनता दल (सेक्युलर) में संभावित विभाजन का संकेत दे रहा है तो ऐसा ही होगा। जाहिर तौर पर आधा जनता दल (सेक्युलर) इब्राहिम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। 'मैं जद(एस) का कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष हूं,' यह हाल के दिनों में किसी द्वारा दिया गया सबसे जोरदार राजनीतिक बयान है।

तो, जनता दल (सेक्युलर) में विभाजन का ट्रेंड है। सीएम इब्राहिम के हवाले से कहा जा रहा है कि पार्टी ने 2024 का आम चुनाव लड़ने के लिए एनडीए में शामिल नहीं होने का फैसला किया है और पार्टी सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा की अब कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं है। अब केवल उन विधायकों की संख्या गिनना बाकी है जो गौड़ा को गिराने में इब्राहिम के साथ शामिल हो गये हैं। इब्राहिम ने भाजपा के साथ संबंध तोड़ने के फैसले को 'हमारा पहला निर्णय' करार दिया। दूसरा, देवेगौड़ा से भाजपा के साथ गठबंधन के लिए 'नहीं' कहने का अनुरोध करना था। कोर कमेटी देवेगौड़ा से मिलेगी और उन्हें बतायेगी कि जहां तक जनता दल (सेक्युलर) का सवाल है तो यह खेल भाजपा के लिए है।

देवेगौड़ा के बेटे एचडी कुमारस्वामी ही थे जिन्होंने भाजपा के साथ जनता दल (सेक्युलर) का गठबंधन किया था। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा से मुलाकात की। दोनों दल गठबंधन पर मुहर लगाने ही वाले थे कि तभी इब्राहिम ने पूरे भाजपा-जनता दल (सेकुलर) समझौते पर पानी फेर दिया।

क्या भाजपा को इसका अनुमान था? बिल्कुल नहीं, जब तक जनता दल (सेक्युलर) ने ऐसा नहीं किया। इब्राहिम ने भाजपा के साथ-साथ गौड़ा को भी मुश्किल में डाल दिया है। उन्होंने अपनी गेंद गुगली के बराबर फेंक दी और इसने न केवल गौड़ा नेतृत्व को क्लीन बोल्ड कर दिया, बल्कि भाजपा को भी बाहर कर दिया। क्रिकेट में ऐसा कभी नहीं हुआ।

भाजपा मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में विधानसभा चुनावों में उतर रही है और मतदाताओं के मन में जनता दल (सेक्युलर) के त्याग की यादें ताजा हैं। क्या जनता दल (सेक्युलर) का फैसला उन पांच राज्यों में मतदान पर अपनी छाप छोड़ेगा जहां चुनाव होंगे? इब्राहिम ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन उनकी 'सर्वसम्मत राय' है जो सदैव दिमाग में रहेगी और शायद प्रभाव भी डालेगी।

फिर यह फैसला रद्द नहीं किया जायेगा। कुमारस्वामी और देवेगौड़ा ग्रामीण परिदृश्य को उलट-पुलट कर सकते हैं लेकिन निर्णय कसौटी पर खरा उतरेगा। इब्राहिम ने कुमारस्वामी को 'भाई' और देवेगौड़ा को 'पिता' कहा और उन्होंने कहा, 'उन्हें मेरा संदेश है कि कृपया वापस आ जायें', जो पिता और पुत्र को बता रहा है कि जनता दल (एस) आपकी समझ से बाहर है। ध्यान देने वाली महत्वपूर्ण बात यह है कि एक परिवार द्वारा संचालित पार्टी ने अपना जुआठ उतार फेंका है। कम से कम एक राजनीतिक राजवंश लूप से बाहर है। यह भी सोचने के लिए है कि भाजपा, जो वंशवाद की इतनी विरोधी है, उसके साथ गठबंधन करने पर आमादा थी, चुनावी राजनीति की लूट के लिए एक वंशवाद का सहारा। विरोधाभास दिमाग चकरा देने वाला है।

## पावन प्रसंग

### प्रेरणाओं को ग्रहण करने का पर्व

भगवान राम का जीवन इसीलिए युगांतकारी हो जाता है, क्योंकि उनके आगमन के साथ न केवल असुरता का अंत होता है, लंका का अंत होता है बल्कि रामराज्य का प्रारंभ भी होता है। अवतारों के अवतरण का उद्देश्य ही यह होता है अपने जीवन के माध्यम से ऐसे उदाहरण जनसामान्य के सम्मुख रखते हैं कि जिनसे प्रेरणा प्राप्त करके व्यक्ति नर से नारायण, मानव से महामानव और क्षुद्र से महान बन सकते हैं साथ ही वे ऐसे अभियानों को भी जन्म देते हैं, जिनका अंग बनकर मनुष्य में दिव्य भावनाएं, उत्कृष्ट विचार, आदर्शवादी क्रिया चेष्टाएं, आदर्शवादी क्रिया चेष्टाएं दृष्टिगोचर होने लगती हैं।

रामनवमी का पर्व मंगलकारी पर्व भगवान राम का यह जन्मदिवस सम्पूर्ण वसुधा के लिए एक मंगलमय अवसर के रूप में मनाया जाता है। भारतीय संस्कृति के आदर्शों को अपने जीवन में मूर्तिमान करने वाले भारतीय धर्म के आकाश में सूर्य की तरह चमकने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणाओं को ग्रहण करने का पावन पर्व इसे कह सकते हैं। ध्यान से देखें तो वर्तमान समय में भी लगभग वैसी ही परिस्थितियां हैं, जिस तरह की परिस्थितियों में भगवान राम के अवतरण के कथानक को लिखा गया था। जिन परिस्थितियों में भगवान राम ने अपने पुण्यचरित्र को जनमानस के सम्मुख प्रस्तुत किया था, वर्तमान समय भी कुछ-कुछ वैसा ही है।

रावण सही पूछा जाए तो एक व्यक्ति से ज्यादा ऐसी विकॉत मानसिकता का नाम है- जो छोटे उद्देश्यों, छोटे कार्यों, स्वार्थ, अहंकार, लोभ, लालच हिंसा से परिभाषित होती है। गंभीरता से सोचें तो क्या ऐसा नहीं लगता कि आज की परिस्थितियों और आज का वातावरण-वैसी ही मानसिकता का प्रतीक बन गए हैं। आज के समय को देखें तो ऐसा प्रतीत होता है कि मानो स्वार्थ और संकीर्णता फैशन में आ गए हैं और अपने हितों को पूरा करने की अंधी दौड़ में लोग सज्जनता और मानवता का जनाजा निकालने में संकोच भी नहीं करते हैं। आजे जैसी भावाएं जितनी संकुचित हुई है और परस्पर के स्नेह विश्वास का स्थान शक, संदेह और कठोरता ने ले लिया है। कितना बड़ा दुर्भाग्य है कि आज ईमानदारी ,कर्तव्यपरायणता और विश्वसनीयता इतनी तेजी से गिर रहे हैं कि व्यक्ति के मन में न समाज का संकोच है न प्रशासन का भय है। और न ही उसके मन में ईश्वरीय न्याय व्यवस्था पर जरा भी भरोसा रह गया है। परिणाम यह है कि वो मानवीय जीवन जिसको हम परमेश्वर प्रदत्त सौभाग्यों में सबसे ऊपर गिनते थे, उसका मूल्य शून्य हो गया है और यह देवदुर्लभ जीवन मात्र उलझनों परेशानियों और पापों को इकट्ठा करने में ही चला जाता है।

अवतारी सत्ताओं के आगमन का उद्देश्य भी कुछ वैसा ही होता है। वही अंतर महापुरुषों में एवं अवतारों में होता है। महापुरुषों के जीवन निश्चित रूप से प्रेरक होते हैं, अनुकरणीय होते हैं, प्रख्यात एवं लोकप्रिय होते हैं। परंतु अवतारों के जीवन में इन विशेषताओं के अतिरिक्त भी एक विशेषता होती है कि वो कालचक्र की दिशा को परिवर्तित करने के लिए आते हैं।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### विदेशों में सेवारत भारतीय, भारत की अर्थव्यवस्था पर चोट, प्रभावी अंकुश जरूरी

विगत दो दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं। इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है। इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है। इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति है। भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा, तक्षशिला, शांति निकेतन और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से छात्र शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वहीं भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है कि विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है। मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं,जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है।

भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम ख़र्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों की पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं। भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो, पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है। यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाए और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। असल चिंता की बात यह है कि विदेश में जाने वाले छात्र वहां पढ़कर वही के संस्थानों में अपनी नौकरी खोज कर वहीं रहने लगते हैं। दूसरा यह है कि यहां की तकनीकी टॉप संस्थानों के होनहार युवक विदेशों में मोटी-मोटी तनख्वाह में नौकरी देख कर विदेश चले जाते हैं, इस तरह भारत सरकार का उन पर किए जाने वाला खर्च का फायदा भारतीय संस्थानों को न होकर विदेशी संस्थाएं उठा ले जाती है। इस तरह प्रतिभा पलायन भारत के लिए और भारतीय शिक्षा पद्धति तथा भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए नुकसानदेह भी है। भारत ने आसियान देशों के एक हजार छात्रों के लिए फैलोशिप कि 2018 में योजना बनाकर राशि आबंटित की थी। हर साल 200 से 300 छात्रों को बड़े तकनीकी संस्थानों में डॉक्टरेट की उपाधि देने की योजना बनाई थी। बीते वर्ष केवल आसियान देशों के 45 छात्रों ने पंजीयन करवाया था,इस तरह विकासशील देशों के छात्र भी भारत में पढ़ाई के लिए आकर्षित नहीं हो रहे हैं। मानव संसाधन विभाग को उच्च शिक्षा उपयोगी और व्यवसायिक शिक्षा के रूप में दी जानी चाहिए, जिस की उपयोगिता रोजमर्रा के कामों में हो सके और शिक्षा के माध्यम से युवकों को शत-शत रोजगार प्राप्त हो सके। तभी प्रतिभा पलायन में अंकुश लग हमारी शिक्षा पद्धति की उपयोगिता बढ़ेगी।

**संजीव ठाकुर**

# प्रदेश स्तर पर होगी ऑनलाइन काउंसलिंग चार कॉलेज से जुड़ेंगे 3 हजार छात्र

## हायर एजुकेशन- मप्र उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 20 अक्टूबर को होगा आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के छात्रों को सिविल सर्विस की परीक्षा में सफलता पाने के दिशा-निर्देश देने के लिए मप्र उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 20 अक्टूबर को विशेष काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जहां प्रदेश के अलग-अलग कॉलेजों का चुनाव किया गया है, वहीं जिले से 4 कॉलेजों की सहभागिता के लिए निर्देश जारी हुए हैं। इस आयोजन में तकरीबन 3 हजार छात्र जुड़कर समस्याओं का समाधान पाएंगे।

### पहले से संचालित हैं कक्षाएं

गौरतलब है कि जिले के डिग्री कॉलेजों में सत्र की शुरुआत से ही स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत सिविल सर्विसेज की तैयारी करवाई जाती है। इसमें विषय विशेषज्ञों के जरिए युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं में चयन की प्रक्रिया से रूबरू करवाया जाता है।

### जिले से इन कॉलेजों की सहभागिता

- शासकीय होमसाइंस कॉलेज
- शासकीय महाकोशल कॉलेज
- शासकीय विज्ञान कॉलेज
- शासकीय मानकुंवर कॉलेज

### इनका कहना है

युवाओं को भोपाल के विशेषज्ञ द्वारा गाइड किया जाएगा। ऑनलाइन काउंसलिंग से जुड़ने की तैयारी हो चुकी है। छात्रों को ऑनलाइन लिंक भी दिए जाएंगे, ताकि वे कॉलेज यदि नहीं आ रहे हैं तो अपने स्थान पर ही जुड़ सकें।

**डॉ. अरुण शुक्ल,** नोडल अधिकारी

# हाई कोर्ट में स्थानांतरित होकर आएंगे तीन जज



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश हाई कोर्ट में दूसरे हाई कोर्ट्स से तीन जज स्थानांतरित होकर आएंगे। इनमें इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार-चतुर्थ, आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति दुपल्ला वेंकटरमन और पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजमोहन सिंह शामिल हैं। राष्ट्रपति की अनुमति के बाद केंद्रीय विधि एवं न्याय विभाग ने बुधवार को इस आशय की अधिसूचना जारी की। शीघ्र ही तीनों न्यायाधीश मप्र हाई कोर्ट आकर कार्यभार संभाल लेंगे। वर्तमान में मप्र हाइ कोर्ट में कुल 53 स्वीकृत पदों के मुकाबले महज 31 जज कार्यरत हैं। तीन नए जज आने के बाद यह संख्या बढ़कर 34 हो जाएगी। इसके बाद भी 19 पद रिक्त रहेंगें।

# जिला निर्वाचन के प्रशिक्षण मीडिया को दिखाया लाइव पीओ से पी थ्री तक कर रहे फुल ट्रेंड

**जबलपुर, देशबन्धु।** निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में शुरु हो चुके प्रशिक्षण सत्र को जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर के निर्देश पर पत्रकारों और मीडिया कर्मियों को लाइव दिखाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कमरों में ट्रेनर्स मास्टर ट्रेनर्स द्वारा चुनाव यूटी पर आए व विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को ना रही जानकारी और लाइव प्रदर्शन कर इलेक्ट्रॉनिक मशीन तथा जैसे उपकरणों का उपयोग और गाहा था। इस अवसर पर कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने पत्रकारों से चर्चा का विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण का यह पहला चरण विगत 16 अक्टूबर से प्रारंभ हो आगामी 21 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें पीओ से लेकर पीक तक की जानकारी दी जा रही है साथ ही मशीनरी को एक्सपर्ट होने का है। खीर पर मशीनरी और पेपर वर्क के मिलान पर दी जा रही है। प्रशिक्षण में सामान्य- प्रतिशत अधिकारी-कर्मचारी आ रहे हैं जो नहीं आ रहे उनसे जानकारी ली जा रही है कि नहीं आए। यदि लापरवाही पाई जाती है तो नियम अनुसार एक्शन लिया है।



# पूर्व विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी के जनसंपर्क का दूसरा दिन

**जबलपुर,देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में पूर्व विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चितरंजनदास वार्ड में विधायक एवं कांग्रेस प्रत्याशी लखन घनघोरिया ने गोहलपुर हनुमान मंदिर से पूजन अर्चन कर अहमद नगर सभाष नगर से वंदना नगर से मालगुजार परिसर नर्मदा नगर से भैंसासुर मंदिर से होते हुए ओम नगर में जनसंपर्क कर विधायक एवं कांग्रेस प्रत्याशी लखन घनघोरिया ने जनता से कहा कि मध्यप्रदेश में आपके आर्शीवाद से कांग्रेस की सरकार बनी तो बुनियादी बच्चों के लिए 500 राशि एवं उनसे बड़े विद्यार्थियों के लिए कक्षा 9वीं एवं 10वीं तक के लिए 1000 राशि प्रति माह तथा कक्षा 11वीं एवं 12वीं तक के विद्यार्थियों को 1500 राशि प्रतिमाह अनुदान के रूप में कांग्रेस सरकार के द्वारा प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व विधानसभा क्षेत्र में अधिकतर गरीब तबके के लोग रहते हैं उनका ध्यान रखना मेरा कर्तव्य है। इस मौके पर पार्षद प्रमोद पटेल, वृद्धावन कुशवाहा, विजय पटेल, राजेश कनौजिया, इरफान अंसारी, लाला केशरवानी, विनोद बेन, मिहीलाल रजक, विनोद कुशवाहा, पुष्पा कुशवाहा, राजा सेन, सुरेन्द्र कोष्टा, सौरभ कनौजिया, रोहित चतुर्वेदी, मोहम्मद अशरफ मंसूरी, नोनेलाल कुशवाहा, इसरत परवीन, मेहताबुन निशा, प्रियंका केशरवानी, गणेश केवट,रहीद अंसारी, अनुज पाण्डे, विवेक सोनी, हीरालाल सैकड़ों की तादात में कांग्रेस कार्यकर्ता जनसंपर्क में उपस्थित थे।




# 37वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन 25 अक्टूबर से 9 नवंबर तक गोवा में होगा

**जबलपुर, देशबन्धु।** 37वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन 25 अक्टूबर से 9 नवंबर तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता की मेजबानी इस वर्ष गोवा करेगा। जिसमें 43 खेल विधाओं को शामिल किया गया है। गोवा में आयोजित हो रहे खेलों में मध्य प्रदेश के 424 खिलाड़ियों के साथ 100 प्रशिक्षकों, खेल मैनेजरों और अधिकारियों को मिलाकर 524 लोगों का दल गोवा जाएंगा। पहली बार राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाड़ी इतनी अधिक संख्या में शामिल हो रहे है। प्रदेश ने 36 खेलों में पात्रता हासिल की है। इस आशय की जानकारी मध्य प्रदेश ओलम्पिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह ने कल्चुरी होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों को दी। गोवा में आयोजित होने 37वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किया जायेगा।

पिछले राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश ने 7 वां स्थान प्राप्त किया था, लेकिन इस बार प्रथम पांच स्थान में आने का लक्ष्य खिलाड़ियों के समक्ष रखा गया है। सभी विधाओं के प्रशिक्षण शुरू हो चुके है। खेल विभाग के माध्यम से सभी खिलाड़ियों तृतीय श्रेणी का एसी यात्रा टिकट और किट के साथ सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। जीतने वाले खिलाड़ियों को शासन द्वारा नगद पुरूस्कार से सम्मानित किया जाएगा। जिसमें स्वर्ण पदक विजेताओं को 5 लाख, रजत पदक वालों को 3 लाख 20 हजार और कास्यं पदक जीतने वाले विजेताओं को 2 लाख 40 हजार रूपये की राशि देकर पुरूस्कृत किया जायेगा। गोवा जाने वाले दल के चीफ पीएस बुंदेला एवं डिप्टी चीफ विकास खराडकर और सुनील भारती होंगे। गोवा में आयोजित होने 37वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किया जायेगा।

# वोटिंग लिये श्रमदान की थीम पर मतदान केंद्रों को दिया जा रहा आकर्षक स्वरूप





**जबलपुर, देशबन्धु।** मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने किये जा रहे अभिनव प्रयोगों के तहत जिले भर में मतदान के लिये श्रमदान की थीम पर समुदाय की सहभागिता अर्जित कर मतदान केंद्रों को आकर्षक स्वरूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में पंडित लज्जाशंकर झा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल स्कूल की दीवारों पर पेंटिंग बनाई जा रही है ।

## महिलायें कर रही मॉडल स्कूल की दीवारों पर पेंटिंग

चूंकि मॉडल स्कूल स्थित मतदान केंद्र को ऑल वुमन मैनेज्ड बूथ के लिये चयनित किया गया। इसलिये यहाँ दीवारों को पेंट करने और आकर्षक चित्र बनाने का कार्य महिलाओं द्वारा ही किया जा रहा है । ये महिलायें अलग-अलग संस्थाओं से जुड़ी हैं और जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप सेल के आव्हान पर स्कूल की दीवारों को पेंट करने आगे आईं हैं ।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन के निर्देशानुसार मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने जिले भर में कई ऐसे मतदान केंद्र चिन्हित किये गये हैं जिन्हें स्थानीय जन समुदाय की सहभागिता से श्रमदान कर सजाया और सँवारा जायेगा । जिला पंचायत की सीईओ और स्वीप की नोडल अधिकारी श्रीमती जयति सिंह ने बताया कि ऐसे मतदान केंद्रों पर श्रमदान कर सजाने-संवारने और आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के पीछे स्थानीय समुदाय में मतदान केंद्रों से भावनात्मक जुड़ाव पैदा करना है, ताकि ज्यादा से मतदाता विधानसभा चुनाव के लिये 17 नवम्बर को होने वाले मतदान में शामिल हों और अपना कीमती वोट डालकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहभागी बने।

# पश्चिम विधानसभा के विकास में कोई कसर नहीं रखेंगे : राकेश सिंह



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर संसदीय क्षेत्र की तरह पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में शाश्वत विकास होगा इसके लिए जनता अपना आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी को दे रही है, यह बात पश्चिम विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह ने ग्वारीघाट वार्ड के जनसंपर्क के दौरान कही। मैं मानता हूं कि पश्चिम क्षेत्र में विकास की अनेको संभावनाएं है और आपके आशीर्वाद से पश्चिम विधानसभा क्षेत्र को मप्र का सुंदर और व्यवस्थित विधानसभा क्षेत्र बनाने का प्रयास करूंगा।

भाजपा प्रत्याशी ने जनसंपर्क की शुरुआत में ग्वारीघाट में माँ नर्मदा के पूजन किया इसके उपरांत वार्ड के कार्यकर्ताओं के साथ ग्वारीघाट थाने के सामने से बर्मन मोहल्ला, अवस्थी मोहल्ला , बेन मोहल्ला, झंडा चौक, पुरानी बस्ती रेतनाका, अवधपुरी कॉलोनी, दुबे बाड़ा, नर्मदा नगर, भीम नगर, बागड़ा दफाई, बावली लाइन पुरानी पीपी कॉलोनी में जनसंपर्क किया।

ग्वारीघाट वार्ड के जनसंपर्क में राममूर्ति मिश्रा, अरविंद पाठक, रजनीश यादव,कौशल सूरी, पार्षद शारदा कुशवाहा, मनीष दुबे, अमर मिश्रा, अखिलेश तिवारी, रामानुज तिवारी, शिवा चौधरी, दीपक यादव, राजेश पटेल, मालती चौधरी, काके आंनद, जय चक्रवर्ती, शरद गुप्ता, सुनील शर्मा के साथ वार्ड के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# अंतर महाविद्यालीन महिला कबड्डी में मंडला को हराकर जबलपुर बनी विजेता

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग खेल कैलेंडर के अनुसार आयोजक मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय जबलपुर में संभागीय कबड्ड़ी प्रतियोगिता में खेल गये मैच में डिंडौरी ने कटनी हराया, जबलपुर ने नरसिंहपुर को हराकर मंडला ने डिंडौरी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। निर्णायक फाइनल मैच में जबलपुर ने मंडला को 43 - 09 से हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया। जबलपुर विजेता टीम को मुख्य अतिथि मानकुंवर बाई महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संध्या चौबे के द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई इस दौरान डॉ. ज्योति जाट खेल अधिकारी, डॉ रश्मि चौबे, डॉ जे के गुजराल जी की उपस्थित रही एवं मैचों को सम्पन्न कराने में शानू यादव, पुष्पा रघुवंशी, दिनेश तिवारी, मोना सेंगर, संजीव कुमार, अमित कुमार ने अपनी निर्णायक भूमिका को बखूबी निभाया, आज के मैच में संगठन सचिव डॉ रमेश शुक्ला, डॉ शक्ति सिंह मंडलोई, डॉ हरीश दुबे, आशीष पाण्डे, डॉ शालिनी यादव, डॉ गुलबहार खान, भी उपस्थित रहे एवं महाविद्यालय के स्टॉफ सुशील यादव, योगेश ठाकुर, संदीप यादव, महेश वहाने की प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में इनकी अहम भूमिका रही द्य महाविद्यालय की खेल अधिकारी डॉ. ज्योति जाट के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

# शक्तिपुंज एक्सप्रेस का तीसरा रैक एलएचबी रैक में परिवर्तित

**जबलपुर, देशबन्धु।** यात्रियों की सुविधा एवं सरंक्षित यात्रा के लिए गाड़ी संख्या 11447/11448 जबलपुर-हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस में तीसरा रैक एलएचबी कोच से चलाने का निर्णय लिया गया है।

26 अक्टूबर से गाड़ी संख्या 11447 जबलपुर-हावड़ा एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से और वापसी में 28 अक्टूबर से गाड़ी संख्या 11448 हावड़ा-जबलपुर एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन हावड़ा स्टेशन से एलएचबी रैको के साथ प्रस्थान करेगी। गाड़ी में एलएचबी कोच लगने से गाड़ी की कोच कंपोजीशन इस प्रकार रहेगी।

एलएचबी कोच कंपोजीशन- इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 10 शयनयान श्रेणी, 01 सामान्य श्रेणी एवं 01 जनरेटर कार, 01 एसएलआरडी, 01 वीपी सहित कुल 20 एलएचबी कोच रहेंगे।

एलएचबी कोच पारंपरिक (आईसीएफ) कोच की तुलना में काफी आरामदायक और अधिक सुरक्षित होते हैं। इनमें उच्च गति क्षमता होती है और वजन में हल्का होते हैं। इन कोचों की एन्टी क्लाइम्बिंग विशेषताएँ दुर्घटनाओं के दौरान उन्हें ढेर होने से रोकती हैं। इससे यात्रियों को नुकसान कम होने की संभावना रहती है। नए डिजाइन में तैयार किये गए यह कोच यात्रा का सुखद एहसास कराते हैं।

## प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर उन्नयन का कार्य स्थगित

आगामी त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर प्रमुख उन्नयन कार्य अगली सूचना तक के लिए स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है। अतः इस कार्य के चलते निरस्त/ मार्ग परिवर्तित/आंशिक निरस्त की गईं गाड़ियों की सेवा बहाल रहेगी। सभी गाड़ियाँ अपने निर्धारित मार्ग से होकर नियमित समय-सारणी के अनुसार चलती रहेंगी।

# दो जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों का इन्दरगढ़ स्टेशन पर पांच दिनों के लिए अस्थाई ठहराव

**जबलपुर, देशबन्धु।** यात्रियों की सुविधा के लिए पमरे कोटा मंडल के इन्दरगढ़ स्टेशन पर दिनांक 19 अक्टूबर से 23 अक्टूबर, 2023 तक नवरात्रि मेला के अवसर पर प्रतिदिन चलने वाली दो जोड़ी एक्सप्रेस/सुपरफास्ट ट्रेनों का पाँच दिन के लिए अस्थाई ठहराव दिया गया है।

गाड़ी संख्या 12955 मुम्बई सेन्ट्रल से जयपुर जाने वाली गाड़ी इन्दरगढ़स्टेशन पर प्रतिदिन सुबह 08:39 बजे आगमन कर 08:40 बजे प्रस्थान करेगी इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 12956 जयपुर से मुम्बई सेन्ट्रल को जाने वाली सुपरफास्ट गाड़ी इन्दरगढ़ स्टेशन पर प्रतिदिन शाम 16:27 बजे आगमन कर 16:28 बजे गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 19037 बांद्रा टर्मिनल से बरौनी जाने वाली अवध एक्सप्रेस गाड़ी का इन्दरगढ़ स्टेशन पर प्रतिदिन दोपहर 13:15 बजे आगमन कर 13:17 बजे प्रस्थान करेगी तथा वापसी में गाड़ी संख्या 19038 बरौनी से बांद्रा टर्मिनल एक्सप्रेस इन्दरगढ़ स्टेशन पर प्रतिदिन सुबह 11:03 बजे आगमन कर 11:08 बजे गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेगी।

# फिलस्तीन और इजरायल की जंग में शांति की पहल करने राष्ट्रपति के नाम संभाग कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर, देशबन्धु।** फलस्तीन और इजरायल की जंग में मासूम इंसानों के कत्ले आम को रोकने के संदर्भ में जबलपुर के अमन पसंद युवाओं ने भारत के राष्टपति के नाम ज्ञापन जबलपुर संभाग कमिश्नर को सौंपा। युवाओं ने ज्ञापन के माध्यम से भारत सरकार से अपील है कि वे संयुक्त राष्ट संघ के आपात सत्र की मांग करे, वहां तत्काल सीज फायर का प्रस्ताव लाए। साथ इस समस्या के स्थाई हल के लिये प्रयास कर विश्व गुरु की भूमिका निभाए।

युवा प्रतिनिधि मण्डल का नेतृत्व कर रहे पत्रकार कलीम खान, एड. अफजाल रहमानी ने कहा, आज दुनिया में जो कुछ हो रहा है, उससे पूरी इंसानियत शर्मसार है। पूरे पूरे शहरों को बमों से उड़ाया जा रहा है। जब लोग रिफ्यूजी कैंप में पनाह ले रहें तो रिफ्यूजी कैंप में बम गिराए जा रहे हैं। घायल इलाज के लिये के अस्पताल पहुंच रहे तो अस्पताल पर बम बरसाए जा रहे हैं। इंसानियत अपनी पस्ती में है, कोई मासूमों की आवाज उठाने वाला नहीं है। ऐसे समय में पीड़ित इंसानियत, हमारे भारत की तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं।

युंका नेता रिजवान अली कोटी, अदनान अंसारी ने कहा, भारत सदियों से विश्व में शांति दूत रहा है। भारत सरकार ने हमेशा मानवता की आवाज उठाई और मजलूमों को सहारा दिया है। हमारी भारत सरकार से अपील है कि वे संयुक्त राष्ट संघ के आपात सत्र बुलाने की मांग करे। भारत आगे आकर सीजफायर का प्रस्ताव पेश करे। जिससे लाखों जानें बचाई जा सके।

इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार कलीम खान, युवा कांग्रेस नेता रिजवान अली कोटी, एडवोकेट अफजल रहमानी, तारीक अंसारी, सैफ मंसूरी, एड. अदनान अंसारी, एजाज अंसारी, बासित अंसारी, वकार, गुलाम नबी, समीर मुख्य रूप से मौजूद थे।

# लोकतंत्र में हिस्सेदारी हर नागरिक की जिम्मेदारी - कलेक्टर




**जबलपुर, देशबन्धु।** भँवरताल स्थित कल्चरल स्ट्रीट में दोपहर को *''गरबा महोत्सव जायके के साथ''* का जिला निर्वाचन अधिकारी के आव्हान पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में एक तरफ लाइव म्यूजिक, ओपन गरबा प्रतियोगिता, बच्चों के लिए खिलौने, मनोरंजन के साधन, आकर्षक सेल्फी प्वाइंट, तो दूसरी तरफ फस्ट टाइम वोटर को फूड स्टॉल पर 10 प्रतिशत की छूट के साथ मतदाता क्विज भी आयोजित किए गए थे। कार्यक्रम की शुरुआत में सबसे पहले महिलाओं और स्कूली छात्रों के द्वारा गरबा प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति में अलग-अलग पांच ग्रुप बनाए गए थे और लाइव म्यूजिक भक्ति गीतों की धुनों के माध्यम से प्रतिभागियों ने जमकर झूमते हुए गरबा किया। कार्यक्रम में पहुंचे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ के. सुमन ने पूरे कार्यक्रम का जायजा लेते हुए नए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। श्री सुमन ने कहा कि आप सभी प्रतिभागियों और नए मतदाताओं से आव्हान है कि लोकतंत्र में हिस्सेदारी, हर नागरिक, की जिम्मेदारी का भाव रखते हुए आप सभी मतदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि निडर होकर मतदान करें और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करें। कलेक्टर श्री सुमन ने मतदाताओं को मतदान से जुड़ी हर बात बारीकी से बताते हुए मतदान करने के लिए सभी को प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जयती सिंह, सहायक आयुक्त शिवांगी महाजन, स्मार्ट सिटी प्रशासनिक अधिकारी रवि राव और प्रमुख श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित थे। आज इस कार्यक्रम में सहयोगात्मक रूप से कॉलेज, स्व-सहायता समूह, पथ विक्रेता, जबलपुर बेटी वेलफेयर एसोसिएशन, राष्ट्रीय नारी सशक्तिकरण संघ, इनर व्हील लेडीज क्लब, फूड एसोसिएशन संघ आदि का भी विशेष रूप से सहयोग रहा। गरबा महोत्सव के इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने और नए वोटर ने गरबे में शामिल होकर झूम-झूम कर भक्ति गीतों पर गरबा करते हुए एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। जगह-जगह लगे स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल, और बच्चों के लिए खिलौने, अन्य मनोरंजन के साधनों के साथ आकर्षक सेल्फी प्वाइंट और विभिन्न प्रतियोगिताओं ने इस कार्यक्रम को बड़ी ही भव्यता प्रदान की।




## ओपन गरबा प्रतियोगिता में महिलाओं और स्कूली छात्रों ने किया गरबा

## देवी दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की आज होगी अराधना





**जबलपुर, देशबन्धु।** शारदेय नवरात्रि में देवी दुर्गा के 9 स्वरूपों की अलग-अलग विधि विधान से पूजा की जा रही है। नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के भक्त उन्हें प्रसन्न करने और उनकी कृपा पाने के लिए व्रत, पूजन, हवन, पाठ और जाप भी कर रहे हैं। मान्यता है कि नवरात्रि में दुर्गा मां भक्तों के घर में प्रवेश करती हैं, और नौ दिनों तक देवी दुर्गा अपने भक्तों घरों में वास करती है। शारदीय नवरात्रि कुंवार माह में पड़ती है, जिसे काफी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इसी क्रम में आज नवरात्रि की पंचमी को श्रद्धालु मां स्कंदमाता की विवि-विधान से पूजा अराधना कर अपनी और अपने परिवार की रक्षा और उन्नति की कामना करेंगे। देवी स्कंद माता के चार हाथ और तीन आंखें हैं। भगवान कार्तिकेय की माता हैं देवी स्कंदमाता हैं। देवी स्कंदमाता दुर्गा के स्वरूप की अराधना करने से खुशी, समृद्धि और मोक्ष की प्राप्ति होती है। स्कंदमाता की पूजा के बाद केले का भोग लगाने से शारीरिक स्वास्थ्य हमेशा स्वस्थ रहता है। इन्हें केले का भोग लगाया जाता है, इनको सफेद रंग अति प्रिय है। इनके जाप करने का मंत्र-ओम ऐं ह्रीं क्लीं स्कंध मताय नमः।

**श्रद्धालुओं ने चतुर्थी को जल ढारकर कुष्मांडा माता की पूजा-** नवरात्रि के चौथे दिन देवी दुर्गा के कुष्मांडा स्वरूप की पूजा की और मालपुओं का भोग अर्पण कर कामना की। नवरात्र के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने बूढ़ी खेरमाई शक्तिपीठ जाकर माता को जल ढारकर पूजा-अराधना कर मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। नवरात्र की चतुर्थी को श्रद्धालुओं ने बूढ़ी खेरमाई शक्तिपीठ में जल ढारकर माता की पूजा-अर्चना की।

## साधू होना कठिन, साधू बनना सरल : रावण

### छल से किया सीता का हरण, दुखी हुए श्रद्धालु

**जबलपुर, देशबन्ध।** संसार में साधू होना कठिन है, पर साधू बनना सरल है, कोई भी साधू बन कर किसी को भी छल सकता है। ये बात गोविंदगंज रामलीला में रावण ने मारीच से कही। रावण के इस व्यंग्य को समझदार दर्शक समझ गए। बहरहाल लीला प्रसंग के तहत मारीच मायामृग बना, और रावण ने सीता का हरण कर लिया। सीता हरण की लीला देख दर्शक भाव विहल हो गए। सीता विलाप और फिर उन्हें ढूंढने निकले श्रीराम का विलाप दर्शकों को दुखी कर गया।

**देवी सीते हो खबरदार**-देवी सीते हो खबरदार अब तू मेरे पंजे में है-मैं लंकापति रावण हूं, अब तू मेरे कब्जे में है, मैं शूर्पणखा का भाई हूं, क्या नहीं जानती है मुझको, मैं लंकापति रावण हूं, लंका ले जाउंगा तुझको। ये कहते हुए रावण ने सीता का हरण कर लिया। अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि श्रीराम के रूप में ओम दुबे, सीता के रूप में कार्तिक दुबे, रावण के रूप में पवन पांडे, सुतीक्षण के रूप में शंकर शर्मा, ने बढ़िया अभिनय किया।



**आज आएंगे अंजनीनंदन हनुमान-** श्री तिवारी ने बताया कि आज से मंच पर रामभक्त हनुमान का आगमन होगा। उन्होंने बताया कि हनुमानजी को मुकुट बड़े विधि विधान से धारण कराई जाती है। पूजन-अर्चन के बाद अंजनीनंदन रामलीला के हो जाते हैं। प्रभु से मिलने का प्रसंग बड़ा रोचक है। आज राम-हनुमान मिलन के साथ ही शबरी नवधा भक्ति, नारद गीता और फिर बालि वध की लीला होगी। दर्शकों से उपस्थिति की अपील की है।

## केवट संवाद दशरथ मरण लीला का मंचन हुआ

**जबलपुर, देशबन्धु।** सदर स्थित धनुष यज्ञ रामलीला में केवट और श्रीराम के संवाद की लीला का मंचन किया गया। जहां केवट श्रीराम से कहते है, हे राम जिस तरह मैंने आपको अपनी नाव से नदी पार कराई है, इसी तरह मुझे आप भव सागर पार करा देना। लेकिन नाव में बैठने से पहले मुझे अपने पैरों की चरण वंदना कर लेने दीजिए। इस मौके पर मधुर तिवारी, शारदा तिवारी, विनय आर्याश तिवारी, अरनव तिवारी, अभिषेक चौकसे, राजकुमार केसरवानी, नर्मदा गुप्ता, रमन अग्रवाल, अमरचंद बावरिया, लखन ठाकुर, महेश कटारे। आज भरत अयोध्या आगमन, चित्रकूट गमन की लीला का मंचन होगा। सीताराम कुरचानिया, धनंजय बाजपेई, संदीप चौकसे, प्रकाश सोनी, राहुल रजक, पहलाद श्रीवास्तव ,संतोष तिवारी, मोहित अग्निहोत्री, मनोहर लाल अग्निहोत्री, आशीष पाठक, रजनीकांत अवस्थी, प्रकाश पंडित, संतोष पटेल, रमेश बिल्वािया, डी.पी कमल, विजय ठाकुर, आकाश नायडू, ज्ञानचंद गुप्ता, राकू स्वामी, संजय शुक्ला दिनेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।




## हाय राम कहते ही दशरथ ने त्यागे प्राण



गढ़ा रामलीला में दशरथ मरण एवं भरत आगमन की लीला संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री रामलीला समिति गढ़ा जबालीपुरम में सबसे पहले भगवान श्रीराम की आरती संचालक अशोक मनोध्याय, निर्देशक राजेश मिश्रा, सनातन धर्म महासभा अध्यक्ष ठा.सुभाष सिंह, राजकिशोर गौतम, रमेश अग्रवाल एवं गोविंदगंज रामलीला से आऐ सदस्यों ने की। आरती उपरांत गोविंदगंज रामलीला के राजेश पाठक, राकेश पाठक, मुकेश पाठक,अंकुर, सार्थक, आस्था, वरेण्य, विभुम छोटा फुहारा जबलपुर वालों ने विमला देवी, शारदा प्रसाद पाठक की स्मृति में श्री रामलीला समिति गढ़ा को भगवान के लिए चांदी की चरण पादुका, छत्र एवं आसन सप्रेम भेंट की। साथ ही गोविंदगंज रामलीला से पवन पांडे एवं अरुण दुबे संरक्षक उपस्थित रहे। समिति के संचालक अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष रमाशंकर कटारे, राजेन्द्र प्यासी ने सभी का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। मंचीय लीला में महाराज दशरथ को सुमंत्र द्वारा यह समाचार सुनाए जाने पर कि राम, लक्ष्मण और सीता बहुत समझाने के बाद भी वन से वापस नहीं आए हैं, इतना सुनते ही महाराज दशरथ ने राम हाय राम ..हाय राम पुकारते हुए अपने प्राण त्याग दिए, एवं स्वर्ग सिधार गए। इस अवसर पर राजेंद्र प्यासी, राकेश पाठक,शरद दुबे कुररिया, उमाशंकर मिश्रा, हरीश मनोध्याय, लोकराम कोरी, राजेश नेमा,, ज्योति मिश्रा, अनीता मिश्रा, इंदुलता प्यासी, सुधा यादव, पूजा कोष्टा, छाया मिश्रा,डॉ. उषा दुबे,भोलाराम खत्री, विजय नेमा, भूपेन्द्र उपाध्याय, अजय तिवारी, अरूण दीक्षित, रामफल मिश्रा, देवेन्द्र ठाकुर, सुदामा दुबे,सुखलाल बर्मन,नीरज मिश्रा, कैलाश नेमा, केदार शर्मा, जालिम सिंह, रवि सोनी, शिशिर तिवारी, अशोक बघेल, मुकेश मिश्रा,नरेश मिश्रा, सम्राट पांडे, विद्या केवट, राकेश मिश्रा, नरेन्द्र तिवारी,विजय नेमा, शरद रजक बबलू, अनिल दुबे, नितिन पटेल, संजय नेमा, जगत सिंह, पंचम सोनी,व्यास माधव दुबे ने समस्त रामभक्तों से उपस्थिति की अपील की है। आज शूर्पणखा चरित्र खर दूषण वध एवं सीता हरण की रोचक लीला का मंचन होगा समस्त भक्त जनों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लीला का आनंद लें।

## अतंस साहित्यिक संस्था में देवी भक्ति संगीत का चला दौर



**जबलपुर, देशबन्धु।** देवी की उपासना महिलाओं ने देवी भजन और गीतों पर थिरकन करके की। भक्ति के रंग में डूबी महिलाओं ने गरबा रास भी किया। अतंस सामाजिक और साहित्यिक संस्था के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। पचमठा मंदिर में हुए आयोजन में मुख्य अतिथि आचार्य भगवत दुबे, दुर्गा चौबे, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, इंजी. विनोद नयन, संतोष नेमा, राजेन्द्र मिश्रा, डॉ. संध्या जैन, सुभाष जैन, डॉ. पवन स्थापक, विनीता पैगवार, डॉ. अनिल कुमार कोरी, निहारिका कुरवाने मौजूद रहीं।

## पावर ऑफ विमन ग्रुप : आओ मां जगदम्बे की महिमा गाओ



**जबलपुर, देशबन्धु।** आओ मां जगदम्बे की महिमा गाओ..., चांद आया जमीं पर आज गरबे की रात में..., तारा बिना श्याम... जैसे गीतों पर महिलाओं ने मां भगवती की आराधना की। एक के बाद कोई दुर्गा रूप में नजर आया तो किसी ने काली का रूप रखकर नृत्य किया। पावर ऑफ विमन ग्रुप के तत्वावधान में गरबा महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मनोरंजक खेल और फूड स्टॉल खास रहे। इस मौके पर प्रियंका पोद्दार पटेल, ज्योति श्रीवास्तव, प्रतिमा श्रीवास्तव, रीत तोलानी, रितु चौबे, प्रीति दुबे, पारुल ज्योति वर्मा, नीलम, मनीषा, रीना मौजूद रहीं।

## रेनबो विंग्स लेडीज क्लब में पारम्परिक परिधान में किया घूमर नृत्य



**जबलपुर, देशबन्धु।** पारम्परिक परिधान में महिलाओं ने घूमर नृत्य किया। आकर्षक पोशाक और बेमिसाल संगीत के बीच महिलाओं ने माता की भक्ति की। इस मौके पर अध्यक्ष बिंदु पाण्डे, रश्मि तिवारी, मोहिनी साहू, नेहा रजक, अंजना खण्डेलवाल, रत्ना सिंह, सुनीता मिश्रा, महू प्रिया, गीता, राखी, रजनी, स्नेहा मौजूद रहीं।

## वनएमपी सिगनल कम्पनी कैडेट्स ने सीखी फायर फाइटिंग



**जबलपुर, देशबन्धु।** एनसीसी कैडेट्स ने फायर फाइटिंग के गुर सीखे। आपदा प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियों से कैडेट्स को अवगत करवाया गया। फायर फाइटिंग के साथ-साथ कैडेट्स ने 100मी. दौड़ में हिस्सा लिया। कैडेट्स ने राइफल ट्रेनिंग के दौरान राइफल को खोलना, बंद करना और जोड़ना सिखाया गया। डिसिप्लिन में रहते हुए कैडेट्स ने गॉड ऑफ ऑनर की तैयारी करवाई गई। मैप रीडिंग में कैडेट्स ने लीडरशिप और ड्यूटी ऑफ सिटीजन के बारे में जाना। कैम्प कमाण्डेंट अंकुर वशिष्ट, मेजर अनिल यादव मौजूद रहे।

## 71वां पंजाबी दशहरा 23 अक्टूबर को धूमधाम से ग्वारीघाट में मनेगा

**जबलपुर,देशबन्धु।** संस्कारधानी की गौरवशाली परम्परा के रूप में पंजाब समाज के द्वारा जन जन में उत्साह के हिलोरे भरने वाला 71वां पंजाबी दशहरा महोत्सव पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के तत्वाधान में 23 अक्टूबर 2023 को शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय, ग्वारीघाट में जोर शोर एवं धूमधाम से मनाया जायेगा। पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन की एक बैठक पूर्व मंत्री संस्था अध्यक्ष चन्द्र कुमार भानोत की अध्यक्षता मेंआयोजित की गई जिसमें इस वर्ष पंजाबी दशहरा में जोरदार आतिशबाजी की तैयारी एवं 60 फुट ऊंचा रावण, कुंभकरण के विशाल काय पुतलों का निर्माण भी तेजी से चालू है बैठक में पंजाबी दशहरा महोत्सव की अनेक समितियों का गठन किया गया है जिसमें प्रचार प्रसार महिला समिति, युवा समिति अतिशबाजी समिति, मंच संचालन समिति, सांस्कृतिक समिति, मैदान समिति, जुलूस समिति एवं कार्ड वितरण सहित अन्य समितियों के प्रभारियों का गठन किया गया। बैठक में संस्था अध्यक्ष चन्द्र कुमार भानोत, सुधीर मेहता, राजीव ओबेराय, उमेश शर्मा, नरेश ग्रोवर, अंशुल मलिक, नरेन्द्रपाल मलिक, आर के कपूर, नीरज ब्योत्रा, उषा खुराना, सुनील भारद्वाज, सुदा नंनदा, संजीव गुलाटी, आशीष खुराना, मनीष वर्मा, बाबी जग्गी आदि उपस्थित थे।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 19 अक्टूबर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। आश्विन शुक्ल पक्ष की पंचमी। नक्षत्र- जेष्ठा।**

**मेष** - आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्ति में संलग्न रहेंगे। गूढ़ रहस्यमय विद्याओं और गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेंगे।

**कर्क** - आज का दिन शारीरिक अस्वस्थ और मानसिक रूप से चिंतित रहेगा। पेट- दर्द से परेशानी हो सकती है। आकस्मिक धन खर्च होने की संभावना है।

**वृषभ** - आज आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोहों में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बनेगा।

**सिंह** - आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी, परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। मां के साथ अनबन होगी या उनकी तबीयत खराब हो सकती है।

**मिथुन** - अधूरे काम की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा।

**कन्या** - बिना विचारें किसी काम के लिए साहस न करें। भावनात्मक संबंध स्थापित होंगे। भाई-बहनों के साथ मेल-जोल रहेगा।

क. 199-357

**तुला** - अपना जिद्दी व्यवहार छोड़कर काम करें। आपकी अनियंत्रित वाणी किसी से मनमुटाव हो सकता है। दुविधा में फंसा मन आपको किसी ठोस निर्णय पर नहीं आने देगा।

**मकर** - नौकरी- धंधे और व्यापार के क्षेत्र में आज का दिन लाभदायक रहेगा। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ घूमने जाएंगे। मांगलिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

**वृश्चिक** - तन-मन से खुश और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ उत्तम भोजन, यात्रा या मुलाकात का अवसर आएगा। जीवनसाथी के साथ आत्मीयता बढ़ेगी।

**कुंभ** - आज आपके सभी काम निर्विघ्न पूरे होंगे। इससे आपको खुशी मिलेगी। नौकरी-व्यवसाय में परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। काम में सफलता मिलेगी।

**धनु** - आज का दिन आपके लिए थोड़ा कष्टदायक रहेगा। स्वास्थ्य खराब होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ बहसबाजी से मन दु:खी रहेगा।

**मीन** - नकारात्मक विचार आप पर हावी न हो, इसका ख्याल रखें। मानसिक अस्वस्थता से परेशानी हो सकती है।

मा. 569-480

2,4,3,1,18,24,37,49,56,78,84,93,05

## घमापुर रामलीला में श्रीराम और केवट संवाद का मंचन किया गया

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री गिरिजाशंकर मंदिर रामलीला घमापुर में श्रीराम और केवट संवाद के साथ दशरथ मरण, भरत आगमन, चित्रकूट गमन की लीला का मंचन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय धर्मावलंबी नागरिकों के साथ रामलीला के पदाधिकारी अध्यक्ष डा.शिव मणी मिश्रा, महामंत्री पं.कमलेश तिवारी, संचालक एड.बलराज सोनकर, एड.श्याम चन्द्र तिवारी, कोषाध्यक्ष विष्णु दीक्षित पं. बाबूलाल भारद्वाज,एड.सरमन राजपूत,महेन्द्र शुक्ला,राजेश सेन, संदीप सोनकर, एवं समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। आज सूर्पनखा चरित्रखरदूषण वध सीता हरण की लीला का मंचन किया जाएगा।

## इराक के लिए जायरिनो की रवानगी आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र माह 11वीं शरीफ के अवसर पर ईराक स्थित पवित्र तीर्थ स्थल कर्बला, बगदाद की ज्यारत के लिए हाजी इमामुद्दीन की कयादत में हाजी तौसिफ रजा व अन्य जायरीनो का एक जत्था आज शहर से नागपुर के लिए रवाना होगा। जहाँ से वायुयान द्वारा ईराक के लिए रवाना होंगे। तदोपरांत वें हज़रत मौला अली, हज़रत इमाम हुसैन, हज़रत गौसे आज़म की व अन्य धार्मिक स्थलों की ज्यारत करेंगे।

## जायरीन बगदाद शरीफ रवाना हुए



**जबलपुर,देशबन्धु।** 17 अक्टूबर को रेल्वे स्टेशन से नगर के पचास जायरीन का जत्था मुम्बई के लिए रवाना हुआ जहाँ से वे इराक स्थित बगदार के लिए रवाना होंगे, जिन्हें उनके परिजनों ने फूल माला पहनाकर विदा किया। हाजी मुस्ताक (छिद्दी हाजी) के नेतृत्व में समस्त जन पवित्र स्थलों बगदाद, नजक, कर्बला, का भ्रमण कर पंद्रह दिन बाद लौटेंगे जत्था में जाने वालों में अब्दुल वाजिद, मेहमूद अली, सलीम खान, असरार अहमद, फातेमा बी, नरगिस बानो आदि प्रमुख हैं इस अवसर पर हाजी फराज,हाजी अमर आलम, हाजी सलीमुददीन, शाबू भाई, हाफिज अशुफाक उपस्थित थे।

## पेंशनर्स ने संभागीय आयुक्त को 4 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा



**जबलपुर,देशबन्धु।** पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा के तत्वाधान में जिला शाखा अध्यक्ष एचपी उरमलिया के नेतृत्व में शाम 4 बजे जिला के पेंशनर्स कमिश्नर से भेंटकर उनके डिप्टी कमिश्नर यादव को अपना मांग पत्र सौंपते हुए बताया है कि 1 राज्य के पेंशनर्स को केन्द्र के अनुरूप 5 से 10 लाख तक इलाज की सुविधा दी जावे छप्र राज्य पुर्नगठन अधिकारी धारा 49 (6) को यथाशीघ्र विलोपित कराया जाये राज्य के पेंशनर्स को 6 एवं 7वें पे कमिशन की लंबित राशि जो कि 32 माह एवं 27 माह की शेष है उसे चुनाव पूर्व भुगतान हो मप्र के प्रत्येक जिले के पेंशनर्स को जिला के मुख्य चिकित्सा एवं मेडिकल कॉलेज के द्वारा पूर्व की भांति रूपये 1500/- से 2000/- तक की निशुल्क दवाईयाँ आवश्यकतानुसार क्रय करके दी जाये मांग पत्र को यथाशीघ्र दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे जाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष एच पी उरमलिया, अरूण सलारिया, गौरीशंकर पांडे, मोहन अग्रवाल, आरपी चौबे, एके शुक्ला, सी एल दोहरे, डॉ बीपी अवस्थी, एके शुक्ला, जीपी सराठे, जेपी यादव, एसके खरे, एससी जैन, बीएसपी गौर, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, राजेन्द्र सिंह ठाकुर सहित अनेकों पेंशनर्स कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## राज्य कर्मियों को महंगाई भत्ता मिले

**जबलपुर,देशबन्धु।** तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने विज्ञप्ति में बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों को 1 जुलाई 2023 से 04 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिये जाने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में केन्द्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़कर 46 प्रतिशत हो गया जबकि राज्य कर्मचारियों को 42 प्रतिशत की महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहाहै जो केन्द्र के कर्मचारियों से 4 प्रतिशत कम है शासन द्वारा परम्परा के विपरित महंगाई भत्ते को घोषणा दिनांक से दिया जा रहा है जबकि पूर्व में यह महंगाई भत्ता को घोषणा दिनांक से दिया जा रहा है जबकि पूर्व में यह महंगाई भत्ता केन्द्र सरकार द्वारा घोषित तिथियों से ही राज्य कर्मचारियों को एरियर्स सहित प्राप्त होता था शासन के इस दोहरे मापदण्ड से प्रदेश के शासकीय निगम मण्डल में कार्यरत लगभग 10 लाख कर्मचारियों एवं पेंशनरों में भारी आक्रोश एवं निराशा व्याप्त है। संघ के योगेन्द्र दुबे, अटल उपाध्याय, मुकेश सिंह, मंसूर बेग, चन्दु जाउलकर, एनके अग्निहोत्री, राजेन्द्र कुररिया, विनोद देवपुरिया, एनपी निगम आदि ने मुख्य सचिव से मांग की है कि केन्द्रीय कर्मचारी के समान राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनरों के डीए में जुलाई 2023 से 04 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर एरियर्स सहित नगद भुगतान किया जाये।

## निधन

### ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**श्री अमित पटेल-** व्हीकल रोड रिछाई निवासी श्री विशाल पटेल के पुत्र श्री अमित पटेल (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुलारी बाई सतनामी-** चंडालभाटा दमोह रोड निवसाी श्री परसादी लाल सतनामी की धर्मपत्नी श्रीमती दुलारी बाई सतनामी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती अनंदी देवी आर्य-** राजुल टाउनशिप तिलहरी निवासी श्री मोहन आर्य की धर्मपत्नी श्रीमती अनंदी देवी आर्य (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अखिलेश कुमार यादव-** उड़िया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री अखिलेश कुमार यादव (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री निखिल चंद्र झा-** गोरखपुर निवासी श्री निखिल चंद्र झा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गंगा बाई सेन-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री कुंजी लाल सेन की धर्मपत्नी श्रीमती गंगा बाई सेन (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अंजली घोष-** गोरखपुर निवासी श्री सुशील कुमार घोष की धर्मपत्नी श्रीमती अंजली घोष (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती संध्या जाट-** पूर्वी बेलबाग कंजड़ मोहल्ला निवासी श्री काशी प्रसाद जाट की धर्मपत्नी श्रीमती संध्या जाट (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हरिहर प्रसाद तिवारी-** पंजाब बैंक कॉलोनी चेरीताल निवासी श्री हरिहर प्रसाद तिवारी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**कु. रेशमा बेन-** भानतलैया मरही माता के निकट निवासी श्री राजू बेन की पुत्री कु. रेशमा बेन (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

# सगे भाईयों ने काम और रुपयों के विवाद पर की राजमिस्त्री की हत्या

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला थाना अंतर्गत वार्ड नम्बर-11 बरेला में बुधवार को दो सगे भाइयों ने मिलकर एक राज मिस्त्री कुम्भकर्ण बैगा की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। कुम्भकर्ण को खून से लथपथ हालत में देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए। जिन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। और उनकी तलाश शुरू कर दी है। घटना के संबंध में थाना प्रभारी ने तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को जानकारी दी। आरोपियों को पकड़ने के लिये पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने आरोपियों को पकड़ने के लिये टीम गठित की।

इस संबंध में एएसपी प्रदीप शेंडे ने बताया कि शहपुरा डिंडौरी निवासी कुम्भकर्ण बैगा करीब एक साल पहले परिवार के साथ बरेला में किराए का मकान लेकर रहने लगा। कुम्भकर्ण राज मिस्त्री का काम करता था। कुम्भकर्ण के पड़ोस में ही भुवनेश्वर व पुरुषोत्तम तिवारी रहते थे। जो कुम्भकर्ण के साथ ही काम करते थे। बुधवार



## मृतक एक साल पहले डिंडौरी से बरेला आया था रहने

दोपहर कुम्भकर्ण एक मकान में मिस्त्री का काम कर रहा था। उसी के साथ पुरुषोत्तम व भुवनेश्वर भी काम कर रहे थे, काम के दौरान कुम्भकर्ण ने दोनों को जल्दी-जल्दी काम करने के लिए कहा। इस बात पर पुरुषोत्तम व भुवनेश्वर भड़क गए, तीनों के बीच विवाद हुआ। कुछ देर बाद कुम्भकर्ण दोपहर भोजन के लिए घर आ गया। इस दौरान पुरुषोत्तम व भुवनेश्वर भी पीछा करते हुए पहुंच गए और कुम्भकर्ण पर धारदार हथियार से दनादन वार किए। कुम्भकर्ण पर हमला होते देख परिजनों में चीख पुकार मच गई, शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए, जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुम्भकर्ण को खून से लथपथ हालत में शासकीय अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पूछताछ के बाद हमले के आरोपी पुरुषोत्तम व भुवनेश्वर तिवारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु कर दी। एसपी की गठित टीम ने सरगर्मी से तलाश करते हुये आरोपी पुरूषोत्तम तिवारी उम्र 40 वर्ष एवं भुनेश्वर तिवारी उम्र 42 वर्ष दोनों निवासी बमबमपुरा वार्ड नम्बर 11 को पकड़ा और पूछताछ की जिस पर पाया गया कि मृतक राज मिस्त्री का काम करता था, पुरूषोत्तम तिवारी एवं भुनेश्वर तिवारी मृतक कुंभकरण बैगा के साथ हैल्पर का काम करते थे, काम एवं पैसों के विवाद को लेकर दोनों ने उसकी हत्या कर दी।

# बिना लायसेंस के फटाखों का अवैध निर्माण व विक्रय करने वाला गिरफ्तार

## फटाखे बनाने का कच्चा मटेरियल जप्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला थाना अंतर्गत नीमखेड़ा में पुलिस ने बिना लायसेंस के एक युवक फटाखों का निर्माण कर उसे बेच रहा है। जिस पर पुलिस ने तत्काल ग्राम नीमखेड़ा में अवैध रूप से चल रही फैक्ट्री में छापा मार दिया। इस संबंध में बरेला थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटकर ने बताया कि चौकी गौर में पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम नीमखेड़ा का संतोष कुमार कढेरा अवैध फटाखों का बिना लायसेंस के निर्माण व बेच रहा है।

पुलिस ने सूचना पर नीमखेड़ा में मुर्गी फार्म हाउस के पास संतोष कुमार कढ़ेरा के खेत पर दबिश दी। जहां एक युवक सफेद रंग की बोरी एवं कार्टून लिये खड़ा था। पूछताछ में जिसने अपना नाम संतोष कुमार कढ़ेरा उम्र 59 वर्ष निवासी नीमखेड़ा बताया। जिसकी तलाशी लेने पर संतोष एक बोरी में रस्सी बम 500 नग, 18 पीस बारह आवाज वाले फटाखे, 1 फटाखे वाली लड़ी कुल कीमती 20150 रूपये के फटाखे तथा कुछ फटाखा बनाने का कच्चा मटेरियल लिये मिला। जिनके सम्बंध में पूछताछ करने पर फटाखे बनाने व परिवहन के संबंध कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया। पुलिस ने आरोपी द्वारा कोई वैध लायसेस ना होने एवं अवैध रूप से फटाखों का निर्माण कर बेचने के लिये रखने पर संतोष कुमार कढेरा के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# न्यायालय डीआरटी ने की सम्पति कुर्क एसबीआई का मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** न्यायालय ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर म.प्र.-छ.ग. वसूली अधिकारी वात्सल्य कुमार के निर्देश पर एडवोकेट कमिश्नर महेश पांडे के द्वारा बकाया ऋण राशि एवं ब्याज की वसूली के लिये लम्बित प्रकरण एसबीआई विरूद्ध पंडित भग्गू महाराज तिवारी एवं अन्य की सम्पत्ति क्रमांक 304 निर्मित नजूल ब्लाक 15 प्लाट, नम्बर 221, 14 सौ वर्ग फीट कोतवाली वार्ड की कुर्क कर लिया गया। प्रकरण में बताया गया कि जब उक्त सम्पत्ति की माननीय अधिकरण के द्वारा आगामी समय में विक्रय निलामी की जायेगी। उक्त प्रक्रिया में बैंक के अधिकारी संजय मलानी सहायक प्रबंधक अपूर्व श्रीवास्तव मुख्य प्रबंधक एवं दीपशिखा पटेल राजय प्रबंधक एवं पुलिस थाना कोतवाली का भी सहयोग रहा।

# राजस्थान में पकड़ा गया ऑन लाइन ठगी का मास्टर मांइड

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में रेल पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के आरोपी राजस्थान में तलाश कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 30 हजार रुपए नगद बरामद किए हैं। ठगी के मास्टर माइंड ने मोबाइल ट्रांजेक्शन के जरिए 52 हजार रुपए की ठगी की थी। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है कि उसने और किन किन लोगों को अपना शिकार बनाया है।



इस संबंध में जीआरपी थाना प्रभारी शशि धुर्वे ने बताया कि व्याससिंह नामक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि रेलवे स्टेशन में परिचित के नाम से कॉल आया, उन्होंने 52 हजार रुपए की मांग करते हुए कहा कि दस मिनट में लौटा देगें। व्याससिंह ने मोबाइल फोन से 52 हजार रुपए भेज दिए। इसके बाद वे इंतजार करते रहे, लेकिन रुपए वापस नहीं आए। उन्होंने परिचित को कॉल किया गया तो सामने से जबाव आया कि उन्होंने कोई कॉल नहीं किया है, न ही रुपयों की मांग की है। इतना सुनते ही व्याससिंह घबरा गए, उन्होंने तत्काल जीआरपी थाना पहुंचकर पुलिस को घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने मामले में जांच की तो राजस्थान में रहने वाले मुशैद खान 32 वर्ष का नाम सामने आया। पुलिस की एक टीम ने राजस्थान पहुंचकर मुशैद खान को घर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 30 हजार रुपए बरामद कर पूछताछ शुरु कर दी है।

# गांजा की तस्करी करते युवक-युवती गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** गौरीघाट थाना अंतर्गत भटोली मार्ग पर पुलिस ने एक युवक व युवती को पकड़ा है जो गांजा की तस्करी कर रहे थे। युवती, युवक के साथ मोटर सायकिल पर बैठकर बैग में गांजा रखे हुये थी।

इस संबंध में गौरीघाट थाना प्रभारी संजीव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भटोली मार्ग पर पुल के पास वाहन चेकिंग के दौरान पल्सर मोटर साइकिल में एक युवक मोटर सायकिल में पीछे एक महिला को बैठाकर गौरीघाट की ओर से आर रहा था। दोनों के बीच में प्लास्टिक की बोरी रखी थी, जिन्हें रोकने का प्रयास किया। लेकिन चालक मोटर सायकिल की गति तेज कर मोड़ कर भागने लगा। जिसे पुलिस ने उसका पीछा करते हुये पकड़ लिया। पूछताछ में जिसने अपना नाम आदेश जाट उम्र 30 वर्ष निवासी कंजर मोहल्ला तथा पीछे बैठी महिला ने छोटी

## 4 किलो 592 ग्राम गांजा एवं मोटर सायकिल जप्त

उर्फ अर्चना डेहरिया उम्र 22 वर्ष निवासी संत नगर बताया। मोटर साइकिल में दोनों के बीच में रखी प्लास्टिक की बोरी की तलाशी ली गई तो बड़ी मात्रा में गांजा रखा मिला। गया। जो तौल करने पर 4 किलो 592 ग्राम होना पाया गया। जिसकी कीमत लगभग 90 हजार रूपये के आसपास आंकी गई है। पूछताछ में छोटी उर्फ अर्चना डेहरिया ने करौंदी निवासी यशवंत उर्फ यश कुशवाहा के कहने पर अपने दोस्त आदेश जाट के साथ अपने पति की मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 एमई 0503 से शाम को नर्मदा भटोली ब्रिज मे यशवंत उर्फ यश कुशवाहा से गांजा लेने आई थी। गांजे को अपने दोस्त आदेश जाट के साथ यशवंत उर्फ यश से लेकर अपने घर बिग बाजार के पास गौरीघाट जा रही थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गांजा व मोटर सायकिल जप्त करते हुये दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

# युवक को तलवार मारकर घायल करने वाला गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** हनुमानताल थाना क्षेत्र के मदार टेकरी में एक बदमाश ने युवक के पुरानी रंजिश के दौरान तलवार मारकर घायल कर दिया। जिसे क्षेत्रीय लोगों ने विक्टोरिया अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार 10 अक्टूबर रात में मदार टेकरी मैदान मे झगड़े में घायल हुये युवक को उपचार के लिये विक्टोरिया अस्पताल लाये जाने की सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस को घायल रहीश खान उम्र 35 साल निवासी बड़ी मदार टेकरी ने बताया कि वह रात लगभग 1 बजे चाय पीने मैदान आया था। जहां उसे बग्घा मिला और उसके साथ गालीगलौज करने लगा। बग्घा ने तलवार निकाल कर उसकी हत्या करने की नियत से हमलाकर कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया और वह जमीन मे गिर गया। बग्घा ने दोनों पैर के घुटने मे तलवार से हमला कर चोट पहुंचा दी है। घायल की रिपोर्ट



पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया और आरोपी को गिरफ्तार करने के लिये संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन आरोपी पकड़ा नहीं जा सका। पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने घटना को गम्भीरता से लेते हुये आरोपी की शीघ्र पकड़ने के लिये टीम गठित की। गठित टीम ने सरगर्मी से तलाश कर आरोपी बग्घा हुसैन उम्र 31 वर्ष को आखिरकार दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त तलवार जप्त कर लिया है।

# केंद्र एवं राज्य सरकार के कर्मचारियों की नई पेंशन योजना को पुरानी पेंशन योजना में बदलवाना है : एसएन पाठक

**जबलपुर, देशबन्धु।** ऑल इंडिया ऑल इंडिया डिफेंस एम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन पाठक ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार के कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी लंबित मांग नई पेंशन योजना को पुरानी पेंशन योजना में बदलवाना है, एनपीएस के लागू होने अर्थात 2004 से ही एआइडीइएफ, एनपीएस का विरोध करता रहा है। सैकड़ों ज्ञापन, धरना, प्रदर्शन, हड़ताले भी एआइडीइएफ द्वारा की गई। एनपीएस से ओपीएस के लिए एआइडीइएफ ने 24 अक्टूबर 2022 को जंतर मंतर पर हजारों सिविलियन डिफेंस कर्मचारियों के साथ धरना दिया था। जिसके फल स्वरुप सरकार द्वारा एनपीएस से ओपीएस के नियमों में शिथिलता देकर, जिन पदों का नोटिफिकेशन विज्ञापन 22/12/2003 के पहले के हो से संबंधित कर्मचारी 1/1/2004 के बाद सेवा में आए हैं को एनपीएस से मुक्त कर ओपीएस देने का फैसला लिया।

लाल झंडे के प्रयासों से विभिन्न मंत्रालय एवं विभागों में कर्मचारियों को इसके तहत ऑफिस की सुविधा प्रदान करना शुरू कर दिया गया है। रक्षा मंत्रालय ने ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कर्मियों के लिए नोटिफिकेशन/विज्ञापन के विषय में चल रही विसंगति को हल करने के लिये एक कमेटी बनाई, जिसकी बैठक 18 अक्टूबर को कानपुर में संपन्न हुई। एडीएफ के महासचिव श्री कुमार तथा संयुक्त महासचिव आर. रेड्डी ने कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व किया। कर्मचारियों का मजबूती से पक्ष रखते हुए एआइडीइएफ के पदाधिकारीयों ने रक्षा मंत्रालय द्वारा पदों की स्वीकृति का 20/5/2003 को जारी 7354 पदों के लिए नोटिफिकेशन का हवाला देते हुए इसके अंतर्गत आने वाले सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दिए जाने की मांग की है, साथ ही टी-90 प्रोजेक्ट के 949 कर्मचारी जिनके पदों की स्वीकृति नोटिफिकेशन 15 दिसंबर 2003 को की गई थी के लिए भी पुरानी पेंशन की मांग रखी गई है, अनुकंपा नियुक्ति के कर्मचारी जिनकी भर्ती प्रक्रिया में वेरिफिकेशन इंटरव्यू इत्यादि 22 दिसंबर 2003 के पहले हो चुका हो के लिए भी पुरानी पेंशन की मांग को पुरजोर तरीके से रखा गया। ऑल इंडिया डिफेंस एम्पलॉइज फेडरेशन के प्रतिनिधियों के तर्कों, तथ्यों से संतुष्ट हो कर कमेटी के अध्यक्ष द्वारा सकारात्मक टिप लिखकर मंत्रालय को अग्रेषित करने का आश्वासन दिया है। नेम सिंह, शिव पांडे, अर्णव दास गुप्ता, अमरीश सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, रोहित यादव राकेश दुबे, राजा पांडे, मनोज साहू, नितेश सिंह, गोविंद सोनी, माखन कहार, उत्तम विश्वास, अमित चंदेल, वीरेंद्र साहू, पार्थ ओझा, बीरबल, अमित गुप्ता, रितेश बेन, राहुल गुप्ता इत्यादि ने पुरानी पेंशन के संघर्ष में एआइडीइएफ के हाथ मजबूत करने का कर्मचारियों से आव्हान किया।

# सोलह माह पूर्व के आदेश को हाईकोर्ट ने किया रि-कॉल

## बेंच हंटिंग पर नियंत्रण रखने लिया गया निर्णय

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने बेंच हंटिंग पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से सोलह माह पूर्व के एक आदेश को रिकॉल कर लिया है। दरअसल 10 मई 2022 को चीफजस्टिस रवि मलिमथ ने रजिस्ट्री को आदेश दिए थे कि अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह के प्रकरणों को उनकी कोर्ट में लिस्ट न किया जाये। उक्त आदेश पर पुनर्विचार के लिए एडवोकेट यूनियन फॉर डेमोक्रेसी एण्ड सोशल जस्टिस की ओर से पुनरीक्षण याचिका दायर की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि चीफ जस्टिस के उक्त आदेश का फायदा उठाते हुए कई अधिवक्ता बेंच हंटिंग का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने दलील दी कि जो अधिवक्ता अपना प्रकरण चीफ जस्टिस की कोर्ट में नहीं लगवाना चाहते, वे मामले में अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह का वकालतनामा पेश कर देते हैं। इस तरह उक्त आदेश को न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग का हथियार बना लिया गया है। ऐसा करना न्यायिक प्रशासन के लिए उचित नहीं हैं। मामले पर सुनवाई के बाद न्यायालय ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में बेंच हंटिंग के संबंध में दी गई दलीलें उचित हैं। युगलपीठ ने कहा कि इस याचिका में भी जिन अधिवक्ताओं ने वकालतनामा पेश किये है, वे स्वयं बेंच हंटिंग में शामिल हैं, इसलिए पूर्व में लगाए गए प्रतिबंधात्मक आदेश को वापस लिया जाना उचित है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक शाह ने पक्ष रखा।

## कुल्हाड़ी से हमला कर जलाकर हत्या करने वाले को उम्रकैद की सजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिहोरा अपर सत्र न्यायाधीश सैफी दाउदी की अदालत ने एक युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर पेट्रोल जलाकर हत्या करने वाले को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी प्रशांत पटेल को आजीवन कारावास व सात हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि फरियादिया ने सिहोरा थाने में शिकायत दर्ज करायी थी। जिसमें उसने बताया था कि उसके पति गौरव 2 फरवरी 2016 को सिहोरा जाने का कहकर गये थे, जो कि फिर वापस नहीं आये। पुलिस ने गुम इंसान कायम कर मामले को जांच में लिया था। जांच दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक गौरव अंतिम बार प्रशांत पटेल के साथ देखा गया था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। जिसने पूछताछ में बताया कि उसने 3 फरवरी 2016 की रात मृतक के साथ शराब पी और पैसों के लेनदेन को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। जिस पर उसने कुल्हाड़ी से चार पांच मर्तबा हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्लीमनाबाद के जंगल में ले जाकर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई दौरान पेश किये गये साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने आरोपी प्रशांत पटेल को आजीवन कारावास व




सात हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक दिलावर धुर्वे ने पक्ष रखा।

## नाबालिगा से दुष्कर्म करने वाले को दस साल का कठोर कारावास

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक नाबालिगा को आधी रात घर से डरा धमकाकर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले को पाक्सो की अदालत ने दोषी करार दिया है। विशेष न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी सुनील कुमार बेन को दस साल के सश्रम कारावास व दो हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने पीड़िता को पचास हजार रुपये की प्रतिकर राशि प्रदान करने के आदेश दिये है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 20 अक्टूबर 2019 को पीड़िता के पिता ने हनुमानताल थाने में शिकायत दर्ज करायी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि 18 अक्टूबर 2019 को सभी लोग खाना खाने के बाद सो गये थे। आधी रात करीब तीन बजे उसकी मंझली बेटी की नींद खुली, जिसने बताया कि उसकी बड़ी बहन नहीं है। उसने आसपास पता किया जिसका कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पीड़िता को ढूढ़ निकाला। जिसने अपने बयान में बताया कि आरोपी सुनील बेन ने उसे धमकी दी थी कि वह उसके साथ चले नहीं तो वह उसके भाई-बहन को मार देगा। इसके बाद आरोपी उसे अपनी मौसी के यहां कुंडम ले गया और उसके बाद भोपाल फिर मैहर ले गया। उसके बाद अपने घर ले गया, जहां उसकी मर्जी के खिलाफ उसके साथ शरीरिक संबंध बनाये। पुलिस ने मामले में दुराचार व पॉक्सो सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। जहां सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने आरोपी सुनील बेन को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी स्मृतिलता बरकड़े ने पैरवी की।

## ट्रांसपोर्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश पर रोक

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने एक पुनर्विचार याचिका की सुनवाई करते हुए ट्रांसपोर्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज किये जाने के आदेश पर रोक लगा दी है। दायर मामले में कहा गया है कि उसके खिलाफ तथ्यों को छिपाकर याचिका दायर की गई थी। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने पूर्व में जारी एफआईआर दर्ज करने के आदेश पर रोक लगा दी है। एकलपीठ ने अनावेदक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

यह पुनर्विचार याचिका ट्रांसपोर्टर रीतेश तिवारी की ओर से दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि कटनी जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत समर्थक मूल्य की दुकानों को खाद्य सामग्री नहीं पहुँचाने के मामले में कलेक्टर ने एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिये थे। जिला कलेक्टर के आदेश पर साल 2018 में हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी। इसके बावजूद भी सोहेल फैजल खान ने उसके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की मांग करते हुए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी को शिकायत की थी। उसके उपरांत हाईकोर्ट में कार्यवाही की मांग करते हुए याचिका दायर की। जिस पर न्यायालय ने उसके खिलाफ 30 दिनों में एफआईआर दर्ज करने के आदेश कटनी पुलिस अधीक्षक को दिये थे। दायर पुनर्विचार याचिका में कहा गया कि उसके खिलाफ पूर्व में दायर याचिका में हाईकोर्ट एफआईआर पर लगी रोक का उल्लेख नहीं किया गया था। तथ्यों को छिपाकर उक्त याचिका दायर की गयी। आवेदक की ओर से कहा गया कि उक्त याचिका दायर करने वाला व्यक्ति विधायक इंदू तिवारी का खास है। आरोप है कि विधायक इंदू तिवारी व उनके पुत्रों ने उसके कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ की थी। जिसकी शिकायत उसके द्वारा पुलिस में की गयी थी। आरोप है कि प्रकरण में समझौते के लिए दवाब बनाने विधायक के आदेश पर तथ्यों को छिपाकर उक्त याचिका दायर की गयी थी। एकलपीठ ने सुनवाई के बाद पूर्व में पारित एफआईआर दर्ज किये जाने के आदेश पर रोक लगाते हुए अनावेदक सोहेल फैजल खान को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त तथा अपूर्व त्रिवेदी ने पैरवी की।

## भूमि स्वामी अधिकार मामले में अवमानना नोटिस जारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने भूमि स्वामी अधिकार मामले में पूर्व आदेश का पालन होने के मामले को गंभीरता से लिया। युगलपीठ ने उक्त आरोप पर छिंदवाड़ा कलेक्टर को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

यह अवमानना का मामला छिंदवाड़ा अमरवाड़ा निवासी विनिया बाई डेहरिया की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि 2017 में भूमि स्वामी अधिकार को लेकर याचिका दायर की गई थी। न्यायालय ने 2021 में मामले का पटाक्षेप कर दिया। आगे चलकर इसी मामले में रिट अपील दायर की गई। जिस पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली युगलपीठ ने पूर्व आदेश को निलंबित करते हुए कलेक्टर के समक्ष अपील के लिए स्वतंत्र कर दिया। साथ ही व्यवस्था दी कि अपील लंबित रहने के दौरान संबंधित भूमि पर यथास्थिति बनाये रखी जाये। कलेक्टर समय-सीमा के भीतर अपील का निराकरण करें। किंतु डेढ़ वर्ष बीतने के बावजूद कलेक्टर ने अपील निराकृत नहीं की, जो कि अवमानना की श्रेणी में आता है।

# मारपीट करने वाले दो भाईयों को एक-एक साल की सजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** पाटन के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने अपने ही भाई के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपी भाईयों को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी शेख जलील व शेख आजाद को एक-एक साल के सश्रम कारावास व पांच-पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि फरियादिया आमनी बी ने पाटन थाने में शिकायत दर्ज करायी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि वह ग्राम गाड़ाघाट में रहती है तथा घर गृहस्थी एवं मजदूरी का काम करती है। उसके पति शेख सलीम तथा शेख जलील व देवर आजाद का जमीन का हिस्सा बंटवारा का विवाद है, जिसकी पेशी चल रही है। उसके पति शेख सलीम 20 अक्टूबर 2015 को पेशी करने पाटन गये थे। उसी बात को लेकर जेठ शेख जलील व देवर शेख आजाद ने रॉड व लाठी से मारपीट की थी। शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। सुनवाई पश्चात् अदालत ने दोनों आरोपी भाईयों को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से एडीपीओं भगवानदास पटेल ने पक्ष रखा।

# शिव धनुष तोड़ने वाला तो शिव का ही प्यारा होगा श्रीराम

## शिव धनुष टूटा देख ऋषि परशुराम क्रोधित हुए



**गांधीग्राम,देशबन्धु।** गांधीग्राम में आदर्श रामलीला मंडल चित्रकूट की ख्यातिल्ब्ध रामलीला के पात्रों द्वारा गांधीग्राम मानस भवन रामलीला मंच पर मंचन किया जा रहा है ।श्री राम परशुराम संवाद की लीला मंचन के अनुसार शिव धनुष टूटने पर शिव भक्त परशुराम का प्रभु श्रीराम से उग्र संवाद हुआ ।क्रोधित अवस्था में भगवान परशुराम ने जब श्रीराम पर प्रहार करने हेतु फरसा उठा लिया।श्रीराम ने कहा कि प्रभु शिवधनुष तोड़ने वाला शिव का ही प्यारा होगा।तब श्री राम ने अपने सीने में भ्रगु ऋषि के चरण का अवलोकन कराया तो परशुराम का क्रोध शांत हो गया।

उसके बाद परशुराम ने कहा की राम रमापति कर धनु लेहू खींचहूं चाप मिटे संदेहू परशुराम ने श्रीराम से कहा कि मेरे पास भगवान विष्णु का दिया हुआ या सारंग धनुष इसकी प्रत्यंचा को खींचकर मेरा संदेह समाप्त कीजिए। प्रभु श्रीराम ने सारंग धनुष को अपने हाथों में लेकर धनुष की प्रत्यंचा को अपने कान तक खींचकर अपना परिचय दिया। यह दृश्य देख भगवान परशुराम को एहसास हुआ कि श्रीराम तो साक्षात भगवान विष्णु का अवतार है।

परशुराम ने पाश्चाताप वा छमा याचना की और प्रभु श्रीराम को और लक्ष्मण को सीने से लगा लिया। रामलीला आयोजन समिति रामलीला में प्रभु श्री राम परशुराम लक्ष्मण सीता को एक साथ दृश्य मंचन देख संरक्षक दुर्गोत्सव समिति गांधीग्राम प्रताप सिंह बघेल, दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष महेश सेन, रेवाशंकर असाटी,गजराज सिंह बघेल, सुरेश असाटी,चमन असाटी, बबलू दुबे, विजय चौरसिया,लक्ष्मण काछी ,भागचंद साहू,उमेश असाटी,हरिशंकरतिवारी, गोरीशंकर,मंहगू, चौरसिया,अजय गौतम, बंटू मिश्रा,मनोहर तिवारी, आदि सभी पदाधिकारी ने मंच पर आरती वंदन की। इस दौरान आयोजक सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति मानस भवन गांधीग्राम के पदाधिकारी रामलीला मंचन में पात्र अभिनय के रूप मेंमहंत,व्यास श्री राजाराम पांडे,श्रीराम कुशल गौतम, लक्ष्मण ,राजेश गौतम, विश्वामित्र श्री राम नरेश उपाध्याय, जनक राम सुंदर विश्वकर्मा, , बाणासुर, सीता श्रीराम पांडे ने रामलीला मंचन किया।





# नवरात्र में माता की भक्ति में डूबा नगर

**पनागर, देशबन्धु।** नगर में नवरात्रि की पावन पर्व पर भक्ति में वातावरण बना हुआ है सभी प्रतिमा स्थलों पर अभी भी सजावट कार्य जारी है सुबह से शाम तक विभिन्न प्रकार के धर्म में आयोजन प्रारंभ हो गए हैं माताएं बहने भी बढ़-चढ़कर भक्ति भाव के साथ हिस्सा ले रही हैं वहीं उपवास और व्रत के साथ भी भक्तजन अपनी अपनी भक्ति का पुण्य लाभ ले रहे हैं अपनी 50 वर्ग वर्ष की वर्ष की परंपरा की अनुरूप इस वर्ष की शिवाजी वार्ड मैन रोड स्थित गांधी मैदान दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मनमोहन प्रतिमा की स्थापना की गई है दूर-दूर से भक्तजन पहुंचकर माता के दर्शन कर पुण्य अर्जन कर रहे हैं। सिंह वाहिनी दुर्गा उत्सव समिति विनोबा भावे वार्ड मेंन रोड मैं स्थापित भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है समिति के अध्यक्ष पार्षद तुलसी कुशवाहा के द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ किया जा चुके हैं।

## सार-समाचार



### आचार संहिता के पालन के साथ मनाया जाएगा दशहरा

**पनागर, देशबन्धु।** नगर में शांति समिति की एक विशेष बैठक पनागर थाना प्रांगण में एडिशनल एसपी श्रीमती सोनाली दुबे मैडम जी सीएसपी प्रियंका मरकाम नायाब तहसीलदार बांसोड़ जी थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह जी की उपस्थिति में संपन्न हुई जिसमें शासन द्वारा बताए गए निर्देशों के तहत दशहरा मनाने निर्णय लिया गया मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष शर्मा जी एवं विद्युत मंडल के कनिष्क अभियंता असाटी भी मौजूद थे अपनी पूर्व की परंपरा के अनुसार कार्यक्रम सभी सुविधाएं देने का आश्वासन दिया बैठक में नगर की गणमान्य नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल तहसील अधिवक्ता फोरम के अध्यक्ष विमल जैन पार्षद तुलसीराम कुशवाहा बेदी लाल कुशवाहा विजय सोनी पदम मोदी आदर्श व्यापारी संघ अध्यक्ष स्वप्निल सराफ मयंक खमरिया एवं विभिन्न दुर्गा समितियां के पदाधिकारी डीजे विद्युत 10 टेंट व्यवसाय एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### राज्य कर्मचारियों को भी मिले महंगाई भत्ता

**जबलपुर, देशबन्धु।** म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों को 01 जुलाई 2023 से 04 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिये जाने का निर्णय लिया गया है, इस प्रकार वर्तमान में केन्द्रीय कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता बढकर 46 प्रतिशत हो गया है। जबकि राज्य कर्मचारियों को 42 प्रतिशत ही मंहगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है। जो केन्द्र के कर्मचारियों से 04 प्रतिशत कम है। राज्य शासन द्वारा परम्परा के विपरित मंहगाई भत्ते को घोषणा दिनांक से दिया जा रहा है जबकि पूर्व में यह मंहगाई भत्ता केन्द्र सरकार द्वारा घोषित तिथियों से ही राज्य कर्मचारियों को एरियर्स सहित प्राप्त होता था। शासन के इस दोहरे मापदण्ड से प्रदेश के शासकीय, निगम, मण्डल में कार्यरत लगभग 10 लाख कर्मचारियों एंव पेंशनरों में भारी आक्रोश एवं निराशा व्याप्त है।

संघ के योगेन्द्र दुबे, अटल उपाध्याय, मुकेश सिंह, मन्सूर बेग, चन्दु जाउलकर, योगेंद्र मिश्रा, एन. के. अग्निहोत्री, राजेन्द्र कुररिया, विनोद देवपुरिया, एन.पी.निगम, आदि ने माननीय मुख्य सचिव म.प्र. शासन से मांग की है कि केन्द्रीय कर्मचारी के समान राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनरों के डी.ए में जुलाई 2023 से 04 प्रतिशत की बढोतरी करते हुए एरियर्स सहित नगद भुगतान किया जाये ।

### चिकित्सकों ने सफल ऑपरेशन कर पेट से निकाला 8 किलो का गोला

**सीधी, देशबन्धु।** जोगीपुर की सुशीला कोरी के पेट में 15 साल से 8 केजी का ओवेरियन सिस्ट गोला था, जिसे लाइफ केयर हॉस्पिटल के चिकित्सको ने बड़े ही सूझ बूझ के बाहर निकाल दिया है। ऑपरेशन के बाद अब सुशीला कोरी पूरी तरह से स्वस्थ है, उसे जल्द ही हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस ऑपरेशन में मुख्य रूप से डॉ राजेश कोल एमएस, जनरल सर्जन, डॉ अंकिता सिंह सेंगर एमएस, गायनी और लाइफ केयर हॉस्पिटल की पूरी टीम का सराहनीय योगदान रहा। लाइफ केयर हॉस्पिटल के संचालक जयपाल सिंह ने टीम को बधाई दी है।

### भौतिक विज्ञान विषय के शिक्षकों का पांच दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**सीधी, देशबन्धु।** एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्र ने जानकारी देकर बताया कि समग्र शिक्षा अभियान अन्तर्गत भौतिक विज्ञान का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 12 से 16 अक्टूबर तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 2 सीधी के डॉ. राधाकृष्णन सभागार में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी एल मिश्र के निर्देश एवं एल के शर्मा नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले की हायर सेकेण्डरी स्कूलों में भौतिक शास्त्र विषय का अध्यापन कार्य कराने वाले शिक्षकों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भौतिकी के विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई जिसमें गतिविधि आधारित शिक्षण पर जोर दिया गया, शिक्षण कार्यक्रम में आईसीटी का प्रकार प्रयोग, प्रेक्टिकल कार्य कराए जाने, प्रयोगशाला को आधुनिक तरीके से अपग्रेड करने, जे ई ई कोचिंग इत्यादि प्लेटफार्म के संबंध में जानकारी दी गई।

# दैवीय चमत्कारों से पहचान है 200 साल पुरानी बड़ी मढ़िया मंदिर की

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गांधीग्राम के ह्र्दयस्थल में स्थापित लगभग 200 वर्षों पुराना बड़ी मढ़िया नो देवी मंदिर है जिसे गांधीग्राम के ही नायक परिवार ने बनाया था। गांधीग्राम के बुढ़ानसागर तालाब के तल से लगभग 150 फीट ऊँचाई पर स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर लोगों की आस्था व विश्वास का केंद्र है। इस मंदिर में नवदुर्गा की नव विविध स्वरूपों की। पाषाण प्रतिमाएं स्थापित उन प्रतिभाओं को नवरात्रि के समय स्वर्ण चंद्र आभूषणों से सुसज्जित किया गया है। इस मंदिर की मान्यता है कि मां के मंदिर में जो भी भक्त जिवारे कलश में जिवारे बुवाई कर कलश को 9 दिवसों तक अभिसिंचित करते हैं,व नवरात्रि के अंतिम दिन जिवारों को शिरोधार्य कर बुढ़ानसागर तालाब में विसर्जन कर कुछ जिवारो को मां के चरणों में चढ़ाता है।देवी माँ उसकी समस्त मनोकामनाएं पूरी कर देती है। मन्दिर में जिवारे कलश बोय गये है। इस मंदिर में नवरात्रि में 9 दिनों तक मां की चरणों में जल चढ़ाने वाली भक्तों की झोली मातारानी भर देती है।

**महिला भक्तों ने गाये भजन**--बुधवार को मातारानी के दरबार मे बड़ी मढ़िया नो देवी मंदिर में महिला भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर मां की पूजा अर्चना के साथ साथ रैलिंग में खड़े होकर उत्साह पूर्व भक्तों, भजनों का सुमधुर गायन किया।महिला भक्तों में वन्दना मिश्रा, कल्पना मिश्रा, विमला चौरसिया, रजनी असाटी, शालिनी, रीना चौरसिया,सुनीता तिवारी, नीता सिंह, साधना असाटी,शोभना असाटी आदि ने सुबह की बेला में गायन किया।

**चमत्कारों के रूप में विख्यात हैं....** माँ- बड़ी मढ़िया माता रानी के दरबार में कहा जाता है कि यहां से मां का कृपा प्रसाद भक्तों को उनकी मनोकामना पूर्ण होने के रूप में प्राप्त होता है।माँ के अनेक भक्तों के असाध्य रोगों से मुक्ति,महिलाओं को पुत्रवती होने की कामना पूर्ण हुई है, ग्राम के बुजुर्गों का कहना है कि लगभग तीन बार आकाशीय बिजली गिरने के बाद भी मन्दिर को कोई नुकसान नहीं हुआ है।मन्दिर समिति के उमेश असाटी,कमलेश असाटी, राम कुमार चौरसिया, सोमवती चौरसिया, अभय चौरसिया, सतीष चौरसिया,सोहनलाल, मोहनलाल, दीना,ब्रजेश, उमेश,मुकेश, लकी,मोंटी,आयुष मंदिर व्यवस्था में सहयोग कर रहे हैं।



**भक्तों की झोली भरती है मां की आराधना से, माता के दरबार में महिला भक्त मंडली ने भजनों का गायन किया, बड़ी मढ़िया में नवदुर्गा की हैं नौ पाषाण प्रतिमाएं**

# ट्रक की टक्कर से पिकप वाहन पलटा, 18 घायल, 12 गंभीर



### उचेहरा में प्रमुख मार्ग पुराना नाका के नजदीक की घटना

**सतना, देशबन्धु।** उचेहरा सतना मार्ग में पुराना नाका के नजदीक ट्रक की टक्कर से पिकप वाहन पलट गया। टक्कर के बाद ट्रक भी अनियंत्रित होकर पलटा है। इस हादसे में करीब 18 लोग घायल हो गए। घायलों को पुलिस व स्थानीय निवासियों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि थाना नादन अंतर्गत जूरा गांव निवासी परिवार दो पिकप वाहन में सवार होकर रहिकवारा में बच्चों का मुंडन कराने जा रहा था। इसी दौरान पुराना नाका के नजदीक ट्रक चालक ने ओवर टेक किया। वहां पर रास्ता खराब था, इसलिए ट्रक अनियंत्रित हुआ और पिकप वाहन को पीछे से टक्कर लगी। जिससे दोनों वाहन पलट गए। इस घटना में ओम नामदेव, पालवी नामदेव, रामबाई नामदेव, आयुष नामदेव, रामकली नामदेव, शकुंतला नामदेव, रविशंकर नामदेव, फूलबाई नामदेव, गुडिया नामदेव, बिट्टी नामदेव, वर्षा नामदेव, कलावती नामदेव को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल सतना रेफर कर दिया। खबर लगते ही उचेहरा एसडीएम अस्पताल पहुंचे।

# पति ने बीच सड़क में पत्नी पर चाकू से किया हमला

### महिला की हालत गंभीर



सतना, देशबन्धु। शहर कोतवाली के नजदीक गौशाला चौक के पास बुधवार की सुबह एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। चश्मदीदों ने पुलिस को खबर दी तो टीआई शंखधर द्विवेदी पुलिस बल के साथ मोके पर पहुंचे। पीड़िता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया है।

पता चला है कि सुधा वर्मन पति पवन वर्मन (35) निवासी पारस कॉलोनी थाना कोलगवां रोज की तरह अपनी साइकिल से घरों में खाना बनाने के लिए गौशाला चौक तरफ जा रही थी। सुबह करीब साढ़े 11 बजे जैसे ही सिटी कोतवाली से महज 200 मीटर की दूरी पर पहुंची उसी दौरान उसके पति ने सामने से आकर साइकिल रोकसुधा को धक्का देकर गिरा दिया। महिला के गिरते ही आरोपी ने सुधा की गर्दन में चाकू से हमला कर दिया। महिला ने अपना बचाव करने की कोशिश की लेकिन आरोपी हावी रहा। इसके बाद वह मौका देख भाग निकला। अस्पताल पहुंच नायब तहसीलदार ने पीड़िता का बयान दर्ज किया है। यह बात सामने आई है कि आरोपी चरित्र संदेह को लेकर आए दिन झगड़ा मारपीट करता था। इसलिए सुधा अपनी तीन बेटियों को लेकर उिलौरा से पति का घर छोड़ पुरानी आबकारी के पास किराए के घर में रहने लगी थी। उसका मायका सुरदहा जसो में है और आरोपी पवन का किराए से कोतवाली के पीछे रामना टोला में रह रहा था। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

# नेशनल लोक अदालत 9 दिसम्बर को

**सीधी, देशबन्धु।** जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जानकारी देकर बताया है कि नालसा के निर्देशानुसार दिनांक 09 दिसम्बर 2023 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त नेशनल लोक अदालत में नालसा के निर्देशानुसार लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जाना हैं। उक्त नेशनल लोक अदालत में अन्य समस्त प्रकार की तैयारी हेतु सर्वसंबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें। उक्त नेशनल लोक अदालत में पूर्व की भाँति राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण हेतु कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। दिनांक 09 दिसम्बर 2023 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने एवं लोक अदालत का प्रचार-प्रसार, आवश्यक व्यवस्था तैयारी हेतु सर्वसंबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रसारित करने का कष्ट करें। लोक अदालत की सूचना का समस्त प्रादेशिक एवं स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन, इलेक्ट्रॉनिक/प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार तथा लोकल चौनल पर स्लाईड/पट्टी आदि लगायी जावे। जिलों में सुदूरग्रामीण अंचलों तक पोस्टर, पम्पलेंट, ब्रसर्स इत्यादि का वितरण कराया जावे, जिससे लोक अदालत का लाभ आमजनता/पक्षकारगण को प्राप्त हो सके।

# लोन दिलाने के नाम पर फ्राड करने वाली गैंग पकड़ाई

### शिक्षक से हुई थी 30 लाख रुपए की धोखाधड़ी

**रीवा देशबन्धु।** बैंक का कर्मचारी बनकर लोगों को कम बयाज पर लोन दिलाकर उनका पैसा ठगने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 04 आरोपियों को समान थाना पुलिस ने नोएडा एवं दिल्ली से गिरफ्तार कर उनके पास से ठगी के 28 लाख रूपये सहित अन्य कई सामान जप्त किये हैं।

तत्संबंध में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने पत्रकारों को जानकारी देते हुये बताया कि कैलाशचन्द्र अवधिया जो पेशे से शिक्षक ह‍ै के मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल नम्बर 7037599204 से फोन आया एवं फोन करने वाले व्यक्ति नें बोला मै एच डी एफ सी बैंक से बोल रहा हूं आपको 0 प्रतिशत ब्याज पर पर लोन मिल रहा है लोन का लालच दे कर उसके बैंकिंग संबंधी आवश्यक दस्तावेंज जैसे आधार कार्ड,पैन कार्ड बैंक पासबुक, फार्म नं. 16, सैलरी स्लिप आदि दस्तावेज प्राप्त कर आवेदक को उसके बैंक खातें में लोन दिलाकर एवं उसके बैंक खातें में नेट बैंकिग एक्टिवेट कर उसका एक्सेस अपनें पास ले कर उस राशि को अन्य खातों में ट्रांसफर कर निकाल लिया



गया। पुलिस टीम नें दिल्ली पहुच कर एक सप्ताह तक रूक कर प्राप्त लोकेशन एवं आरोपियों के मोबाइल विक्रेताओं से पूंछताछ व तकनीकी जानकारी एकत्र की गई और पुन: उक्त टीम को दिल्ली रवाना किया गया टीम नें दिल्ली पहुंच कर जिन एटीएम बूथों से आरोपियों नें पैसे निकालें थे उनका फुटेज प्राप्त किया एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य एवं प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों को चिन्हित कर उन्हे गिरफ्तार किया जा कर उनके कब्जे से फ्राड की राशि जप्त की गई है।

**गिरफ्तार आरोपी:** 1आमिर खान पिता मो. अली उम्र 26 वर्ष निवासी भोयस पोस्ट नदायल तहसील सहसवान थाना सहसवान जिला बदॉयू उ.प्र हाल न्यू अशोक नगर मकान नं.165 ए/774 ईसा मंजिल बी ब्लाक थाना न्यू अशोक नगर दिल्ली, 2. राहुल देव शर्मा पिता अनिल कुमार शर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी मस्जिद के पास नसरूल्लागंज तहसील सहसवान बदॉयू उ.प्र हाल राकेस शर्मा का किराए का मकान छलेरा गली नं 03 सेक्टर 44 थाना सेक्टर 39 नोएडा, 3. फिरोज आलम पिता सलीम खान निवासी तहसील सहसवान थाना सहसवान जिला बदॉयू उ.प्र. 4. फराज पिता अफजल निवासी तहसील सहसवान थाना सहसवान जिला बदॉयू उ.प्र।

## बांग्लादेश, पाकिस्तान व रूस का गाजा प्रस्ताव सुरक्षा परिषद में विफल

**संयुक्त राष्ट्र ( एजेंसियां )।** बांग्लादेश, पाकिस्तान, रूस और कई अरब देशों द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पेश प्रस्ताव विफल हो गया है। इसमें इजरायल और गाजा में युद्धविराम का आह्वान किया गया था, लेकिन इसमें हमास का कोई उल्लेख नहीं किया गया था। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा एक बंद बैठक में आम सहमति बनाने के आखिरी मिनट के प्रयास के बावजूद परिषद के सदस्य एक आम दृष्टिकोण पर सहमत नहीं हो सके, इसके बाद सोमवार रात को प्रस्ताव पर मतदान कराया गया। प्रस्ताव में हमास को इजरायल पर हमले के अपराधी के रूप में नामित नहीं किया गया था। परिषद के स्थाई सदस्य अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। जापान ने भी प्रस्ताव के ख़िलाफ़ मतदान किया। केवल रूस, चीन, मोज़ाम्बिक, गैबॉन और यूएई ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जबकि छह देश अनुपस्थित रहे। गाजा में मानवीय संकट बढ़ रहा है, इजरायली बमबारी में 2,700 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को मिस्र की यात्रा की योजना की घोषणा की।

# इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के बीच ईरान ने दी दीर्घकालिक युद्ध की चेतावनी

**तेहरान/गाजा,** (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन ने सरकारी टीवी पर कहा कि इजरायल को बिना परिणाम भुगते हुए गाजा में कार्रवाई करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईरान ने क्षेत्रीय देशों और इजरायल और अमेरिका का विरोध करने वाली शक्तियों को एक प्रतिरोध मोर्चे के रूप में संदर्भित किया। श्री होसैन ने कहा, सभी विकल्प खुले हैं और हम गाजा के लोगों के खिलाफ किए गए युद्ध अपराधों के प्रति उदासीन नहीं हो सकते हैं। प्रतिरोध मोर्चा दुश्मन के साथ दीर्घकालिक युद्ध करने में सक्षम है। जापान, सात

■ **गाजा के लोगों के खिलाफ किए गए युद्ध अपराधों के प्रति उदासीन नहीं हो सकते**



विकसित देशों के समूह का मौजूदा अध्यक्ष, की विदेश मंत्री योको कामिकावा ने गाजा के लिए एक करोड़ डॉलर की मानवीय सहायता की घोषणा करते हुए कहा कि वह ईरान के साथ बातचीत शुरू करने के अंतिम चरण में है। पिछले सप्ताह, ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली ख़ामेनेई ने कहा था कि तेहरान इजरायल पर हमास के हमले में शामिल नहीं था, लेकिन उन्होंने इजरायल की अपूरणीय सैन्य तथा खुफिया हार की सराहना की।

यह संकेत प्राप्त होने के बाद कि युद्ध एक नए मोर्चे पर फैल सकता है, इजरायल ने सोमवार को लेबनानी सीमा के पास दो किलोमीटर के क्षेत्र में 28 गांवों को खाली करने का आदेश दिया। इस बीच, रूस द्वारा तैयार किया गया संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव, जिसमें इजरायल और हमास के बीच युद्ध में मानवीय संघर्ष विराम का आह्वान किया गया था, सोमवार को 15 सदस्यीय निकाय में आवश्यक न्यूनतम नौ वोट पाने में विफल रहा। प्रस्ताव के पक्ष में पांच वोट पड़े, विरोध में चार वोट पड़े जबकि छह सदस्यों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। रूस ने शुक्रवार को एक पृष्ठ के मसौदे का प्रस्ताव रखा था, जिसमें बंधकों की रिहाई, मानवीय सहायता तक पहुंच और जरूरतमंद नागरिकों की सुरक्षित निकासी का आह्वान किया गया था।

## इजरायल हमले में गोलीबारी के लिए फॉस्फोरस हथियारों का उपयोग कर रहा

**यरुशलेम।** इजराइली सशस्त्र बलों ने कथित तौर पर मंगलवार को फॉस्फोरस हथियारों का उपयोग करके लेबनानी सीमा पर कई गांवों तथा गाजा पट्टी के विभिन्न क्षेत्रों पर रात भर गोलीबारी की। ह्यूमन राइट्स वॉच ने दावा किया कि सात अक्टूबर को हमास की घुसपैठ और उसके बाद रॉकेट हमलों के बाद शत्रुता के दौरान इजरायल ने गाजा तथा लेबनान के खिलाफ सफेद फास्फोरस हथियारों का इस्तेमाल किया। पिछले मंगलवार को फिलिस्तीनी विदेश मंत्रालय ने इजरायली सशस्त्र बलों पर सफेद फास्फोरस वाले गोला-बारूद का उपयोग करने का आरोप लगाया था। वहीं संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि संगठन को इजरायल द्वारा ऐसे हथियारों के संभावित उपयोग पर किसी भी रिपोर्ट की जानकारी नहीं है। इस बीच गाजा में 200 से 250 इजरायली बंदी हैं। हमास की सशस्त्र शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने आज यह जानकारी दी। ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू ओबैदा ने टेलीविज़न भाषण में कहा कि समूह ने 200 कैदियों को रखा है और बाकी को गाजा पट्टी में अन्य प्रतिरोध गुटों ने पकड़ लिया है।

## इजरायली हमलों में अब तक 2,800 से ज्यादा लोग की मौत

**रामल्लाह।** गाजा के गृह मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि खान यूनिस और रफा में घरों को निशाना बनाकर पूरी रात किए गए इजरायली हमले में कम से कम 49 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक यह घटना ऐसे समय हुई है जब इजरायल 23 लाख लोगों के एन्क्लेव में आक्रमण तेज करने की तैयारी कर रहा है, जिसके कारण गाजा में मानवीय संकट उत्पन्न हो गया है और ईरान के साथ व्यापक संघर्ष की आशंका उत्पन्न हो गई है। गाजा के अधिकारियों ने कहा कि 07 अक्टूबर से इजरायली हमलों में अबतक 2,800 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जिनमें लगभग एक चौथाई बच्चे हैं और 10 हजार से ज्यादा लोग घायल हैं और अस्पतालों में आपूर्ति का अभाव झेल रहे हैं। इजरायल ने हमास के हमले का जवाब गाजा पर अपनी नाकाबंदी को कड़ा करके दिया है, जिसमें भोजन, पानी और ईंधन के प्रवेश को प्रतिबंधित करना और हवाई हमलों के साथ क्षेत्र पर बमबारी करना शामिल है, जिसने हजारों फिलिस्तीनियों की मौत हुई है और लाखों विस्थापित हुए हैं।



इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने आज तड़के तेल अवीव में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ घंटों बातचीत की और कहा कि राष्ट्रपति बिडेन इजरायल का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति इज़राइल से पूछेंगे कि उसे अपने लोगों की रक्षा करने के लिए क्या चाहिए क्योंकि हम उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कांग्रेस के साथ काम कर रहे हैं। श्री ब्लिंकन ने कहा कि श्री बिडेन श्री नेतन्याहू से मुलाकात के दौरान इजरायल की सुरक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुन: पुष्टि करेंगे और उसके युद्ध लक्ष्यों एवं रणनीति पर व्यापक जानकारी प्राप्त करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों नेता गाजा के नागरिकों को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए एक योजना विकसित करने पर सहमत हुए हैं लेकिन उन्होंने विस्तृत जानकारी नहीं दी।

## आज का इतिहास

1630- बोस्टन में पहली बार आम अदालत का आयोजन हुआ था।
1689 - रायगढ़ के किले पर औरंगजेब ने कब्जा किया।1
722- फ्रांस के सी. होफर ने फायर फाइटर का पेटेंट कराया था।
1739- इंग्लैंड ने स्पेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1745- गुलिवर ट्रैवल बुक लिखने वाले जोनाथन स्विफ्ट का निधन।
1950- चाम्बो का युद्ध खत्म हुआ। इसे चीन में लिबरेशन ऑफ तिब्बत भी कहा जाता है। यह युद्ध 6 अक्टूबर को तिब्बत और चीन के बीच शुरू हुआ था।
1960- नागरिक अधिकारों के लिए आंदोलन चलाने वाले अमेरिका के मार्टिन लूथर किंग-जूनियर को गिरफ्तार किया गया था।
1956: रूस और जापान ने हस्ताक्षर कर दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे युद्ध को अधिकारिक रूप से समाप्त किया था।
1774 - इंग्लैंड के सुप्रीम कोर्ट के जजों और नये काउंसिल सदस्यों का एक दल ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा भारत में चलाए जा रहे शासन को बेहतर बनाने के लिए कलकत्ता पहुंचा।

## सुडोकू 6351

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | | | | | 5 | | 3 |
| 5 | 2 | | | | 6 | | 4 | |
| | | | 5 | | | | | |
| | | 2 | 6 | 3 | | 1 | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | 5 | | 8 | 2 | 4 | | |
| | | | | | 3 | | | |
| | 3 | | 2 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 1 | | | | | 2 | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर को मिले बर्फ हटाने वाले विशेष उपकरण

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को बर्फ हटाने वाले विशेष उपकरण और वाहन जनता को समर्पित किए। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा खरीदे गए उपकरण सुरक्षित और प्रभावी बर्फ हटाने और नागरिकों के लिए पहुंच बनाए रखने के लिए पीडब्ल्यू विभाग के मैकेनिकल व अस्पताल इंजीनियरिंग निदेशालय को सौंप दिए गए।

### बुधनी में टैक्सटाइल फैक्ट्री पर आयकर विभाग का छापा

**सीहोर।** मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के बुधनी क्षेत्र में स्थित एक टैक्सटाइल फैक्ट्री पर आयकर विभाग के दल ने छापे की कार्रवाई की। सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग के अधिकारियों का दल संबंधित फैक्ट्री परिसर में सुबह पहुंचा और फैक्ट्री कार्यालय के अलावा इसके परिसर में स्थित दो तीन ठिकानों पर छापे की कार्रवाई को अंजाम दिया। हालाकि छापे के दौरान क्या मिला, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी। सूत्रों का कहना है कि संबंधित फैक्ट्री का नाता पंजाब से है व पंजाब के आयकर विभाग के दल ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस संबंध में व कोई अधिकृत विवरण नहीं मिल सका है।

### ओडिशा में चार करोड़ की ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** ओडिशा पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने निवेश योजनाओं के नाम पर बड़ी संख्या में लोगों से 4 करोड़ की ठगी करने वाले दो आरोपियों को रांची पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया है। इनके नाम अमर डेनिश और पीयूष कुमार उर्फ निशांत हैं। दोनों बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ महीनों से रांची के पुंदाग इलाके में श्याम विहार अपार्टमेंट में छिपे थे। बताया गया है कि इन आरोपियों ने वास्तव इंडिया नामक एक ट्रस्ट के जरिए विभिन्न योजनाओं के तहत आकर्षक रिटर्न का वादा कर लोगों से रकम जमा करवाई।

### गुजरात के मछुआरे की पाकिस्तानी जेल में मौत

**गिर सोमनाथ।** गुजरात के गिर सोमनाथ जिले के एक मछुआरे की इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान की जेल में मौत हो गई। राज्य के मछुआरों के कल्याण के लिए समर्पित गैर सरकारी संगठन समुद्र श्रमिक संघ ने मंगलवार को कहा कि पिछले तीन महीनों में यह इस तरह की दूसरी मौत है। मृतक की पहचान कोडिनार ब्लॉक के डुडाना गांव के 55 वर्षीय भूपतभाई जीवाभाई वाला के रूप में हुई है। कराची जेल में बंद साथी मछुआरों ने बताया कि 9 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। भूपतभाई जीवाभाई वाला को 12 अक्टूबर, 2021 को पीएमएसए ने गिरफ्तार किया था।



## पुतिन, जिनपिंग फिलिस्तीन-इजरायल संकट पर कर सकते है चर्चा


**बीजिंग,** (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिगपिंग बीजिंग में बैठक के दौरान फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष की स्थिति पर चर्चा कर सकते है। क्रेमलिन के प्रवक्ता द्रमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्री पेस्कोव से जब यह पूछा गया कि क्या इस संघर्ष पर राष्ट्रपतियों द्वारा चर्चा की जाएगी , उन्होंने कहा निश्चित रुप से यह एक ऐसा मुद्दा है जो दुनिया के सभी नेताओं के एजेंडे में शीर्ष में है। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष के विस्तार का खतरा अभी भी बना हुआ है और यह पूरे क्षेत्र के लिए बिल्कुल भयानक परिणामों और इससे भी बड़ी मानवीय तबाही से भरा हो सकता है।

# जो बाइडेन करेंगे इजराइल का दौरा

**तेल अवीव।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने घोषणा की है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन बुधवार को इज़राइल का दौरा करेंगे। सीएनएन ने बताया कि 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इज़राइल पर अभूतपूर्व हमला शुरू करने के बाद युद्धग्रस्त राष्ट्र की अपनी दूसरी यात्रा पर सोमवार को तेल अवीव पहुंचे ब्लिंकन ने यहूदी राज्य की कैबिनेट के साथ सात घंटे से अधिक लंबी बैठक के अंत में बाइडेन की यात्रा की घोषणा की।

राज्य सचिव ने कहा, बुधवार को अपनी यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति बाइडेन इजरायल के सैन्य अभियानों के बारे में जानेंगे और इस बात पर चर्चा करेंगे कि इस दौरान नागरिक हताहतों की संख्या कम हो और गाजा में नागरिकों को मानवीय सहायता इस तरह से मिल सके, जिससे हमास को कोई फायदा न हो। उन्होंने कहा, बाइडेन इजरायल के साथ अमेरिका की एकजुटता और उसकी सुरक्षा के प्रति हमारी

**अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन ने दी जानकारी**



प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे।

सीएनएन ने राज्य सचिव के हवाले से कहा, वह इस संकट का फायदा उठाकर इजराइल पर हमला करने की कोशिश कर रहे किसी भी देश को संदेश देंगे कि वह ऐसा न करें।

व्हाइट हाउस के अनुसार, बाइडेन इज़राइल के अलावा जॉर्डन का भी दौरा करेंगे, जहां वह किंग अब्दुल्ला द्वितीय, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी और फिलिस्तीनी प्राधिकरण के अध्यक्ष महमूद अब्बास से मिलेंगे।

## थाई सरकार ने दी मंजूरी
# ९० दिन तक बिना वीजा के रह सकेंगे रूसी पर्यटक

**बैंकॉक,** (एजेंसियां)। थाईलैंड के कैबिनेट ने मंगलवार को कहा कि रूसी पर्यटक अब एक नवंबर से 30 अप्रैल 2024 तक बिना वीजा के देश में 90 दिनों तक रह सकेंगे। कैबिनेट प्रोटोकॉल में कहा गया है कि रूस को उन देशों की सूची में शामिल किया गया है जिनके नागरिक पर्यटन के लिए आने पर राज्य में 90 दिनों तक रहने के लिए वीजा या अनुमति प्राप्त करने की आवश्यकता से मुक्त हो जाते हैं। दस्तावेज में कहा गया है कि यह उपाय रूसी संघ के साथ आर्थिक और विदेश नीति की बातचीत के सर्वोत्तम हित में लिया गया है जो विशेष रूप से लोगों से लोगों के संबंधों के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय संबंधों का आधार हैं। सरकार ने आंतरिक मंत्रालय और आव्रजन सहित कई विभागों को संबंधित आदेशों, कानूनों तथा विनियमों में संशोधन करने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय सुरक्षा सेवा को थाईलैंड की राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों पर उपाय के प्रभाव की निगरानी करने का भी काम सौंपा गया है। एक अंतरसरकारी



समझौते के तहत रूसी और थाईलैंड के पर्यटकों को 30 दिनों के लिए एक-दूसरे के देशों में वीजा-मुक्त प्रवेश का आनंद मिला।थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने कहा कि सरकार देश में रूसी पर्यटकों के लिए वीजा-मुक्त रहने की अवधि को 30 से बढ़ाकर 90 दिन करने की योजना बना रही है।

## इंडोनेशिया में इबू ज्वालामुखी फटा

**जकार्ता,** (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के उत्तरी मालुकु प्रांत में इबू ज्वालामुखी मंगलवार को फट गया, जिसके बाद अधिकारियों ने स्थानीय लोगों और पर्यटकों को इलाके से दूर रहने की चेतावनी जारी की। इबू ज्वालामुखी मॉनिटरिंग पोस्ट के अनुसार, दोपहर 12.42 बजे ज्वालामुखी फटा, जिससे क्रेटर से 600 मीटर दूर तक गर्म राख फैल गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, निगरानी चौकी के एक अधिकारी अहमद बासुकी ने एक बयान में कहा कि ज्वालामुखी के विस्फोट से मोटी, भूरे रंग की राख का एक स्तंभ निकला। उन्होंने कहा, जो लोग बाहर निकलते हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि ज्वालामुखी की राख गिरने पर नाक, मुंह और आंखों के लिए सुरक्षात्मक उपकरण पहनें। समुद्र तल से 1,377 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इबू ज्वालामुखी अब खतरे के दूसरे स्तर पर है, जो उच्चतम स्तर चार से नीचे है।



■ **पर्यटकों को दूर रहने की चेतावनी**

## वर्ग पहेली 6351

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**
१. बदचलन, दुश्चरित्र, कुकर्मी
३. खजाना, धनागार
५. न्यारा, सबसे अलग तरह का
६. किसी चीज का मजा मिलने पर उसे फिर खाने की इच्छा
७. हरियाली युक्त
८. किसी व्यक्ति, वस्तु, इमारत की सुरक्षा मेंलगे लोगों का दल
१३. प्रशंसा, तारीफ़
१५. सूचना
१६. शिक्षा, उपदेश, लाभप्रद राय (उर्दू)
१७. एक राक्षसी
१८. सरलता
२०. सूर्य
२२. नया ऊगा हुआ
२३. नयापन

**ऊपर से नीचे:-**
१. गाली, अपशब्द
२. चापलूस
३. शोरगुल
४. करीब-करीब
५. जो किसी से न डरे
९. जिसे नुकसान न हुआ हो
१०. प्रेम, प्यार (उर्दू)
११. होश, चेतना
१२. स्वेच्छाचारिता
१४. विभाग, हुक्म करने की जगह (उर्दू)
१७. इबादत, आराधना
१९. निवासी (उर्दू)
२०. आखिर, अवसान
२१. डूबा हुआ, मग्न

### वर्ग पहेली-6350

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ च | क्र | २ म | ध्य | ■ | ■ | 3 प | द | ४ मु | क्त |
| को | ■ | धु | ■ | ५ उ | द | र | ■ | क | ■ |
| ६ त | मा | शा | ■ | फ | ■ | ७ ख | ब | र | ची |
| रा | ■ | ८ ला | ९ त | मा | र | ना | ■ | ना | |
| ■ | १० अ | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ११ वृ | ■ | १२ आं |
| १३ व्य | भि | चा | री | ■ | १४ बे | ■ | १५ क्ष | मि | त |
| ■ | मा | ■ | १६ र | स | प | ति | ■ | ■ | रि |
| १७ वि | न | ती | ■ | ■ | ना | ■ | १८ त | १९ नि | क |
| षै | ■ | ■ | २० खे | ति | ह | २१ र | ■ | र्जी | ■ |
| २२ ला | भ | प्र | द | ■ | ■ | २३ थ | का | व | ट |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

पहल | *तनावग्रस्त छात्रों के लिए केंद्र की अनूठी पहल*

# विद्यार्थियों के लिए सभी स्कूलों में गठित होगी वेलनेस टीम

नई दिल्ली, देशबन्धु। देश में शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही प्रतिस्पर्धा और इंजीनियरिंग व मेडिकल में पवेश के लिए भारी दबाव के बीच कभी-कभी कुछ छात्र अप्रत्याशित कदम उठा लेते हैं। जिसका कोई अंदाजा भी नहीं लगा पाता है। यानि छात्रों में अवसाद के चलते बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति यह बेहद चिंताजनक दौर है।

■ **केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों को भेजी गाइड लाइन**

इसी से निपटने के लिए अब केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय आगे आया है। इसके लिए जरूरी कदम उठाने को लेकर सभी राज्यों के लिए गाइड लाइन भेजी गई है। जानकारी के मुताबिक जो गाइड लाइन भेजी गई है, उसके तहत सभी स्कूलों में छात्रों के लिए वेलनेस टीमें गठित किए जाने का निर्देश दिया गया है। इस वेलनेस टीम में वाइस प्रिंसिपल, हेडमास्टर, शिक्षक, वार्डन, छात्र, अभिभावक और काउंसलर जैसे लोग शामिल होंगे। इस टीम में शामिल लोग स्कूल में पढ़ने वाले



बच्चों के बातचीत के लहजे के साथ ही उनके व्यवहार का अध्ययन करेंगे। इसके साथ ही बच्चों में किसी भी तरह के असामान्य व्यवहार को नोटिस करने के बाद टीम की ओर से जरूरी कदम उठाना अनिवार्य होगा। मंत्रालय की ओर से भेजी गई गाइड लाइन में यह भी कहा गया है कि गठित टीम के सदस्यों को छात्रों के भीतर के उन लक्षणों को समझना बेहद जरूरी होगा। जिसके तहत पीड़ित छात्र अगर अपने दोस्तों व परिवार के बीच यह कहता है कि उसकी इस समस्या का कोई समाधान नहीं कर सकता है। वह बेकार हो गया है और शारीरिक रूप से थक गया है, हर समय उदास महसूस करता है और कभी ठीक नहीं हो सकता है। इस तरह का व्यवहार वह करता है तो संबंधित छात्र से तुरंत बात करनी होगी।

गाइड लाइन में कहा गया है कि समय रहते इस तरह के प्रयास करके पीड़ित छात्र के अनमोल जीवन को बचाया जा सकता है। ऐसे तनावग्रस्त छात्रों को अकेले बिल्कुल नहीं छोड़ें। दोस्ताना व्यवहार के साथ परिवार व अन्य शिक्षकों व काउंसलिंग टीम को शामिल करते हुए मदद लें। इसके अलावा स्कूलों को अपने कैंपस और क्लासरूम में सकारात्मक व्यवहार का निर्माण करना होगा, ताकि कोई भी छात्र बिना किसी डर के आसानी से अपनी बात रख सके। पढ़ाई, परिवार या किसी दोस्त से लड़ाई, परीक्षा में कम अंक आना, परिवार का दूसरे बच्चों से परीक्षा को लेकर तुलना करना, स्कूल में शिक्षक द्वारा प्रताड़ित या कोई अन्य कारण और आर्थिक दिक्कत समेत अन्य कारण मुख्य रूप से सकते हैं। वेलनेस टीम और परिवार के लोगो को आगे आकर छात्र को तनाव या अवसाद से निकालना होगा। मंत्रालय ने स्कूलों के लिए इस तरह की जो गाइड लाइन तैयार की है,उसे कई भागों में बांटा गया है और हर स्तर पर ध्यान देने व तत्काल जरूरी कदम उठाने की बात कही गई है।

# खेल जगत

## अर्जेंटीना ने मेसी के दो गोलों से पेरू को हराया

**लीमा।** अर्जेंटीना ने लियोनेल मेसी के पहले हाफ में किए गए दो गोल की मदद से फीफा विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले में पेरू को 2-0 से हरा दिया। लीमा में नेशनल स्टेडियम में मंगलवार को यहां खेले गये मैच में मेसी ने आधे घंटे के बाद ही पहला गोलकर अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने मेसी के 16 गज की दूरी से किये गये दूसरे गोल से बढ़त को 2-0 कर दिया। इस जीत के साथ ही अर्जेंटीना ने क्वालीफायर में शानदार शुरुआत बरकरार रखी है। अर्जेंटीना ने चार मैच जीते है और उसने दूसरे स्थान पर मौजूद उरुग्वे पर पांच अंकों की बढ़त बना ली है। पेरू अब तक केवल एक अंक के साथ 10 टीमों की तालिका में नौवें स्थान पर है। मंगलवार को दक्षिण अमेरिका के क्वालीफाइंग ग्रुप में अन्य जगहों पर हुए मुकाबलों में उरुग्वे ने ब्राज़ील को 2-0 से हराया, इक्वाडोर को कोलंबिया ने गोल रहित घरेलू ड्रा पर रोका, पराग्वे ने बोलीविया पर 1-0 से जीत हासिल की।



# रोहित दे दनादन कर भारत को बांग्लादेश के खिलाफ भी जीत दिलाने के मकसद से उतरेंगे

- भारत की कोशिश जीत के चौके' के साथ शीर्ष पर बने रहने की
- भारत पिछले तीनों विश्व कप में बांग्लादेश को दे चुका है शिकस्त

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली। भारत के कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा मैदान पर उतरते ही दे दनादन कर हावी होने की नई रणनीति से आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के पिछले दो मैचों में -पहले में शतक और फिर अर्द्धशतक जडने् के कामयाब प्रदर्शन को अपनी जन्मस्थली पुणे में भी जारी रखने के मकसद से उतरेंगे। रोहित की कोशिश भारत को अब बांग्लादेश के खिलाफ भी बृहस्पतिवार को जीत दिला जीत के 'चौके' के साथ उसे शीर्ष पर बरकरार रखने की होगी। भारत ने मौजूदा संस्करण में अपने शुरू के तीनों मैच जीते हैं।अफगानिस्तान को हरा कर जीत से आगाज करने वाले बांग्लादेश की गाड़ी इंग्लैंड और न्यूजीलैंड से पिछले मैच हार कर पटरी से उतर चुकी है। भारत अब तक वन डे विश्व कप के इतिहास में ˙ बांग्लादेश चार में से केवल एक बार 2007 में पांच विकेट से हारा है। भारत ने इसके बाद बांग्लादेश से अगले तीनों संस्करणों में अपने मैच दमदार अंदाज में जीत पूरी तरह अपनी श्रेष्ठता साबित की है। सबसे रोचक बात यह है कि भारत की पिछले दो यानी 2015 और 2019 के संस्करणों में बांग्लादेश पर दमदार जीत में मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा ने शतक जड़े थे और अब भी उनके बल्ले से रन बरस रहे हैं। भारत यही आस करेगा कि कप्तान रोहित शर्मा मौजूदा संस्करण में भी बांग्लादेश के खिलाफ शतक जड़ शतकों की हैट्रिक पूरी करें। साथ ही 2011 के संस्करण में मीरपुर पर बांग्लादेश के खिलाफ जीत में वीरेंद्र सहवाग की तरह विस्फोटक अंदाज में शतक जडने् वाले भारत के 'चेज मास्टर' विराट कोहली का बल्ला इस बार भी खूब बोल रहा है। मौजूदा संस्करण में भारत की लगातार तीसरी जीत के बावजूद बीते चार दिन में अफगानिस्तान की दिल्ली में मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड पर 69 रन से और नीदरलैंड की दक्षिण अफ्रीका पर रविवार को धर्मशाला में 38 से सनसनीखेज जीत ने मौजूदा वन डे विश्व कप को खासा रोचक बनाने के साथ भारत सहित हर बड़ी टीम को बड़ा संदेश यह दिया कि वह कभी भी किसी टीम को कमतर आंकने की गलती नहीं कर सकती है। भारत ने भले ही कोलंबो में एशिया कप में पिछले मैच में बांग्लादेश से छह रन से हार गया हो लेकिन उसके लिए खुशखबरी है कि उस मैच में शतक जडने् वाले उसके सलामी बल्लेबाज डेंगू से पूरी तरह फिट होकर फिर उसके खिलाफ अपना जलवा दिखाने को तैयार हैं। पिछले पांच मैचों बांग्लादेश ने बेशक भारत से तीन मैच जीते हैं जबकि भारत ने मात्र दो। इनमें एक दिलचस्प बात यह है भारत ने जो मैच जीता उसमें उसने इशान किशन के दोहरे शतक और विराट कोहली के शतक 400 से ज्यादा रन बनाए। बांग्लादेश ने भारत से बीते बरस जो वन डे सीरीज 2-1 से जीती और इसमें भारत के शीर्ष गेंदबाज चोट या फिर प्रयोग के क्रम में नहीं खेले। विराट कोहली को बांग्लादेश के कप्तान बाएं हाथ के स्पिनर शाकिब अल हसन ने भले ही अब तक वन डे क्रिकेट मैच में पांच बार आउट किया है। बावजूद इसके विराट जिस तरह की फॉर्म में है और उसके चलते शाकिब के लिए उन्हें रोकना बड़ी चुनौती होगा। ऑलराउंडर कप्तान शाकिब यदि फिट रहते हैं तो उनसे और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर मेहदी मिराज से भारत को चौकस रहने की जरूरत है। भारत के कप्तान रोहित पहले ही यह कह चुके हैं कि उनकी भारतीय टीम इस विश्व कप में किसी भी टीम को हल्के में लेने की गलती नहीं करेगी। शाकिब न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में %क्वाड' की जिस चोट से परेशान हुए थे वह इससे उबर भी गए तो वह इस चोट के चलते ज्यादा एहतियात बरतेंगे। भारत की खुशकिस्मती यह है कि रोहित व विराट की सलामी जोड़ी के साथ विराट, श्रेयस व केएल राहुल के साथ उसका शीर्ष क्रम तो रंग में है ही उपकप्तान ऑलराउंडर हार्दिक पांडया और रवींद्र जडेजा जैसे ऑलराउंडर बल्ले और गेंद दोनों से रंग में हैं और ऐसे में उसके पास सातवें नंबर तक मजबूत बल्लेबाजी है।



**मैच का समय : दोपहर दो बजे से (भारतीय समयानुसार)**

भारत को एक बड़ा फैसला यह लेना होगा कि वह शार्दूल ठाकुर को बांग्लादेश के खिलाफ एकादश में बरकरार रखे या फिर उनकी जगह रविचंद्रन अश्विन अथवा मोहम्मद शमी में किसी एक को उतार अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण को और मजबूत बनाए। रोहित शर्मा के लिए - शार्दूल, अश्विन और शमी में से किसी एक को चुनना बड़ी चुनौती होगा। दरअसल बांग्लादेश के लिए तीन मैचों में दो अर्द्धशतक सहित सबसे ज्यादा रन मुशफिकुर रहीम(कुल 119 रन) ने बनाए हैं जबकि लिटन दास, नजमुल शांतों और मेहदी हसन मिराज ही एक -एक अर्द्धशतक जड़ पाए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ कप्तान शाकिब (कुल 40 रन) रहीम के साथ पांचवें विकेट 96 रन की सबसे बड़ी भागीदारी करने के बावजूद तेज गेंदबाजों के खिलाफ जूझते नजर आए। भारत के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी है कि चोट से उबर कर कामयाबी वापसी करने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने खुद कहर बरपा अब तक तीन मैचों में आठ विकेट चटकाए हैं। इंग्लैंड के रीस टाप्ले,क्रिस वॉक्स और सैम करेन ने बांग्लादेश के खिलाफ आपस में आठ विकेट बांट कर अपनी टीम को जीत दिलाई। वहीं न्यूजीलैंड के रफ्तार के सौदागर लॉगी फर्गुसन, बोल्ट और मैट हेनरी ने भी भी आपस में आठ विकेट बांट अपनी टीम को बांग्लादेश के खिलाफ जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। ऐसे में मुमकिन है भारत शुरू के तीन मैचों के अपने सबसे कामयाब तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (कुल 8 विकेट), हार्दिक पांडया(कुल पांच विकेट), मोहम्मद सिराज (कुल 3 विकेट) ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर (मात्र एक विकेट) और रविचंद्रन अश्विन (मात्र एक विकेट) दोनों को बाहर बैठाकर चौथे तेज गेंदबाज के रूप में मोहम्मद शमी को बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा (पांच विकेट) और कुलदीप यादव(पांच विकेट)के साथ उतरे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मात्र दो रन पर तीन विकेट खोने के बाद विराट कोहली ने केएल राहुल के साथ बड़ी शतकीय भागीदारी कर भारत को छह विकेट जीत दिलाने के बाद अफगानिस्तान के खिलाफ अपने दिल्ली के अपने घरेलू मैदान पर अविजित अर्द्धशतक भारत को आठ विकेट से जीत दिला कर यह दर्शाया कि उसका शीर्ष क्रम पूरी तरह चौकस उसे लगातार चौथी जीत दिलाने को तैयार है।

विराट(16) और अब पूरी तरह शुभमन गिल (16) भले ही पाकिस्तान के खिलाफ सस्ते में आउट हो गए लेकिन दोनों जिस तरह पूरे विश्वास से खेले और भारत ने कप्तान रोहित और नौजवान श्रेयस अय्यर के अर्द्धशतकों से पाकिस्तान पर सात विकेट विकेट से जीत दर्ज की उससे यह साफ है कि बांग्लादेश के गेंदबाजों के लिए भारत की मजबूत बल्लेबाजी पर लगाम लगाना बड़ी चुनौती होगा। भारत के लिए शुरू के तीन मैचों में रन बनाने में सबसे आगे चल रहे रोहित शर्मा (कुल 217 रन), विराट कोहली (कुल 156 रन) , केएल राहुल (कुल 116 रन) और श्रेयस अय्यर (78 रन) के साथ सभी का कम से कम एक अर्द्धशतक जडना् और केएल राहुल का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 97 रन बनाकर अविजित रहना यह दर्शाता है कि उसके पास बांग्लादेश के कप्तान बाएं हाथ के स्पिनर शाकिब अल हसन (पांच विकेट), ऑफ स्पिनर मेहदी हसन(4 विकेट), मेहदी हसन मिराज (3 विकेट) के साथ तेज गेंदबाज शेरीफुल इस्लाम (5 विकेट ) से पार पाने का दम है। यदि कहीं शाकिब अल हसन नहीं खेले तो फिर बांग्लादेश के लिए भारत को पुणे में भी रोकना मुश्किल होगा।

## दानिश कनेरिया ने धार्मिक पूर्वाग्रह को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट को घेरा



**बेंगलुरू,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। मोहम्मद रिजवान द्वारा हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में नमाज पढ़ने और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जय श्री राम के नारे लगाने को लेकर उपजे विवाद के बीच पाकिस्तान के पूर्व स्टार स्पिनर दानिश कनेरिया ने पाकिस्तान क्रिकेट में धार्मिक पूर्वाग्रह को उजागर किया है।

दानिश ने एक वीडियो के साथ संलग्न पोस्ट में श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले के दौरान मैदान में इस्लाम के प्रदर्शन के लिए एक पाकिस्तानी खिलाड़ी की आलोचना की। वीडियो में दिखाया गया है कि एक पाकिस्तानी खिलाड़ी तिलकरत्ने दिलशान से कह रहा है कि वह इस्लाम कबूल कर ले, अगर वह ऐसा नहीं करेंगा तो आग में जलकर राख हो जाएगा। पाकिस्तानी खिलाड़ी को यह कहते हुए देखा गया, अगर आप (हैं) गैर-मुस्लिम हैं और आप मुस्लिम बन जाते हैं, तो चाहे आप जीवन में कुछ भी करें, आप सीधे स्वर्ग जाएंगे।

जिस पर दिलशान जवाब देते हैं लेकिन वीडियो में ऑडियो अस्पष्ट है। जवाब में पाकिस्तानी खिलाड़ी कहता है, तो फिर आग के लिए तैयार रहो। इस पर टिप्पणी करते हुए कनेरिया ने कहा, चाहे वह ड्रेसिंग रूम हो, खेल का मैदान हो या डाइनिंग टेबल, मेरे साथ यह हर दिन होता है।

एक अन्य पोस्ट में कनेरिया ने क्रिकेट कमेंटेटर वकार यूनिस द्वारा रिज़वान के मैदान में नमाज़ पढ़ने को उचित ठहराने पर सवाल उठाते हुए व्यंग्यात्मक ढंग से कहा, काफिर हिंदुओं के सामने नमाज़ पढ़ना मैच से अधिक महत्वपूर्ण था। यही समस्या है। वकार एक पाकिस्तानी टेलीविजन में कहते देखे गये हैं, मोहम्मद रिज़वान ने समझदारी से खेला और जो आक्रामकता उन्होंने दिखाई और सबसे अच्छा जो रिज़वान ने किया माशाअल्लाह, जो मैदान में खड़े होकर हिंदुओं के सामने नमाज पढ़ते थे, वह वास्तव में कुछ था ख़ास मेरे लिए।

कनेरिया ने पाकिस्तान टीम के निदेशक मिकी आर्थर की यह कहने के लिए भी आलोचना की कि नरेंद्र मोदी स्टेडियम के अंदर के माहौल से ऐसा नहीं लग रहा था कि यह कोई आईसीसी कार्यक्रम है। आर्थर ने कहा था, देखिए, अगर मैं कहूं कि ऐसा नहीं हुआ तो मैं झूठ बोलूंगा। ईमानदारी से कहूं तो यह आईसीसी की कोई स्पर्धा नहीं लग रही थी। यह एक द्विपक्षीय सीरीज जैसा लग रहा था, ऐसा लग रहा था कि यह बीसीसीआई की स्पर्धा है मैंने ऐसा नहीं किया। आज रात माइक्रोफोन पर 'दिल दिल पाकिस्तान' बार-बार नहीं सुनाई देगा। यहां तक कि पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलमान बट ने भी आर्थर को उनकी टिप्पणियों के लिए कहा, यह पूरी तरह से अनावश्यक और गैर-पेशेवर था। यह कुछ ऐसा था जो उनके नियंत्रण से परे था और उन्हें इस बारे में चिंतित होने वाला अंतिम व्यक्ति होना चाहिए।

# उलटफेर का शिकार हुई दक्षिण अफ्रीका

- कप्तान एडवर्डस के बेहतरीन खेल से नीदरलैंड ने द. अफ्रीका को हरा किया वन डे विश्व कप का दूसरा बड़ा उलटफेर
- बीक और मर्व ने द. अफीका को 207 पर ढेर कर नीदरलैंड को जिताया



नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकेटकीपर बल्लेबाज स्कॉट एडवडर्स की अविजित 78 रन की बेहतरीन पारी, तीन बेहतरीन कैच व चतुर कप्तानी तथा तेज गेंदबाज लोगन वान बीक (3/60) की धारदार गेंदबाजी से नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को मंगलवार देर रात धर्मशाला में 38 रन से हराकर आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 का दूसरा बड़ा उलटफेर कर उसकी लगातार दो जीत के सिलसिले को तोड़ अपनी पहली जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका का हर विकेट गिरने के बाद %मैच अप' को जेहन में रखकर नीदरलैंड के कप्तान एडवडर्स का %पर्ची' देख सही गेंदबाज को मोर्चे पर लगाना बेहद कारगर रहा। अफगानिस्तान ने रविवार को मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को 69 रन से हरा मौजूदा संस्करण का पहला सबसे बड़ा उलटफेर किया था। नीदरलैंड ने बीते बरस दक्षिण अफ्रीका को टी-20 विश्व कप में हरा कर खिताब की होड़ से बाहर कर बड़ा उलटफेर किया था। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर 15.1 ओवर में शुरू के चार विकेट 50 रन पर गंवा दिए थे। वहीं मैच-अप के मुताबिक नीदरलैंड ने स्पिनर खासतौर पर वान डेर मर्व को मोर्चे पर लगाया और पारी के शुरू में दक्षिण अफ्रीका में दो विकेट चटकाए और 11.2 ओवर में उसका स्कोर चार विकेट 44 कर दिया। मर्व का अपने शुरू के दो ओवर के बाद गेंदबाज विश्लेषण था 2-0-5-2 ।

अपने शुरू के 22 वें ओवर में पांच विकेट पर मात्र 82 रन गंवा के बावजूद कप्तान मैन ऑफ द' स्कॉट एडवडर्स के 69 गेंद पर एक छक्के और दस चौकों की मदद से तूफानी अविजित 78 की बदौलत नीदरलैंड ने बारिश के कारण मैच प्रति टीम 43-43 ओवर का किए जाने पर मंगलवार को आठ विकेट पर 245 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। विकेटकीपर बल्लेबाज एडवडर्स ने वान डेर मर्व (29 रन, 19 गेंद, एक छक्का और तीन चौके) साथ आठवें विकेट के लिए 64 और भारतीय मूल के आर्यन दत्त (अविजित 23रन ,9 गेंद, तीन छक्के) के साथ 19 गेंदों में 41 रन की असमाप्त भागीदारी कर नीदरलैंड को उम्मीद से बड़े स्कोर तक पहुंचाया।आखिर के 13 ओवर में नीदरलैंड ने 113 रन जोड़े। नौजवान आर्यन दत्त की तारीफ करनी होगी कि उन्होंने लुंगी एंगिडी और जेरल्ड कोइत्जी की धीमी गेंदों पर तीन जोरदार छक्के जड़ कर कप्तान एडवडर्स के साथ मिलकर सभी का दिल जीत लिया।

नीदरलैंड के तेज गेंदबाज लोगन वान बीक(3/60), पॉल वॉन मीकरन (2/40), बास डी लिडे (2/36) और बाएं हाथ के स्पिनर राल्फ वन डेर मर्व (2/34) के गेंद से कमाल के सामने जवाब में डेविड मिलर (43 रन, 52 गेंद, एक छक्का, चार चौके) और हेनरी क्लासेन (28 रन, 28 गेंद चार चौके) की छठे विकेट 45 रन की भागीदारी तथा केशव महाराज (40 रन, 37 गेंद, एक छक्का, पांच चौके) के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की टीम 42.3 में 207 रन पर आउट होकर मैच हार गई। केशव महाराज ने बीक की ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर वान बीक की गेंद पर बल्ला अड़ा अंतिम बल्लेबाज के रूप में आउट होने से पहले लुंगी एंगिडी के साथ 41 रन जोड़े। बीक ने दक्षिण अफ्रीका के हेनरी क्लासेन , मंगलवार को सबसे ज्यादा रन बनाने वाले डेविड मिलर और आखिरी बल्लेबाज केशव महाराज के बेशकीमती विकेट निकाल कर दक्षिण अफ्रीका की ऐतिहासिक जीत में अहम रोल अदा किया। कप्तान तेंबा बाउमा और क्विंटन डी कॉक ने तेज आगाज कर 36 रन जोड़े थे कि कॉक (20 रन, 22 गेंद, 3 चौके,) पारी के आठवें और ऑफ स्पिनर कॉलिन एकरमैन के पहले ओवर की गेंद को पैडल करने की कोशिश और गेंद उनके दस्ताने अपने और कंधे को लेकर उछली और विकेटकीपर स्कॉट एडवडर्स ने कैच लपक लिया। बाएं हाथ के स्पिनर मर्व की तेजी से अंदर गेंद को कप्तान बाउमा (19) टर्न के लिए खेले लेकिन गेंद उनका विकेट उड़ा ले गई और दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा 39 रन खोया। दक्षिण अफ्रीका के स्कोर में तीन रन और जुड़े कि एडन मरक्रम (4) ने पॉल वान मीरकन की तेजी से भीतर आती नीची रही गेंद को गेंद को खेलने से चूके और बोल्ड हो गए और दक्षिण अफ्रीका अपना चौथा विकेट 44 रन । हेनरिक क्लासेन (28 रन, 28 गेद, चार चौके) और डेविड मिलर ने पांचवें विकेट के लिए 45 रन जोड़ दक्षिण अफ्रीका को संभालने की कोशिश की। क्लासेन ने वान बीक की उछाल लेती गेंद को उड़ाने के फेर में विक्रमजीत सिंह ने फाइन लेग पर लपक लिया और दक्षिण अफ्रीका ने 19 वें ओवर पांचवां विकेट 89 पर खोया। वान मीकरन ने पारी के अधबीच मार्को येनसन (9) को बोल्ड कर दिया और दक्षिण अफ्रीका ओवर में छह विकेट 109 पर खो कर बड़े संकट में फंस गई। इससे पूर्व दक्षिण अफ्रीका का स्कोर जब 103 पर मर्व की गेंद डे मिलर का कैच छोड़। लोगन वान बीक के पांचवें ओवर की अंतिम गेंद को डेविड मिलर बड़ा शॉट लगाने फेर में बोल्ड हो गए और दक्षिण अफ्रीका ने पारी के 31 वें ओवर में अपना सातवां विकेट जब 145 रन पर खोया तो मैच उसके हाथ से लगभग निकल चुका था कि क्योंकि तब उसे 12 ओवर में जीत के लिए 101 रन की जरूरत थी लेकिन खतरनाक होते दिख रहे कोइत्जी(22 रन, 23 गेंद, एक छक्का व दो चौके) ने तेज गेंदबाज बास डी लिडे की ऑफ स्टंप के बाहर गेंद को पुल करने की कोशिश और कप्तान एडवडर्स ने दबाव में धैर्य से कैच लपक लिया और दक्षिण अफ्रीका ने 33.1 ओवर में आठवां विकेट 147 रन खो दिया और कसिगो रबाड़ा ने बास डी लीडे की गेंद को उड़ाने की कोशिश में नौवां विकेट एंजेलब्रेट को लॉन्ग ऑन पर कैच थमा दिया। बीक ने पारी के 43 वें और अंतिम ओवर में महाराज को आउट कर दक्षिण अफ्रीका की पारी समेट कर नीदरलैंड को जीत दिलाई।

**सार संक्षेप**

### न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को दिया 289 रन का लक्ष्य

**चेन्नई।** न्यूजीलैंड ने गुरुवार को आईसीसी विश्व कप 2023 के 16वें मुकाबले में ग्लेन फिलिप्स 71 रन और कप्तान टॉम लैथम 68 रन के अर्धशतकों की बदौलत अफगानिस्तान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में छह विकेट पर 288 रन बनाये है। एमए चिदंबरम स्टेडियम में आज अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही है और उसका पहला विकेट सातवें ओवर की तीसरी गेंद पर डेवन कॉन्वे 20 रन के रूप में गिरा। उन्हें मुजीब ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद विल यंग और रचिन रविंद्र संभल कर खेलते हुए 79 रनों की साझेदारी की। 21वें ओवर की दूसरी गेंद पर उमरजई ने रविंद्र 32 रन को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। न्यूजीलैंड का तीसरा विकेट विल यंग का गिरा। उन्होंने 64 गेंद में 4 चौको और 3 छक्कों की मदद से 54 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उन्हें उमरजई ने अलीखिल के हाथों कैच आउट कराया। 22वें ओवर की चौथी गेंद पर डैरिल मिशेल एक रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उन्हें राशिद ने इब्राहिम जदरान के हाथों कैच आउट कराया। कप्तान टॉम लेथम ने 74 गेंदों में 68 रन बनाये। उन्हें नवीन अल हक ने बोल्ड आउट किया। ग्लेन फिलिप्स ने 80 गेंद में 4 चौके और 4 छक्के की मदद से 71 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों ने 144 (153) रन की साझेदारी हुई। अफगानिस्तान को मैच जीतने के लिए 289 रन बनाने है। अफगानिस्तान की ओर से अजमतुल्लाह उमरजई और नवीन-उल-हक ने 2-2 विकेट लिये। जबकि मुजीब उर रहमान और राशिद ख़ान को एक -एक विकेट मिला।

### अश्विन को टीम में शामिल करने पर रहेंगी प्रशंसकों की नजर

**पुणे।** आईसीसी विश्व कप में महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में बंगलादेश के खिलाफ गुरुवार को होने वाले मुकाबले में स्पिनर आर अश्विन को टीम में शामिल किये जाने सवाल पर रहेंगी।
लाखों प्रशंसकों की नजर। हालांकि इस

# रोहित ने आईसीसी रैंकिंग में पांच पायदान की लागई छलांग

**दुबई।** आईसीसी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कमाल करते हुए 5 स्थानों की छलांग लगाते हुए छठे पायदान पर पहुंच गये है।

उल्लेखनीय है कि 10 अक्टूबर को जारी रैंकिंग में रोहित 11वें नंबर पर थे। ताजा एकदिवसीय रैंकिंग में रोहित शर्मा छठे नंबर पर आ गए हैं और एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग के टॉप 10 में भारत के तीन बल्लेबाज शामिल है। शुभमन गिल दो नंबर पर, रोहित शर्मा नंबर छठे तथा विराट कोहली वर्तमान रैंकिंग में नौ नंबर पर हैं। इसके अलावा रोहित शर्मा इस समय टेस्ट और एकदिवसीय रैंकिंग में टॉप 10 में मौजूद रहने वाले इकलौते भारतीय हैं।

बुधवार को आईसीसी मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार नवीनतम अपडेट के अनुसार क्विंटन डी कॉक, रोहित शर्मा और ट्रेंट बोल्ट ने पुरुष एकदिवसीय रैंकिंग में छलांग लगाई है। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डी कॉक ने लगातार दो शतकों के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत की, लेकिन कल नीदरलैंड्स के खेले गये मुकाबले में 20 रन पर आउट होने के बाद शीर्ष स्थान के करीब पहुंचने का मौका चूक गए। दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज फिर भी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

अफगानिस्तान के खिलाफ 131 रन बनाने और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 63 गेंदों में 86 रन बनाने के बाद रोहित पांच स्थान की लंबी छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज



रहमानुल्लाह गुरबाज़ (19 स्थान ऊपर 18वें स्थान पर) और नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (16 स्थान ऊपर 27वें स्थान पर) भी शानदार पारियों के बाद बल्लेबाजी रैंकिंग में सुधार हुआ हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने 836 रेटिंग अंक हासिल कर लिए हैं और वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में अपनी बढ़त 18 अंक का सुधार किया है।

वही भारत के युवा खिलाड़ी शुबमन गिल बीमारी पर काबू पाने के बाद पाकिस्तान के खिलाफ 12 रनों के साथ अपने क्रिकेट विश्व कप अभियान की शुरुआत करने वाले दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

बंगलादेश के खिलाफ बेहतरीन गेंदबाजी के बाद न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बोल्ट एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। बोल्ट ने बंगलादेश के खिलाफ 45 रन देकर दो विकेट लिये थे। उन्होंने तौहीद हृदोय को आउट करके एकदिवसीय मैच में अपना 200वां विकेट भी लिया था। अफगानिस्तान के जादूगर राशिद खान गेंदबाजी रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के ही स्पिनर केशव महाराज सात स्थान ऊपर चढ़कर मुजीब उर रहमान के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। तेज गेंदबाजों में, भारत के जसप्रित बुमरा (सात स्थान ऊपर) और दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा (एक स्थान ऊपर) 14वें पायदान पर पहुंच गए हैं, जबकि लुंगी एनगिडी छह स्थान ऊपर 16वें पायदान पर पहुंच गए हैं। बंगलादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन 343 अंकों के साथ एकदिवसीय ऑलराउंडर रैंकिंग में पहले स्थान पर हैं। क्रिकेट विश्व कप की तेज शुरुआत से न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सैंटनर एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। क्रिकेट विश्व कप में अब तक गेंद के साथ ग्लेन मैक्सवेल के प्रभावशाली प्रभाव ने ऑलराउंडर रैंकिंग में उन्हें तीन पायदान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गये है।

### सुडोकू 6351 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 6 | 8 | 2 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 5 | 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 | 4 | 9 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 4 | 2 | 6 | 3 | 7 | 1 | 9 | 5 |
| 1 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 | 6 | 8 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 7 |
| 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 | 1 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 |

| SENSEX | BSE | 65877.02 ▼ | 551.07 | 19671.60 ▼ | 140.40 | MCX | Gold | 60124 ▲906 | silver | 72231 ▲ 664 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## भारत-ब्रिटेन एफटीए समझौते पर इस महीने हस्ताक्षर की उम्मीदें धूमिल पड़ीं -रिपोर्ट

लंदन । भारत-इंग्लैंड के बीच 29 अक्टूबर को लखनऊ में होने वाले विश्व कप क्रिकेट मैच तक दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर की उम्मीदें धूमिल पड़ गई हैं। ब्रिटेन के एक समाचार पत्र की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक यह मैच देखने आ सकते हैं। समाचार पत्र द फाइनेंशियल टाइम्स ने अधिकारियों के हवाले से कहा कि विधि और लेखा क्षेत्र में ब्रिटिश पेशेवर सेवाओं के लिए भारतीय बाजार को खोलने की दिशा में पर्याप्त प्रगति नहीं हुई है। इससे भारत-ब्रिटेन एफटीए पर 13वें दौर की वार्ता समझौते के साथ संपन्न होने की संभावनाएं धूमिल हुई हैं।






## कच्चा तेल हुआ महंगा

### क्या पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी आया उछाल?

**नयी दिल्ली ।** इजराइल और हमास युद्ध का असर कच्चे तेल की कीमतों पर देखने को मिल रहा है। आज यानी बुधवार को क्रूड ऑयल के रेट में लगभग 2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, भारतीय तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।

**किस वजह से बढ़ें क्रूड ऑयल के रेट?** - उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, इजराइल-हमास के बीच जारी संघर्ष के चलते मिडिल ईस्ट से सप्लाई में रुकावट की चिंताओं के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल देखने को मिला है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड ऑयल 91.68 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड के दाम 88.55 डॉलर प्रति बैरल है।

**भारतीय तेल कंपनियों ने नहीं बढ़ाए पेट्रोल-डीजल के दाम** - आज यानी 18 अक्टूबर 2023 की लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक, इंडियन ऑयल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। हालांकि, राज्यों द्वारा लगने वाले टैक्स के कारण कई राज्यों के शहरों में पेट्रोल और डीजल के रेट में मामूली बदलाव देखा गया है।

# सरकार ने रबी फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाया

## गेहूं-मसूर के एमएसपी में सबसे ज्यादा इजाफा



*__नयी दिल्ली ।__ रबी सीजन की सबसे बड़ी फसल गेहूं के एमएसपी को 7 फीसदी बढ़ाकर 2,275 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। मसूर के एमएसपी में 425 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गयी हैं ।*

केंद्र सरकार ने विपणन वर्ष 2024-25 के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। रबी सीजन की सबसे बड़ी फसल गेहूं के एमएसपी में 7 फीसदी इजाफा किया गया है। इतना ही इजाफा मसूर के एमएसपी में हुआ। तिलहन फसलों के एमएसपी में 2.5 से 4 फीसदी तक बढ़ोतरी की गई है। रबी सीजन की प्रमुख दलहन फसल चने के एमएसपी में 2 फीसदी इजाफा हुआ है। देश में जल्द ही रबी फसलों की बोआई शुरू होने वाली है। ऐसे में एमएसपी में बढ़ोतरी की घोषणा से इन फसलों की बोआई को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

**रबी फसलों के एमएसपी में 7 फीसदी तक बढ़ोतरी** - गेहूं का एमएसपी 150 रुपये बढ़ाकर 2,275 रुपये किया गया है। इसके एमएमपी में सबसे ज्यादा 7 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। जौ का एमएसपी 1,735 रुपये से बढ़कर 1,850 रुपये हो गया है। रबी सीजन की प्रमुख तिलहन फसल सरसों का एमएसपी 5,450 रुपये से बढ़ाकर 5,650 रुपये किया गया है। इस तरह सरसों के एमएसपी में 3.5 फीसदी से ज्यादा इजाफा हुआ है।

**कुसुम का एमएसपी बढ़कर 5,800 रुपये प्रति क्विंटल रुपये** - कुसुम का एमएसपी 5,650 रुपये से बढ़कर 5,800 रुपये प्रति क्विंटल रुपये हो गया है। चना रबी सीजन की सबसे बड़ी दलहन फसल है। इसका एमएसपी 5,335 रुपये से बढ़ाकर 5,440 रुपये क्विंटल किया गया है। मसूर के एमएसपी में 425 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के साथ मसूर का एमएसपी अब 6,000 रुपये से बढ़कर 6,425 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है।

| फसल | 2023-24 | 2024-25 |
|---|---|---|
| -गेहूं | 2,125 | 2,275 |
| -जौ | 1,735 | 1,850 |
| -चना | 5,335 | 5,440 |
| -मसूर | 6,000 | 6,425 |
| -सरसों | 5,450 | 5,650 |
| -कुसुम | 5,650 | 5,800 |

दोनों विपणन वर्ष के एमएसपी के आंकड़े रुपये प्रति क्विंटल में है।

# गेहूं की कीमत 8 महीने की रिकॉर्ड ऊंचाई पर

*__नयी दिल्ली ।__ त्यौहारी मांग से गेहूं भी पर महंगाई का असर दिखने लगा है। मंडियों में सप्ताह भर से गेहूं के दाम में तेजी बनी हुई है और इसके भाव 8 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गए हैं। त्यौहारों पर मांग बढ़ने के साथ ही गेहूं की सीमित आपूर्ति के कारण भी कीमतों में तेजी आई है। कारोबारियों का कहना है कि गेहूं आगे और महंगा हो सकता है।*

**कैसा रहा मंडियों में गेहूं का भाव** - दिल्ली के गेहूं कारोबारी ने कहा कि सप्ताह भर में गेहूं की थोक कीमतों में 150 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी आ चुकी है। दिल्ली की मंडी में गेहूं 2,750 रुपये क्विंटल बिक रहा है।

**और बढ़ेगी गेहूं की मांग** - कारोबारियों का कहना है कि अभी त्योहार शुरू ही हुए हैं। आगे शादियों का भी सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में गेहूं की मांग और बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति सीमित बनी रही तो गेहूं के दाम 100 रुपये क्विंटल और बढ़ सकते हैं। अगर सरकार गेहूं की कीमतों को काबू में रखना चाहती है तो उसे आटा मिलों को अधिक मात्रा में गेहूं देना चाहिए। सरकार को गेहूं की कीमतें कम करने के लिए शुल्क मुक्त आयात की अनुमति देने की जरूरत है।

**5 राज्यों में होने हैं चुनाव, क्या उपाय अपनाएगी सरकार?** - गेहूं की बढ़ती कीमतों का असर महंगाई पर भी दिखता है। एक महीने के भीतर 5 अहम राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और अगले साल लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं और इसी बीच गेहूं महंगा हो रहा है। ऐसे में लोग कयास लगा रहे हैं कि सरकार गेहूं की आपूर्ति बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए अपने स्टॉक से ज्यादा गेहूं जारी कर सकती है और आयात शुल्क हटा सकती है। जानकारी के मुताबिक इस साल सरकार 341 लाख टन के लक्ष्य के मुकाबले किसानों से 262 लाख टन ही गेहूं खरीद पाई है।

कारोबारियों का कहना है कि सरकार भले ही 2023 में गेहूं का उत्पादन बढ़कर 11.27 करोड़ टन होने का दावा करे। लेकिन वास्तविकता यह है कि उत्पादन 10 करोड़ टन से कम रह सकता है। देश में 1 अक्टूबर तक सरकारी गोदामों में गेहूं का स्टॉक 240 लाख टन था, जो 5 साल के औसत 376 लाख टन की तुलना में काफी कम है।

# डॉलर हुआ मजबूत, गिरता रुपया जेब के लिए है खतरनाक?



*__नयी दिल्ली ।__ भारतीय रुपया लगातार डॉलर के मुकाबले कमजोर हो रहा है। इसका सीधा असर जेब पर पड़ रहा है। देश की इकॉनमी तो कमजोर होती ही है, साथ में आपके घर का भी बजट बिगड़ता जाता है। जानकारों को लगता है कि देश के अंदर सरकार सही फैसले नहीं ले रही है। आज रुपए की कीमत 83.28 प्रति 1 डॉलर की कीमत है।*

रुपए की बात करें तो बाहरी फैक्टर इसके लिए जिम्मेदार रहते हैं। अभी इजराइल और हमास के बीच में वॉर के चलते विश्व के साथ भारत के रुपए पर भी प्रेशर बन रहा है। आज कच्चे तेल के दाम 92 डॉलर के पास पहुंच गई है। जिसके लिए सरकार को ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। साथ में वॉर के चलते अभी स्थिति गंभीर है। इसलिए करेंसी स्टेबल नहीं हो पा रही है। रुपए के कमजोर होने के बाद आरबीआई फॉरेक्स रिजर्व को बाहरी मार्केट में सेल करने लग जाता है, जिससे देश के अंदर ज्यादा हालत ना बिगड़ें। वहीं सरकार लोन की दर को बढ़ा देती है। जिससे आम आदमी की ईएमआई बढ़ जाती हैं। यानी कहीं ना कहीं देश के अंदर महंगाई बढ़ना शुरू हो जाती है।

### आम आदमी पर क्या पड़ता है असर

आम आदमी की बात करें तो रिजर्व कम होने से इंपोर्ट महंगा होना शुरू हो जाता है। जिससे देश के अंदर कीमतें बढ़ना शुरू हो जाती हैं। इसके अलावा कच्चा तेल महंगा होने से पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ जाते हैं और फिर सब्जी से लेकर सारा कच्चा माल महंगा हो जाता है। इसलिए कहा जाता है कि रुपया डॉलर के मुकाबले मजबूत होना चाहिए।

# कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से सेंसेक्स 551 अंक फिसला



*__मुंबई ।__ कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को करीब एक प्रतिशत की गिरावट आई। कारोबारियों ने कहा कि बैंक, वित्तीय सेवाएं और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 551.07 अंक यानी 0.83 प्रतिशत गिरकर 65,877.02 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान एक समय यह 585.99 अंक यानी 0.88 प्रतिशत टूटकर 65,842.10 अंक तक आ गया था।*

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का मानक सूचकांक निफ्टी भी 140.40 अंक यानी 0.71 प्रतिशत के नुकसान के साथ 19,671.10 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस में सबसे ज्यादा करीब तीन प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक और इंडसइंड बैंक के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए। इस रुख के उलट टाटा मोटर्स, सन फार्मा, मारुति और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर लाभ में रहे।

अन्य एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। वहीं दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की लाभ के साथ बंद हुए। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजार नुकसान में थे। अमेरिकी बाजार मंगलवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।

इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.36 प्रतिशत की उछाल के साथ 92.92 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 263.68 करोड़ रुपये की लिवाली की।

## आईटी कंपनी विप्रो का मुनाफा 14.41 फीसदी घटा




आईटी कंपनी विप्रो ने सितंबर तिमाही के नतीजे घोषित कर दिए है। इस तिमाही कंपनी का मुनाफा 14.41 फीसदी घटा है और यह मुनाफा 2 हजार 649.1 करोड़ रु से घटकर 2 हजार 267.3 करोड़ रुपये पर आ गया है। वही, कंपनी की आय में भी 1.39 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है और विप्रो की आय 22 हजार 831 करोड़ रु से घटकर 22515.9 करोड़ रु पर आ गई है। कंपनी ने नतीजे के साथ ही यह भी बताया कि कंपनी में 30 सितंबर 2023 तक कर्मचारियों की कुल संख्या 2 लाख 44 हजार 707 है। वहीं दूसरी तिमाही में एट्रीशन 15.5 फीसदी रही है। दूसरी तिमाही में विप्रो की डॉलर आय तिमाही आधार पर 2.78 बिलियन डॉलर से घटकर 2.71 बिलियन डॉलर रही है। **शेयर का हाल**-विप्रो का शेयर पिछले 6 महीने में लगभग 12.92 फीसदी बढ़ा है। वही, अगर इस कंपनी के शेयर का पिछले 5 कारोबारी दिनों की बात करें तो यह शेयर पिछले 5 कारोबारी दिनों में करीब 3 फीसदी गिरा है।

# सरकार ने चीनी निर्यात पर लगे प्रतिबंध को 31 अक्टूबर से आगे बढ़ाया

*__नयी दिल्ली ।__ सरकार ने चीनी निर्यात पर लगे अंकुश को इस साल 31 अक्टूबर से आगे अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। इस कदम का मकसद त्योहारी सीजन के दौरान घरेलू बाजार में चीनी की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इससे पहले चीनी निर्यात पर इस साल 31 अक्टूबर तक के लिए अंकुश लगाए गए थे।*

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने बुधवार को एक अधिसूचना में कहा, चीनी (कच्ची चीनी, सफेद चीनी, परिष्कृत चीनी और जैविक चीनी) के निर्यात पर अंकुश 31 अक्टूबर, 2023 से आगे बढ़ा दिया गया है। यह अगले आदेश तक लागू रहेगा। अन्य शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि अधिसूचना में यह स्पष्ट किया गया है कि ये अंकुश सीएक्सएल और टीआरक्यू शुल्क छूट कोटा के तहत यूरोपीय संघ और अमेरिका को भेजी जाने वाली चीनी पर लागू नहीं होंगे।



सीएक्सएल और टीआरक्यू (शुल्क दर कोटा) के तहत एक निश्चित मात्रा में चीनी का निर्यात किया जाता है। अंकुश वाली श्रेणी के तहत किसी निर्यातक को चीनी निर्यात करने के लिए सरकार से लाइसेंस या अनुमति लेने की जरूरत होती है। भारत दुनिया में चीनी का सबसे बड़ा उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। सरकार पूरे देश में चीनी की स्थिति की निगरानी रख रही है।

इसमें चीनी उत्पादन, उपभोग, निर्यात, थोक और खुदरा बाजारों में मूल्य रुझान शामिल हैं। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) का अनुमान है कि चालू विपणन सत्र 2023-24 में चीनी का उत्पादन 317 लाख टन रहेगा। उत्पादन का यह आंकड़ा एथनॉल के लिए 45 लाख टन अलग करने के बाद का है। घरेलू मांग 280 लाख टन रहने का अनुमान है। वहीं चीनी का शुरुआती स्टॉक 55 लाख टन रहेगा। इससे पिछले 2022-23 के विपणन वर्ष में एथनॉल के लिए 42 लाख टन निकालने के बाद चीनी का उत्पादन 328 लाख टन रहा था। उद्योग ने 2022-23 में 61 लाख टन चीनी का निर्यात किया था। खाद्य मंत्रालय ने इतनी ही चीनी के निर्यात की अनुमति दी थी। भारत ने 2021-22 के विपणन वर्ष में रिकॉर्ड 112 लाख टन चीनी का निर्यात किया था।

# एचडीएफसी बैंक के निदेशक मंडल ने तिमाही और छमाही के परिणामों को मंजूर दी

*__नयी दिल्ली ।__ एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने सोमवार, 16 अक्टूबर, 2023 को मुंबई में आयोजित अपनी बैठक में 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए बैंक (इंडियन जीएएपी) परिणामों को मंजूरी दे दी।*

**कंसोलीडेटेड वित्तीय परिणाम** -30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए बैंक का समेकित शुद्ध राजस्व 114.8 प्रतिशत बढ़कर66,317 करोड़ हो गया, जो 30 सितंबर, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए 30,871 करोड़ था। 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए कर पश्चात समेकित लाभ 16,811 करोड़ था जो कि 30 सितंबर, 2022 को समाप्त तिमाही की तुलना में 51.1 प्रतिशत अधिक था। 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए प्रति शेयर आय 22.2 थी और 30 सितंबर, 2023 तक प्रति शेयर बुक वैल्यू 552.5 थी। 30 सितंबर, 2023 को समाप्त छमाही के लिए कर पश्चात समेकित लाभ 29,182 करोड़ था, जो 30 सितंबर, 2022 को समाप्त छमाही की तुलना में 40.9प्रतिशत अधिक रहा है।

**स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम - लाभ और हानि खाता** - 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में बैंक का शुद्ध राजस्व 33.1 प्रतिशत बढ़कर 38,093 करोड़ हो गया, जो 30 सितंबर, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए 28,617 करोड़ था।

30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए शुद्ध ब्याज आय (ब्याज अर्जित कम ब्याज) 30.3 प्रतिशत बढ़कर 27,385 करोड़ हो गई, जो 30 सितंबर, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए 21,021 करोड़ थी। तिमाही के लिए मुख्य शुद्ध ब्याज मार्जिन 3.65 प्रतिशत था और कुल एसेट्स और ब्याज आय वाली वाली एसेट्स का शुद्ध ब्याज मार्जिन 3.85प्रतिशत था।

# 'वर्ल्ड फूड इंडिया' का आयोजन 3 नवंबर से

## सरकार को 75,000 करोड़ रुपये का निवेश मिलने की उम्मीद



***नयी दिल्ली ।सरकार को 'वर्ल्डफूड इंडिया' के दूसरे संस्करण में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 75,000 करोड़ रुपये का निवेश मिलने की उम्मीद है। 'वर्ल्ड फूड इंडिया' के दूसरे संस्करण का आयोजन राष्ट्रीय राजधानी में तीन से पांच नवंबर तक किया जा रहा है।***

इसके पहले संस्करण का आयोजन 2017 में हुआ था। लेकिन उसके बाद के वर्षों में कोविड-19 महामारी की वजह से इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन नहीं हो सका था। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने बुधवार को कहा, ''हमने प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) से यहां प्रगति मैदान में आयोजित होने वाले वर्ल्ड फूड इंडिया-2023 का उद्घाटन करने का अनुरोध किया है। समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मौजूद रहेंगी।''उन्होंने कहा कि देश के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश की काफी संभावनाएं हैं। ''कुछ कंपनियां पहले ही सांकेतिक रूप से निवेश प्रतिबद्धता जता चुकी हैं जिसकी घोषणा वर्ल्ड फूड इंडिया-2023 के दौरान की जाएगी। मंत्री ने कहा, ''रणनीतिक कारणों से चीन को इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है।''उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में 16 देश, 23 राज्य सरकारें, 11 केंद्रीय मंत्रालय और केंद्रीय निकाय भाग लेंगे। इसमें 950 प्रदर्शकों और 75,000 आगंतुकों के आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड फूड इंडिया-2023 के लिए नीदरलैंड भागीदार देश होगा, जबकि जापान और वियतनाम केंद्रित देश होंगे। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में अतिरिक्त सचिव मिन्हाज आलम ने अपनी प्रस्तुति में कहा कि विभिन्न कंपनियों से पहले ही करीब 642 करोड़ रुपये के सांकेतिक निवेश की प्रतिबद्धता मिल चुकी है। इसके अलावा कुछ विदेशी कंपनियों ने भी मौखिक रूप से निवेश का भरोसा दिलाया है। आलम ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हम इस बार 75,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की उम्मीद कर रहे हैं।'' वर्ल्ड फूड इंडिया के पहले संस्करण में मिली निवेश प्रतिबद्धताओं पर उन्होंने कहा, ''हमें 75,000 करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धताएं मिली थीं। इसमें से 23,000 करोड़ रुपये का निवेश आ चुका है।''

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 16000-17000, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7500-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-11500, फाइन 11500-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10500-11000,फाइन 11000-11500।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3100, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3400-3500, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5200-5500 दुबराज भाटापारा 5000-5100, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5800-6000, बासमती कनकी चालू 2800-3000, बासमती कनकी मीडियम 3500-3700, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 9000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4100-4300, फाइन 4300-4400, मुरमुरा-5500-6000, फाइन- 7000-7500, रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-61500 चांदी टंच-73200
चांदी रिफाइन -74300

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन
भाव-61500 चांदी टंच-73200
चांदी रिफाइन -74300

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.25 |
| एक यूरो | 87.76 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 101.18 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 52.83 |
| एक जापानी येन | 00.55 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 106 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-126 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 150 रु. कि लो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6900, 6 एम एम 6900, 8 एम एम 6400, 10 एम एम 6250,12 एम एम, 6200 एवं 16 एम 6200 रु.। तार- 78 रु. किलो।

**देशबन्धु**

**ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

**बिना ऑपरेशन**

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# ढेकहा तिराहे में उपद्रवियों ने मचाया बवाल, कार जलाई, दुकानों में की तोड़फोड़



## कई पुलिसकर्मी व श्रमिक घायल, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**रीवा, देशबन्धु।** शहर के ढेकहा तिराहे में बुधवार को एक मजदूर को कथित रूप से चाकू मारने की बात पर ढाई घंटे तक ढेकहा तिराहे पर तनाव के हालात बन गये। मजदूरों ने जमकर बवाल मचाया, पुलिस पर हमला किया और एक कार को आग के हवाले कर दिया। इस घटना में कई मजदूर और पुलिस कर्मी घायल हुये हैं, जिन्हें संजय अस्पताल में उपचार के लिये ले जाया गया है।

इस संबंध में जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह 10 बजे सिविल लाइन थाना इलाके में आस्था मेडिकल स्टोर के सिक्योरिटी गार्ड से मजदूर की झड़प हुई। अफवाह फैली कि मजदूर की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। जबकि, पुलिस का कहना है कि गार्ड ने चाबी के छल्ले से मजदूर को मारा था। अफवाह पर 500 से ज्यादा मजदूर ढेकहा चौराहे पर जमा हो गए। उन्होंने मेडिकल स्टोर के मालिक की कार जला दी। स्टोर पर पथराव किया। दूसरी दुकानों में भी तोड़फोड़ की। मजदूरों ने ढेकहा चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। मौके पर सिविल लाइन थाने से पुलिस पहुंची। लेकिन मजदूरों की संख्या बहुत ज्यादा थी। पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया, तभी कुछ मजदूरों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। लाठी से भी हमला किया।

झड़प में सिविल लाइन थाने के टीआई जेपी पटेल, कोतवाली टीआई रूपलाल उईके समेत 10 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। कुछ मजदूरों को भी चोट पहुंची है। बाद में मौके पर आसपास के थानों से भारी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंचा। इंडियन तिब्बत बॉर्डर पुलिस के जवानों ने मोर्चा संभाला। तब जाकर स्थिति पर काबू पाया जा सका।

आस्था मेडिकल स्टोर के मालिक प्रकाश मिश्रा ने आरोप लगाते हुये बताया कि उनकी दुकान के सामने बड़ी संख्या में मजदूर जमा होते हैं। इनमें से आधे नशे में रहते हैं। गांजा और शराब पीकर झगड़ते हैं। बुधवार को भी दो मजदूर आपस में झगड़ रहे थे। गार्ड ने रोका तो उस पर हमला बोल दिया। हम पहुंचे तो पथराव करने लगे। कार जला दी। प्रशासन से अनुरोध है कि मजदूरों के लिए कोई जगह तय की जाए।

### डेढ़ घंटे तक कोई सीनियर अधिकारी नहीं आया

सामाजिक कार्यकर्ता ब्रजेंद्र गौतम ने बताया कि मजदूर काफी आक्रोशित थे। स्थानीय लोगों ने साहस नहीं किया होता तो पूरे इलाके में आग फैल गई होती। प्रशासन की नाकामी है। डेढ़ घंटे तक तो कोई सीनियर अधिकारी नहीं आया। दो से ढाई घंटे हंगामा चला है।

### सीसीटीवी फुटेज देखकर आरोपियों पर एक्शन होगाः एडीजीपी

एडीजीपी केपी वेंकटेश्वर राव ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड ने मजदूर को चाबी के छल्ले से मारा। रीवा एसपी विवेक सिंह ने बताया कि ढेकहा चौराहे पर हर सुबह मजदूर जमा होते हैं। बुधवार को भी यहां 250 से 300 मजदूर थे। उनका सिक्योरिटी गार्ड के साथ विवाद हुआ। इसके बाद मजदूरों की संख्या बढ़कर 400 से 500 हो गई। उन्होंने पथराव किया। दुकानों को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। कार जला दी। पुलिस के साथ भी मारपीट की। स्थिति अब नियंत्रण में है। सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई करेंगे। आरोपियों को जल्द कार्रवाई की जायेगी।



**जबलपुर, देशबन्धु।** नवरात्र शुरू होते ही घमापुर क्षेत्र के सैकड़ों वर्ष पुराने शीतलामाता मंदिर में श्रृद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। यहां प्रतिदिन शीतलामाता का मनमोहक श्रृंगार किया जाता है, जिससे माता की सुंदर छवि भक्तों के मन को भक्तिभाव से सराबोर कर देती है। यहां सुबह से देर रात तक भक्तों की भीड़ दर्शन के लिये आ रही है।

# मॉक ड्रिल में कर्मचारियों के भूखे रहने की बात गलत, अधिकारी बोले- सभी को मिला पर्याप्त भोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** भेड़ाघाट स्टेशन पर बीते दिनों हुई मॉकड्रिल में एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन(एआरटी) स्टाफ व एनडीआरएफ और रेल कर्मियों को मौकड्रिल के दौरान पर्याप्त भोजन न मिले की जानकारी गलत पायी गई। जिसमें पूर्व में मिली जानकारी के अनुसार कर्मियों के लिये 5 लाख रूपये की राशि आवंटित की गई थी। जिसमें रेल प्रशासन को एआरटी स्टाफ के साथ अन्य विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिये भोजन का इंतजाम करना बताया गया था। जिसमें इन सभी के भोजन के बाद कई कर्मी भूखे ही रह गये थे। इसमें अब आधिकारिक जानकारी सामने आयी है, जिसमें रेलवे के अखिलेश नायक सहायक वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर/पमरे ने देशबन्धु को लिखित जानकारी देते हुये बताया कि पिछले तथ्य गलत हैं। सही वस्तुस्थिति यह है कि भेड़ाघाट स्टेशन पर हुये रेलवे की मॉकड्रिल में रेलवे के अधिकारियों से प्राप्त 215 भोजन पैकेट की मांग के विपरीत 370 पैकेट वाणिज्य विभाग द्वारा मॉकड्रिल के उपरांत रेलवे स्टाफ में वितरित किये गए थे। मॉकड्रिल स्थल पर किसी भी व्यक्ति ने भोजन नहीं मिलने जैसी कोई शिकायत किसी भी अधिकारी से नहीं की थी। मॉकड्रिल के दूसरे दिन इस संबंध में अनर्गल जानकारी समाचार पत्रों को देकर अज्ञात लोगों ने रेलवे की छवि धूमिल करने का प्रयास किया है। जिसके बाद देशबन्धु की टीम ने 18 अक्टूबर को प्रकाशित समाचार भूखे प्यासे घंटों काम करता रहा एटीआरटी स्टाफ का खंडन करते हुये अधिकारिक जानकारी प्रकाशित की है।

### रेलवे की छवि धूमिल करने का हो रहा प्रयासः पमरे

# दमोह सीएमओ को 6 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म की धमकी

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह जिले में सीएमओ को नगर पंचायत के अध्यक्ष के रिश्तेदार ने फोन पर गालियां देते हुये उनकी 6 वर्ष की मासूम बेटी के साथ गलत काम करने की धमकी दे डाली। इस मामले को लेकर सीएमओ कलेक्टर से लेकर एसपी तक शिकायत लेकर पहुंची हैं। जानकारी के अनुसार दमोह जिले की सीएमओ ज्योति सुनहरे को आरोपी आशीष उर्फ सोनू विश्वकर्मा ने उनकी 6 साल की बेटी से गलत काम करने की धमकी देते हुये गंदी-गंदी गालियां दी हैं। इस मामले में सीएमओ ज्योति सुनहरे ने बताया कि बुधवार को वह जिला मुख्यालय पर चुनावी प्रशिक्षण के लिये आई थी, तभी उन्हें एक अज्ञात नंबर से नगर पंचायत अध्यक्ष सुंदरलाल विश्वकर्मा के भतीजे आशीष ने फोन पर गालियां दी और धमकी देने लगा। इतना ही नहीं उसने मेरी 6 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म करने की भी धमकी दी है। जिसके बाद सीएमओ ने इसकी शिकायत कलेक्टर मयंक अग्रवाल से की



और अब एसपी कार्यालय में आकर शिकायत दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी आशीष पहले से आपराधिक मामलों में शामिल है। जिसके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई भी पुलिस ने की है। सीएमओ ने बताया कि जब से उन्होंने सीएमओ का पदभार संभाला तभी से नपं अध्यक्ष के अनैतिक कार्यों पर रोक लगी हुई है। इसी बात की भड़ास इनके रिश्तेदार निकाल रहे हैं। सीएमओ ने बताया कि कुछ माह पहले नगर पंचायत में पथरिया विधायक रामबाई परिहार और नगर पंचायत अध्यक्ष के भाई बीच विवाद हुआ था, जिसके वीडियो वायरल हुए थे। इस मामले में उन्होंने पुलिस में लिखित आवेदन दिया था उसमें उन्होंने यह बताया था कि नगर पंचायत अध्यक्ष के भाई आए दिन कार्यालय पहुंचते हैं और शाकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करते हैं। इसी बात से नगर पंचायत अध्यक्ष का पूरा परिवार इनसे नाराज है और लगातार प्रताड़ित कर रहा है। लेकिन बुधवार को आशीष ने जो धमकी दी है उसे सीएमओ काफी डरी हुई हैं। सीएमओ ज्योति सुनहरे की शिकायत के बाद एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा ने सीएमओ से शिकायत लेकर उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### फोन पर नपं अध्यक्ष के रिश्तेदार ने दी गंदी गालियां

# भाई-बहन को रौंदते हुए खेत में घुसी यात्री बस, हालत गंभीर, जबलपुर रेफर

**उमरिया/जबलपुर, देशबन्धु।** उमरिया स्थित ग्राम रहठा से बेलसरा जा रहे मोटर साइकिल सवार भाई-बहन को यात्री बस रौंदते हुए एक खेत में जा घुसी। हादसे में भाई-बहन के शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया है। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने बस में सवार यात्रियों को अन्य सवारी वाहन से रवाना किया।

बताया गया है कि ग्राम करही से सवारी लेकर बस चालक उमरिया के लिए रवाना हुआ। बस जब रहठा से धमनी की ओर बढ़ रही थी, इस दौरान मोटर साइकिल सवार सचिन पिता प्रीतमलाल झारिया उम्र 26 वर्ष निवासी छोटी मोहनी व उसकी बहन माधुरी 25 वर्ष को टक्कर मार दी। बस की टक्कर लगते ही भाई-बहन मोटर साइकिल सहित उछलकर सामने की ओर गिरे। मोटर साइकिल को टक्कर मारने के बाद चालक बस से अपना संतुलन खो बैठा और बस अनियंत्रित होकर एक खेत में घुस गई।

हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई, वहीं राह चलते लोगों ने देखा तो रुक गए, जिन्होंने नौरोजाबाद थाना पुलिस को सूचना देते हुए घायल सचिन व माधुरी को नजदीक के अस्पताल पहुंचाया। जहां पर भाई व बहन की हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त मोटर साइकिल को सड़क से हटवाया, इसके बाद इस रोड पर यातायात शुरु हो सका। वहीं बस में सवार यात्रियों को अन्य सवारी वाहनों से गतंव्य के लिए रवाना किया गया।




# कांग्रेस नेता के बेटे को स्कूल से उठा ले गए युवक, मारपीट कर मांगे पैसे

**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी थाना अंतर्गत बुधवार की दोपहर सेंट जोसेफ स्कूल से एक छात्र को पल्सर बाइक सवार युवक जबरन उठा कर ले गए और परशुराम कुंड ले जाकर पैसे की मांग करते हुए छात्र के साथ मारपीट कर दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। घायल छात्र सेवादल कांग्रेस यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष यातेंद्र सोनी उर्फ गुड्डा का बेटा है।

इस मामले में रांझी थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए मारपीट करने वाले युवकों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित छात्र ने पुलिस को बताया कि वह सेन्ट जोसफ स्कूल में कक्षा 11 वीं में पढ़ रहा है। बुधवार 18 अक्टूबर की दोपहर 1.30 बजे स्कूल से छुट्टी होने के बाद वह अपने घर दोस्त के साथ जा रहा था। जैसे ही वह सेन्ट स्कूल से निकलकर एमपी बोर्ड स्कूल गेट के पास पहुंचा, तो पहले से सेन्ट गेब्रियल स्कूल के गेट पर खड़े युवक उससे विवाद करने लगे।

हमलावरों ने झूमाझपटी कर लात घूसों से मारने लगे। पीछे से एक युवक ने मेरे बायें तरफ पीठ में डंडे से तीन-चार बार वार किया। जिससे मेरी पीठ में दर्द हो रहा है। झूमा झपटी होने से मेरे गाल में खरोचे आई। उसके बाद मुझे घनीटते हुए गांधी चौक के पास झाड़ियों में लेकर गये और मेरे बैग में पैसे देखने लगे। जब पैसा बैग नहीं मिला तो, तीनों एक राय होकर मुझसे शराब पीने के लिये रूपयों की मांग करते हुए कहने लगे पैसा नहीं देगा और रिपोर्ट करेगा तो जान से मार देंगे। मेरे दोस्तों को आते देख तीनों वहां से भाग गये। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए मारपीट करने वाले युवकों की तलाश शुरू कर दी है।



## सी.विजिल एप से हो रहा शिकायतों का त्वरित निवारण

# अब तक मिली 1621 शिकायतें

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचरण संहिता संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी. विजिल एप तैयार किया गया है।

इस एप के जरिए कोई भी नागरिक राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन सामग्री जेवरात आदि का वितरण करने मतदाताओं को उनके पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने मतदाताओं का स्वयं के वाहन से परिवहन करने किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों पर प्रचार सामग्री लगाने या दीवार पर विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायत कर सकता है। इसके लिए नागरिक को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियों सी.विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी। श्री राजन ने बताया कि आदर्श चुनाव आचरण संहिता लागू होते ही सी. विजिल एप पर शिकायतें प्राप्त होने लगी है। अब तक प्रदेश के सभी जिलों से इस एप के माध्यम से कुल 1621 शिकायतें प्राप्त हो चुकीं हैं। इन सभी शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है।




# जंगली हाथियों ने फसलों को पहुंचाया नुकसान, दहशत में गुजर रही ग्रामीणों की रात

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल के ब्यौहारी क्षेत्र में वन विभाग लगातार हाथियों को भगाने का प्रयास कर रहा है। लेकिन वन विभाग का प्रयास अभी भी सफल नहीं हुआ है, पांच दिनों से हाथियों ने क्षेत्र में अपना डेरा जमाया हुआ है। जानकारी के अनुसार, बीट ऊपरी आर 217 एवं समधिन नर्सरी, कोठिया में खड़ी धान एवं अरहर की फसल को हाथियों के झुंड ने काफी नुकसान पहुंचाया है। क्षेत्र में लगभग 20 एकड़ से अधिक फसलों का अब तक हाथियों ने नुकसान किया है। वन विभाग के अधिकारी राजस्व अमले को मामले की खबर दी है। फसल नुकसानी का प्रकरण तैयार कर नियमानुसार उचित मुआवजा देने की बात भी कही है।

हाथियों के झुंड से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वन विभाग को अब डर सता रहा है कि ग्रामीण आक्रोशित न हो और असंतोष की स्थिति न बने, जिसकी वजह से नुकसान हुई फसल का नुकसान प्रकरण राजस्व विभाग तैयार कर आगे की कार्यवाही की जा सके।

इस क्षेत्र में पांच दिनों से हाथियों ने अपना डेरा जमाया है, जिसकी वजह से अब ग्रामीण दहशत में वहां रात गुजर रहे हैं। हालांकि, वन विभाग के साथ-साथ पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी हाथियों की निगरानी बनाए हुए हैं और उन्हें रिहायशी क्षेत्र में जाने से रोका जा रहा है। लेकिन हाथियों की संख्या 40 से अधिक बताई जा रही है। अब तक इन हाथियों के झुंड ने 20 एकड़ से अधिक फसलों का नुकसान किया है। किसान श्याम कुमार, राम सखा सहित कई किसान के खेतों में हाथियों ने फसलों को नुकसान पहुंचा दिया है।




**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 102 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 112 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 122 |

मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 126 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 116 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 106 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 106 |

मो.-9039925000, 9425800409

**आसान किस्तों में उपलब्ध**

**मिश्रा इन्टरप्राइजेज**

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड
पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
MORNING SHOW OFFER RS. @ 100/- (CONDITION APPLY)

FUKREY-3
THE MOVIE WILL LAST ONLY FOR ONE MORE DAYS
11:00 AM 11:00 PM

JAWAN
THE MOVIE WILL LAST ONLY FOR ONE MORE DAYS
02:15 PM

LEO
IN TAMIL 07:15 PM
IN TELEGU 05:30 PM
IN HINDI 10:00 AM 01:00 PM 04:15 PM 06:30 PM 10:30 PM

MISSION RANIGANJ
10:30 AM 01:00 PM 08:30 PM

GHOST
IN HINDI
03:30 PM 09:30 PM

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
**मामजेसिक**
तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव-लचकना पिंड़लियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक
५० मिली. मामजेसिक लिनिमेन्ट
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत आवश्यक
चिपचिपाहट रहित
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध
व्यवसायिक पूछताछ 9826035091